


राष्ट्रीय दैनिक

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

# प्रातःकिरण

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 हरारे में मिलेगी स्पाट पिच ! हर मैच में भारतीय स्टार्स ...

चाबहार पोर्ट को लगेंगे पंख; ईरान में दौड़ेगी भारत की ट्रेन, मुंह ताकता रह ... 12



वर्ष : 12 | अंक : 83 | पटना, गुरुवार, 04 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# हाथरस भगदड़ मामला : मृतकों की संख्या 121 हुई, अधिकांश मौतें दम घूटने से

## मृतकों में अधिकांश 40-50 वर्ष की महिलाएं, जांच जारी

प्रात : किरण

लखनऊ/एजेंसी। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में हुई भगदड़ की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 121 हो गयी है। राज्य के राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से बुधवार को यह जानकारी दी गई। राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं।

अधिकांश अनुयायियों की मौत दम घुटने के कारण हुई। हाल के वर्षों में हुई यह सबसे बड़ी त्रासदी है। कुछ लोगों का कहना है कि लोग प्रवचनकर्ता की कार के पीछे भागते समय कीचड़ में फिसल गए, जिससे भगदड़ मच गई। हाथरस जिले के फुलरई गांव में बाबा नारायण हरि द्वारा आयोजित सत्संग में शामिल होने के लिए लाखों अनुयायी पहुंचे हुए थे। बाबा नारायण हरि, साकार विश्व हरि भोले बाबा के नाम से भी लोकप्रिय हैं। राज्य के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को इस हादसे में मरने वालों की संख्या 116 बताई थी जिनमें सात बच्चे, एक पुरुष और बाकी सभी महिलाएं हैं। राहत आयुक्त द्वारा जारी की गई ताजा सूची के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़कर 121 हो गई है, जिनमें से 19 की पहचान अभी भी नहीं हो पाई है।

अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं और लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। आरोप है कि आयोजकों ने प्रशासन को 80 हजार लोगों के आने की सूचना दी थी जबकि सत्संग में ढाई लाख लोग पहुंच गए। सत्संग के मुख्य प्रवचनकर्ता सूरजपाल उर्फ भोले बाबा के प्रवचन के बाद जब वह अपनी गाड़ी में सवार होकर आयोजन स्थल से निकल रहे थे तभी अनुयायियों ने उनकी गाड़ी के मार्ग से धूल समेटना शुरू कर दिया जिससे भगदड़ मच गई।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट :** भगदड़ के दौरान अधिकांश लोगों की मौत दम घुटने के कारण हुई। पोस्टमार्टम के लिए पड़ोसी जिले एटा में भेजे गए शवों की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। एक वरिष्ठ चिकित्सक ने यह जानकारी दी। एटा के अपर मुख्य



चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम मोहन तिवारी ने बताया, यहां लाए गए 27 शवों में से 19 का पोस्टमार्टम हो चुका है जबकि कर्मचारी आधी रात के आसपास 20वें शव का पोस्टमार्टम करने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि छह शवों की पहचान होना बाकी है। तिवारी ने कहा, लगभग सभी मामलों में मौत का कारण दम घुटना पाया गया। उन्होंने बताया कि मृतकों में अधिकांश 40-50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं हैं।

**मुख्यमंत्री योगी ने घायलों का हालचाल जाना :** हाथरस में एक सत्संग के दौरान हुई भगदड़ की घटना के एक दिन बाद बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पहुंचे और जिला अस्पताल में घायलों का हालचाल जाना। सरकार ने घटना के कारणों की जांच के लिए आगरा जोन की अपर पुलिस महानिदेशक और अलीगढ़ के मंडल आयुक्त की एक टीम गठित की है जो जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंप सकती है।

**जांच के लिए विशेषज्ञ समिति की नियुक्त को लेकर उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर :** भगदड़ की घटना की जांच के लिए शीर्ष अदालत के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में बुधवार को एक याचिका दायर की गई। अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में इस घटना पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और लापरवाही बरतने के लिए अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने का उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है। याचिका में सभी राज्य सरकारों को भी यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे भगदड़ की घटनाओं से निपटने के लिए ब्लॉक/तहसील से लेकर जिला स्तर तक उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति की जानकारी दें।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यसभा की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

नई दिल्ली। राज्यसभा की बैठक को बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। उच्च सदन में राष्ट्रगीत की धुन बजाये जाने के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा के 264वें सत्र को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। वर्तमान सत्र में 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया था। उसी दिन उच्च सदन के पटल पर राष्ट्रपति के अभिभाषण की प्रति रखी गई। उसी रोज प्रधानमंत्री ने अपनी नई मंत्रिपरिषद का परिचय उच्च सदन में करवाया।

### सेना प्रमुख ने जम्मू क्षेत्र का किया दौरा

श्रीनगर। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने बुधवार को जम्मू क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम इलाकों का दौरा किया। देश के 30वें सेना प्रमुख का पदभार संभालने के बाद जनरल द्विवेदी पहली बार जम्मू-कश्मीर आए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया, सेना प्रमुख आज सुबह जम्मू के एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। सूत्रों के अनुसार उन्होंने नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम इलाकों का दौरा किया, सैनिकों से बातचीत और ऑपरेशनल तैयारियों तथा सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा ढांचे की समीक्षा की। जनरल द्विवेदी राष्ट्रीय राजधानी लौटने से पहले चल रही अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की भी समीक्षा करेंगे।

**मुख्यमंत्री ने पथों एवं पुलों के रखरखाव को लेकर की समीक्षा बैठक**

# पुलों के रखरखाव के लिये मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करें : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग व ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

- बोलें- सभी पुलों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित कराये
- पथों एवं पुलों के रखरखाव को लेकर सतर्क रहें व लगातार निगरानी करते रहें

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में पथों एवं पुलों के रखरखाव को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत एवं ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने अपने-अपने विभागों के पथों तथा पुलों के निर्माण एवं रखरखाव से संबंधित जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से बिहार के सभी क्षेत्रों में लगातार विकास के कार्य किये जा रहे हैं। लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिये बड़ी संख्या में पथों एवं पुलों का निर्माण कराया गया है।

हमलोगों का उद्देश्य सिर्फ बेहतर सड़क और पुलों का निर्माण करना ही नहीं है बल्कि उसका बेहतर रखरखाव करना भी है। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने निर्णय लिया था कि पुलों के रखरखाव के लिये मेंटेनेंस पॉलिसी बनायी जाय। पथ निर्माण विभाग ने पुलों की मेंटेनेंस पॉलिसी बना ली है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग को भी पथ निर्माण विभाग के मेंटेनेंस पॉलिसी के अनुरूप शीघ्र मेंटेनेंस पॉलिसी तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग पुलों के रखरखाव के लिये एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार कर सभी पुलों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित कराये। पथ निर्माण विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग पथों एवं पुलों के रखरखाव को लेकर सतर्क रहें और लगातार निगरानी करते रहें। कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बरतने पर जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि जितने भी पुराने पुल हैं, उसकी स्थिति की जानकारी लें और स्थल पर जाकर निरीक्षण करें। सभी पुलों के रखरखाव के लिये उचित कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जो भी निमाणाधीन पुल हैं, उसका निर्माण कार्य गुणवतापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण करायें। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, अध्यक्ष, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड अभय कुमार सिंह उपस्थित थे।

# जुलाई 2025 तक भूमि सर्वेक्षण संबंधी कार्यों को करें पूरा : सीएम

## सीएम नीतीश ने 9,888 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

- राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अन्तर्गत चयनित अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अन्तर्गत 9 हजार 8 सौ 88 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया, जिसमें 353 विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, 758 विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, 742 विशेष सर्वेक्षण लिपिक एवं 8,035 विशेष सर्वेक्षण अमीन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से 20 तथा राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने 5 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान कुल 75 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। बाकी अभ्यर्थियों को सभी जिलों में प्रभारी मंत्रियों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अंतर्गत आज जो नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है, यह बहुत अच्छा है। यह नियुक्ति पत्र वितरण का काम हमलोगों ने बहुत पहले सोचा था। मुझे खुशी है कि आज 9,888 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। अभी विस्तार से राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने सर्वेक्षण संबंधित कार्य एवं उसको पूर्ण करने के संबंध में सब कुछ बताया है। सभी जगह जमीन का झगड़ा होता है, किसका है ये तय नहीं है। जमीन को लेकर झगड़ा के चलते विवाद और हत्याएं होती है।

60 प्रतिशत मामला इससे जुड़ा होता है। हमलोगों ने वर्ष 2005 से काम करना शुरू किया तो इन सब चीजों पर भी कार्य शुरू किया। हमलोगों ने सोचा है कि जमीन से संबंधित विवाद खत्म हो, एक-एक चीज तय हो जानी चाहिए। यह तय हो जानी चाहिए कि जमीन किसकी है। इसके लिये बिहार में भूमि सर्वेक्षण कार्य शुरू किया गया। वर्ष 2013 में ऐरियल फोटोग्राफी का काम शुरू किया गया। हमारी इच्छा है कि जमीन विवाद समाप्त हो और समाज में शांति का माहौल रहे। आप सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों से उम्मीद है कि मन लगाकर सर्वेक्षण कार्य को तेजी से पूर्ण करेंगे। अपर मुख्य सचिव और मंत्री से मैं कहूँगा कि जुलाई 2025 तक कार्य को पूर्ण करें। भूमि सर्वेक्षण संबंधी कार्य जितना जल्दी पूर्ण हो जायेगा तो भूमि विवाद समाप्त हो जायेगा और आपस में सभी प्रेम और भाईचारे के साथ सभी रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज के इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी एवं जिलों के प्रभारी मंत्री भी जुड़े हुये हैं, सभी कार्यों की निगरानी करते रहें। नवनियुक्त कर्मियों को मैं अपनी शुभकामनायें देता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि अपने कार्यों का निष्पादन बेहतर ढंग से करते हुये तेजी से पूर्ण करेंगे।

कार्यक्रम को राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह ने हरित पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया।

**ये रहें मौजूद :** इस अवसर पर राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं नवनियुक्त अभ्यर्थीगण उपस्थित थे जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के प्रभारी मंत्री एवं जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# सीवान में गंडक नहर पर बना पुल धंसा, कई गांवों का संपर्क टूटा

प्रात : किरण



सीवान। बिहार के सीवान में गंडकी नदी (गंडक नहर) पर बना पुल का एक पिलर नदी में धंस गया, जिससे पुल का एक छोर नदी में ढह गया। यह पुल दारौंदा प्रखंड अंतर्गत देवरिया और भीखा बांध गांव की सीमा पर स्थित है। पुल के जर्जर होने को लेकर आसपास के गांव के लोगों ने बीते 22 जून को विरोध प्रदर्शन भी किया था, जिसके बाद अधिकारियों ने इसकी मरम्मत भी करायी थी। बावजूद इसके बुधवार सुबह करीब 5 बजे पुल का एक पिलर नदी में धंस गया। 22 जून के विरोध प्रदर्शन के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने पथ निर्माण विभाग द्वारा सभी पुल का सर्वे कराया था। यह पुल गरौली से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते दिन हुई भारी बारिश के चलते पानी का स्तर बढ़ गया और बहाव तेज होने से पुल धंस गया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन ने नहर की सफाई कराई थी। इस दौरान बिना मानक का ध्यान रखे नहर के किनारे जेसीबी से मिट्टी की कटाई की गई थी। जिसके चलते पिलर के किनारे से भी मिट्टी हटाई गई। इस पुल के गिर जाने से लगभग एक दर्जन से ज्यादा गांवों के लोगों का महाराजगंज मुख्यालय से संपर्क टूट गया है।।

**डबल इंजन की सरकार में 15 दिन में 10 पुल जल समाधि ले चुके : तेजस्वी**

पटना। बिहार में लगातार पुल गिरने की मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार पर जमकर हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि बुधवार को बिहार में एक ही दिन में चार पुल गिर गए, बीजेपी और नीतीश कुमार की बिहार में 18 वर्षों की रिकॉर्डतोड़ ईमानदारी एवं सुशासनी नेकचलनी के सौजन्य से 15 दिन में अभी समाचार लिखे जाने तक कुल 10 पुल जल समाधि ले चुके है। डबल इंजन सरकार अब इसका दोष भी विपक्ष को देकर अपने कर्तव्यों, सुशीलता से परिपूर्ण वसूली तंत्र एवं डबल इंजन पॉवर्ड भ्रष्टाचार का इतिश्री कर सकती है।

**बिहार में बाढ़ को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिलने के बाद बोलें जदयू सांसद**

# आपदा को अवसर में बदलेगी बिहार सरकार : संजय झा

प्रात : किरण



पटना। बिहार में बाढ़ का स्थायी समाधान निकालने की पहल शुरू हो गई है। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि एनडीए की डबल इंजन की सरकार उत्तर बिहार में हर साल बाढ़ के रूप में आने वाली आपदा को अवसर में तब्दील करेगी। जदयू के राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने इसकी पूरी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए शेयर की है। उन्होंने बताया कि बिहार के विकास तथा उत्तर बिहार में बाढ़ के दीर्घकालिक समाधान से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से संसद भवन स्थित उनके कक्ष में मुलाकात की, जो काफी सार्थक रही। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इस बैठक में केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देबश्री मुखर्जी के अलावा वित्त, विदेश और जल शक्ति मंत्रालय के कुछ वरीय अधिकारी भी शामिल हुए। इस महत्वपूर्ण मीटिंग में उत्तर बिहार में बाढ़ के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से बेहतर जल प्रबंधन का एक विस्तृत खाका तैयार करने के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा हुई। झा ने अपने पोस्ट में लिखा, बैठक में मैंने विस्तार से बताया कि नेपाल से आने वाली नदियों में बाढ़ उत्तर बिहार के विकास की राह में कितनी बड़ी बाधा है। साथ ही, बाढ़ से जानमाल की सुरक्षा के कार्यों, राहत एवं पुनर्वास के उपायों में बिहार सरकार को हर साल बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है, जिससे राज्य का विकास प्रभावित होता है। बिहार के जल संसाधन मंत्री के रूप में काम करने के अपने अनुभवों के आधार पर मैंने इसके समाधान के लिए कई सुझाव भी दिये और सभी ने मेरे सुझावों को गंभीरता से सुना। झा ने बताया कि बैठक में तय किया गया कि एक उच्चस्तरीय समिति उत्तर बिहार की विभिन्न नदियों के जल के बेहतर प्रबंधन के लिए नये बराज एवं अन्य संरचनाओं के निर्माण की संभावनाओं का पता लगाएगी। केंद्रीय जल आयोग द्वारा पांच सदस्यीय समिति का गठन भी कर दिया गया। समिति में लोअर गंगा बेसिन ऑर्गेनाइजेशन, पटना के मुख्य अभियंता अंबरीश नायक को चेयरमैन, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग के डायरेक्टर संजीव कुमार, केंद्रीय जल आयोग के तहत बीसीडी के डायरेक्टर एस के शर्मा और जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार के प्रतिनिधि को सदस्य जबकि एलजीबीओ के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर को सदस्य सचिव बनाया गया है। इस समिति को अपनी एक प्रारंभिक रिपोर्ट जल्द ही सौंपनी है। उन्होंने कहा कि बाढ़ का दीर्घकालिक समाधान होने और अधिशेष नदी जल का सिंचाई में अधिकतम उपयोग होने पर संपूर्ण उत्तर बिहार में तेजी से विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

**चर्चा**

**प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष पर कसा तंज**

# छात्रों के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्रवाई: मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेपर लीक को एक बड़ी समस्या बताते हुये बुधवार को राज्यसभा में कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी और किसी को छोड़ा नहीं जायेगा। मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जबाव देते हुये कहा कि पेपर लीक एक बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि सभी दलों को दलीय राजनीति से ऊपर उठकर इस मुद्दे पर एक साथ आकर बात करनी चाहिए थी लेकिन युवाओं के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे को भी राजनीति की भेंट चढ़ा दिया।

उन्होंने कहा कि देश के नौजवानों के साथ खिलवाड़ करने वालों को छोड़ा नहीं जायेगा और उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। पूरे तंत्र को मजबूत बनाया जा रहा है ताकि देश के युवा अपने हक को प्राप्त करे और उनको किसी चीज की चिंता नहीं हो। उल्लेखनीय है कि नीट के पेपर लीक होने के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाने वाली कई प्रवेश परीक्षायें रद्द की गयी है या टाल दी गयी है। नीट पेपर लीक की जांच अभी सीबीआई कर रही है। इस मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुयी है।

**मणिपुर की आग में घी डालने वालों को छोड़ा नहीं जायेगाः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि मणिपुर में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रायसरत है लेकिन वहां आग में घी डालने का काम करने वालों को छोड़ा नहीं जायेगा। कहा कि मणिपुर के संबंध में पिछले सत्र में विस्तार से बात की गयी थी और वहां स्थिति को समाान्य बनााने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।

इस संबंध में 11 हजार से अधिक प्राथमिकी दर्ज की गयी है और पांच सौ से ज्यदा लोग गिरफ्तार हुए हैं। वहां हिंसा की घटनायें कम हो रही है। शांति का भरोसा बढ़ रहा है। मणिपुर के अधिकांश हिस्सों में स्कूल खुल रहे हैं। स्थिति सामान्य है। देश



के अन्य हिस्सों की तरह ही वहां भी परीक्षायें हुयी है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री स्वयं वहां गये थे और कई दिनों तक रहकर स्थिति की निगरानी की है। गृह राज्य मंत्री भी कई दिनों तक मणिपुर में रहे हैं और स्थिति का जायजा लिया है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार सभी के साथ बातें कर रही है। इस समय मणिपुर में बाढ़ का भी संकट चल रहा है। केन्द्र सरकार राज्य सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें वहां पहुंची है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर वहां स्थिति को सामान्य बनाने की कोशिश की जानी चाहिए। जो लोग मणिपुर की आग में घी डालने का काम रहे हैं उन्हें छोड़ा नहीं जायेगा।

कांग्रेस को यह पता होना चाहिए कि मणिपुर में 10 बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। वर्ष 1993 में भी मणिपुर में इसी तरह की घटनाओं का क्रम चला था और पांच सालों तक चला था। स्थितियों को सामान्य करने का प्रयास करना है। शांति लाने का भारपूर प्रयास किया जा रहा है।

**देश की जनता ने कामकाज को प्राथमिकता दी हैः** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि देश की जनता ने कामकाज को प्राथमिकता दी है और जनता ने दस वर्षों की सिद्धियों पर मुहर लगाई तथा भविष्य के संकल्पों पर भरोसा जताया है। कहा कि संविधान केवल शब्दों और वाक्यों का संयोजन ही नहीं है बल्कि किसी भी सरकार के लिए दिशा निर्देशक भी है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष में सरकार ने संविधान के अनुरुप काम किया है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रति लेकर इधर उधर घूमने वाले लोगों ने संविधान दिवस मनाने का विरोध किया था।

उन्होंने कहा, मेरे जैसे अनेक लोगों को बाबा साहेब के संविधान ने ही उच्च पदों पर बैठने का मौका और सेवा का मौका दिया है। जनता ने तीसरी बार सेवा करने पर मुहर लगायी। संविधान हमारे लिए अनुच्छेद का संग्रह नहीं है। उसका अनुच्छेद बहुत महत्वपूर्ण है। किसी भी सरकार की कार्यप्रणाली के लिए लाइट हाउस का काम करता है। मार्गदर्शन करता है। हमारी सरकार द्वारा जब कहा गया है कि 26 नवंबर को हम संविधान दिवस मनायेगें तो आज संविधान की कॉपी लेकर घूमने वालों ने विरोध किया था और कहा था कि 26 जनवरी इसके लिए है। एक एक महापुरूषों ने संविधान के निर्माण में योगदान दिया।

# हिंसा, नफरत फैलाने वाले भाजपा के लोग, हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों को नहीं समझते: राहुल

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि हिंसा और नफरत फैलाने वाले भाजपा के लोग हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों को नहीं समझते। उन्होंने गुजरात में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा कथित तौर पर पथराव किए जाने की निंदा करते हुए यह टिप्पणी की। राहुल गांधी द्वारा कथित तौर पर लोकसभा में की गई हिंदू विरोधी टिप्पणियों के खिलाफ मंगलवार को अहमदाबाद में गुजरात प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के समक्ष आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान मुख्य विपक्षी पार्टी और सत्तारूढ़ भाजपा के कार्यकताओं के बीच झड़प हो गई और दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर पथराव किया। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा कार्यकताओं ने उसके प्रदेश कार्यालय पर पथराव किया। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, गुजरात कांग्रेस कार्यालय पर हुआ कायरतापूर्ण और हिंसक हमला भाजपा और संघ परिवार के बारे में मेरी बात को और पुख्ता करता है। हिंसा और नफरत फैलाने वाले भाजपा के लोग हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों को नहीं समझते। उन्होंने कहा कि गुजरात की जनता उनके झूठ के आरपार साफ देख सकती है और इसके लिए वह भाजपा सरकार को निर्णायक सबक सिखाएगी। कांग्रेस नेता ने कहा, मैं फिर से कह रहा हूं कि गुजरात में इंडिया गठबंधन जीतने वाला है।

## संक्षिप्त खबरें

### दवा दुकान खोलने को लोन की मांग कर रहे बिहार के फार्मासिस्ट

पटना सिटी, बिहार के फार्मासिस्टों ने राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए आग्रह किया है। फार्मासिस्टों ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा है। इसमें उन्होंने राज्य में फार्मासिस्टों की दयनीय स्थिति को उजागर किया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि हर वर्ष 10 हजार से अधिक छात्र फामेर्सी शिक्षा ग्रहण करते हैं, लेकिन रोजगार के सीमित अवसर होने के कारण उन्हें गंभीर आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बिहार के मेडिकल स्टोरों पर फार्मासिस्टों की अनुपलब्धता के कारण दवाओं के दुष्प्रभाव के मामले बढ़ते जा रहे हैं। ड्रग एवं कॉस्मेटिक एक्ट और फामेर्सी एक्ट के तहत यह आवश्यक है कि मेडिकल स्टोर का संचालन केवल फार्मासिस्ट की उपस्थिति में ही हो, ताकि जनता को सही दवा सही समय पर और सही जानकारी के साथ मिल सके। ऑल इंडिया फार्मासिस्ट फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव एवं बिहार प्रभारी रजत राज ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि बिहारी फार्मासिस्टों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने को उन्हें भी युवा उद्यमी योजना के तहत लाभार्थी में शामिल किया जाए। इस योजना के तहत बिहार के बेरोजगार फार्मासिस्टों को 10 लाख रुपए का लोन देकर स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाए। इससे न केवल फार्मासिस्टों को रोजगार मिलेगा, बल्कि आम जनता को भी सही दवा सही समय पर मिल सकेगी। फार्मासिस्टों ने मुख्यमंत्री से इस प्रस्ताव पर विचार करने और उन्हें युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने की अपील की है।

### बच्ची की गोली मारकर हत्या करने का मामला रहस्यमय

दानापुर। नगर के रूपसपुर थानाक्षेत्र के रामजयपाल नगर स्थित अपर्णा कॉलोनी रोड नंबर 4 में सोमवार की रात 4 वर्षीय बच्ची अनुष्का की गोली मारकर हत्या करने का मामला रहस्यमय बना हुआ। जहां मृतिका के पिता द्वारा अज्ञात बदमाश द्वारा गोली मारने की बात कही जा रही है वहीं पुलिस पिता के बयान को संदिग्ध मानते हुए छानबीन में जुटी हुई। बुधवार को अपर्णा कॉलोनी में लोगों को अखबार में खबर छपने के बाद जानकारी हो पाई है। स्थानीय लोगों में 4 वर्षीय बच्ची की अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर कर हत्या करने की बात लोगों को हजम नहीं हो रही है। लोगों में तरह- तरह की बातों का चर्चा हो रही है। कॉलोनी वासियों के मुताबिक रात साढ़े आठ बजे किसी ने भी गोली की आवाज नहीं सुनी। रामजयपाल नगर इलाका रात ग्यारह बजे तक चहल पहल रहती है। देर रात तक दुकाने खुली रहती है। पर किसी को भी इस घटना की जानकारी नहीं मिली। वहीं मृतिका पिता हरिओम कुमार अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर अस्पताल का चक्कर काट रहे है। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि हर बिंदु से मामले की छानबीन की जा रही है। मृतिका की मां गर्भवती है और प्रशव के लिए अस्पताल में इलाजरत है। अभी परिजनों को परेशान व गहन पूछताछ करना संभव नहीं है। पुलिस मामले की गंभीरता से नजर बनाए हुए है। जल्द हत्या की गुत्थी सुलझा जाएगी। सोमवार की रात काम से लौटे मृतिका के पिता हरिओम के घर पहुंचने पर उनकी पत्नी दरवाजा खोली तो उसकी बेटी अनुष्का भी मौजूद थी। वह दूध का पैकेट पत्नी को पकड़ा बाइक अंदर रखने लगे। पत्नी भी दूध रखने अंदर चला गई पर बेटी अनुष्का बाहर ही रह गई। तभी गोली चलने की तेज आवाज आई। वे और पत्नी बाहर गये तो देखा की बेटी खून से लथपथ पड़ी हुई है। वे पत्नी व साली के साथ बच्ची को लेकर पास स्थित एक निजी अस्पताल भागे लेकिन वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### हत्या में फरार पति गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। बाइपास थाना की पुलिस ने हत्या के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मरची गांव का रहने वाला रंजीत कुमार है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया पत्नी सुलेखा देवी की हत्या कर लाश का अंतिम संस्कार करने के मामले में दर्ज शिकायत में आरोपित पति को गिरफ्तार किया गया है। पिछले 23 मई को मृतका की हत्या की आशंका जताते हुए मृतका की मां बबीता देवी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# एनएमसीएच में सर्जरी एचओडी बने प्रो डॉ के समक्ष संसाधन की चुनौती

● सेवानिवृत प्रो डॉ आरके अजय को दी गई विदाई

पटना सिटी (आनंद केसरी)




नालंदा मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग के विभागध्यक्ष रहे प्रोडॉ आरके अजय सेवानिवृत्त हो गए। उनके स्थान पर प्रोडॉ पीडी वर्मा नए विभागाध्यक्ष का प्रभार ले चुके हैं। मगर डॉक्टर वर्मा के समक्ष संसाधन की कमी के साथ काम करने की चुनौतियां भी हैं। हालांकि उन्हें विश्वास है कि बिहार सरकार का स्वास्थ्य विभाग उनकी जरूरत को पूरा करेगा और वह मरीज और छात्रों के हित में खरे उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। इसके पूर्व सेवानिवृत प्रोडॉ आरके अजय का समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस दौरान नालंदा मेडिकल कॉलेज के प्रोडॉ उषा कुमारी, एनएमसीएच के अधीक्षक प्रोडॉ विनोद कुमार सिंह, उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार, निश्चेतना के एचओडी प्रोडॉ बिजॉय कुमार, प्रोफेसर डॉक्टर मोतीलाल दास प्रोडॉ गुरमुख प्रसाद, डॉ सुधीर कुमार, प्रोडॉ रश्मि प्रसाद, प्रोडॉ अजय कुमार सिन्हा, प्रोडॉ अलका सिंह, डॉ मुनव्वर अहसन आदि मौजूद थे। इस दौरान सबों ने डॉ आरके अजय के कार्यों की सराहना की, तो दूसरी ओर प्रोडॉ पीडी वर्मा के नए पाली की शुरूआत पर बधाई देने का काम किया।

चार बड़ी है चुनौती

सर्जरी विभाग में करीब 15 साल पुराना लेप्रोस्कोपी मशीन है, जो बैठ गया है। इसका पार्ट भी बनाने की स्थिति में नहीं है। इसका सक्शन भी काम नहीं कर रहा है। हालांकि इस संबंध में प्राचार्य, अधीक्षक आदि को सूचित किया गया था कि यदि इससे काम भी किया जाएगा, तो यह मरीज के हित में नहीं होगा। हालांकि बाद में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव के स्तर से इसकी स्वीकृति प्रदान की गई है और इसकी खरीदारी का आदेश होने के साथ ही इसे दो-तीन माह में आ जाने की पूरी संभावना है। दूसरी समस्या सर्जरी के बेड को लेकर है। फिलहाल सर्जरी एएनएम की सीट को बचाने के लिए 190 बेड की जरूरत है। मगर फिलहाल 40 बेड घटा दिया गया है। इस बेड को एनेस्थीसिया और गायनी को दे दिया गया है। अब न्यूरो और न्यूरोलॉजी को भी सर्जरी से काट कर ही बेड देने की तैयारी चल रही है। ऐसे में यदि एएनएम के द्वारा फिजिकल जांच की गई, तो पीजी की मान्यता को लेकर परेशानी हो सकती है। एकेडमिक को सुधारने की भी जरूरत है। यहां प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर से लेकर सीनियर रेजिडेंट तक की खासा कमी है। सर्जरी विभाग में प्रोफेसर के तीन पद हैं, मगर इस पर एकमात्र प्रोडॉ पीडी वर्मा पदस्थापित हैं, जबकि दो पद खाली है। वहीं एसोसिएट प्रोफेसर के छहपद स्वीकृत है, मगर पांच खाली है। असिस्टेंट प्रोफेसर के 15 में से आठ ही काम कर रहे हैं। सीनियर रेजिडेंट की बात करें, तो इसके 18 पद स्वीकृत हैं, जबकि महज सात ही काम कर रहे हैं। लाइब्रेरी की भी विभाग में सख्त जरूरत है, मगर यहां इसकी उपलब्धता नहीं है। इस संबंध में बात करने पर विभागाध्यक्ष प्रोडॉ पीडी वर्मा कहते हैं कि देखिए सरकार के स्तर पर लगातार सुधार की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि अस्पताल प्रशासन और विभाग के प्रधान सचिव के स्तर से निश्चित तौर पर संसाधन और अकादमिक की जरूरत को पूरा कराया जाएगा। वह खुद विभाग में समय से पहुंचते हैं और अब स्थिति यह है कि अन्य चिकित्सक भी बिना कहे हुए समय से आ रहे हैं। विभाग में सर्जरी का काम समय से शुरू हो जा रहा है।

## पटना एम्स में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन जागरूकता अभियान चलाया गया



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। सामान्य औषधि विभाग द्वारा अखलि भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में विगत 19 जून से 03 जुलाई, तक चल रहे ह्लसिकल सेल एनीमिया उन्मूलन जागरूकता अभियानह्व के तहत ह्लविश्व सिकल सेल दिवसह्व का समापन आज एक संगोष्ठी के साथ हुआ जिसमें संस्थान के कार्यपालक निदेशक प्रो. गोपाल कृष्ण पाल के नेतृत्व में अधिष्ठाता डॉ प्रेम कुमार और चिकित्सा अधीक्षक डॉ त्रिभुवन कुमार, सहित दर्जनों संकाय सदस्यों, डॉक्टरों, नर्सों एवं विद्यार्थियों ने इ-क्लासरूम के संगोष्ठी में भाग लिया। निदेशक महोदय ने बताया की नियमित जांच के द्वारा ही सिकल सेल रोग के लक्षणों को पकड़ा जा सकता है और उसको आगे बढ़ने से रोका जा सकता है. उन्होंने बताया की समय रहते सिकल सेल रोग का निदान कर लिया जाता है तो स्वास्थ्य प्रबंधन आपको उपयोगी जीवन जीने में मदद कर सकता है। कार्यपालक निदेशक प्रो. गोपाल कृष्ण पाल, प्रो. प्रेम कुमार, अर्धाष्ठाता (शैक्षिणिक), प्रो. त्रिभुवन कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, शरी नीलोत्पल बल, उप निदेशक (प्रशासन), प्रो. ज्योति प्रकाश, कुलसचिव एवं विभागाध्यक्ष, सामान्म औषधि विभाग इस अवसर पर मौजूद रहे। इससे पहले औषधि विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा जागरूकता अभियान के अंतर्गत संस्थान के बाहय रोगी विभाग में मरीजों एवं उनके परिजनों को इस बीमारी के बारे में लोगो को जागरूक कराया और आवश्यकतानुसार उचित परामर्श भी दिया गया।

## घर के पास से गुम बच्चे को पुलिस ने 10 घंटे में किया बरामद



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना की पुलिस ने महज 10 घंटे के अंदर दो साल के घर के पास से गुम हुए बच्चे को बरामद करने में सफलता पाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि दो जुलाई की रात करीब 9.30 बजे नखास पिंड के वनटोला की रहने वाली अंजली देवी पति गोलू शर्मा थाना पहुंची। उसने पुलिस को बताया कि उसका बेटा दरवाजा के पास से लापता हो गया है। उसकी उम्र करीब दो साल और नाम हिमांशु कुमार है। पुलिस ने उसके द्वारा लिखे आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया और खोजबीन में जुट गई। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि बच्चा दीदारगंज थाना क्षेत्र के कुमार पेट्रोल पंप के पास है। इसके बाद उस बच्चे को वहां से बरामद कर लिया गया। दरअसल दिमागी रूप से विक्षिप्त एक व्यक्ति ने घर के पास रहे दो साल के बच्चे हिमांशु को उठा लिया और चल दिया। पुलिस टीम बना कर लगातार आसपास के एरिया में नजर रखी थी और अपने सूत्रों को भी लगा रखा था। इस दौरान बुधवार की सुबह करीब 7.30 बजे बच्चों को बरामद कर लिया गया। इसके बाद उसकी मां अंजली देवी को थाना पर बुलाकर बच्चे को सुपुर्द कर दिया गया। टीम में थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, परीक्ष्यमान एसआई अखिलेश कुमार, अविनाश कुमार, सुमित कुमार, अमित कुमार और सिपाही मनोर कुमार शामिल थे।

## इनर व्हील क्लब के द्वारा नरगदा हाई स्कूल में पौधारोपण किया गया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत नरगदा हाई स्कूल में पौधारोपण इनर व्हील क्लब आफ आशियाना पटना के द्वारा पौधारोपण किया गया। छावनी परिषद के नामित सदस्य आशा देवी ने बताया कि धरती का श्रृंगार पेड़ पौधे हैं।इनको नष्ट करने का परिणाम प्राकृतिक आपदा के रूप में भुगतना पड़ेगा।मौसम में अचानक बदलाव पेड़ पौधों के कमी से हो रहा है। इसलिए पौधारोपण हर मानव के लिए जरूरी है। मौके पर अध्यक्ष रश्मि रानी,किरण गुप्ता,रानी जयसवाल,भारती सिंह, पूर्णिमा,अर्चना समेत अन्य थे।

## विदेशी शराब के साथ तीन गिरफ्तार सरगना पर पूर्व से तीन मामला

**लावारिस हालत में छह दोपहिया वाहन पत्थर घाट से जब्त**

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



मालसलामी थाना की पुलिस के लिए पिछले 24 घंटे उपलब्धि भरा रहा है। पुलिस ने डीएसपी-2 के द्वारा मिली गुप्त सूचना के आधार पर मथनी तल भमारी से तीन युवकों को बैग में रहे विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर पत्थर घाट से लावारिस स्थिति में छह दोपहिया वाहन जब्त किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार से सूचना मिली कि तीन युवक बैग में शराब लेकर जा रहा है। मिली सूचना के आधार पर जल्द ही पुलिस टीम का गठन किया गया और बताए गए स्थान की ओर प्रस्थान किया गया। बुधवार को पूर्वाह्न करीब 11.15 बजे मथनी तल भमारी के पास पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई। पुलिस ने गुजर रहे तीन लड़कों को टोका और रोका। तीनों की तलाशी लेने का काम किया गया। इस दौरान बैग से विभिन्न ब्रांड का विदेशी शराब का 43 बोतल बरामद किया गया। इसकी कुल मात्रा 32.25 लीटर है। इसके बाद पकड़े गए तीनों और विदेशी शराब के साथ पुलिस थाना पहुंची। गिरफ्तार लोगों में इसी थाना क्षेत्र के नया टोला शरीफगंज का रहने वाला नीतीश कुमार राजू दोनों पिता भोला दास एवं विकास कुमार पिता नागेश्वर दास है इन सबों पर कांड 315 24 बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम 2022 के तहत दर्ज किया गया है तीनों से पुलिस पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में लगी है पुलिस के अनुसार नीतीश पर पूर्व में भी इसी थाना में शराब को लेकर तीन कांड वर्ष 2023 के तीन सितंबर को कांड 616, नौ अक्टूबर को कांड 706 और 17 नवंबर को कांड 768 दर्ज है।

चार स्कूटी व दो बाइक जब्त

मालसलामी थाना की पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर और गश्ती के दौरान पथरी घाट पहुंची। यहां छह दो पहिया वाहन लावारिस स्थिति में खड़ा था। यहां से पुलिस ने चार स्कूटी, एक टीवीएस अपाचे और एक टीवीएस स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल लावारिस स्थिति में जब्त किया है। सभी छह दोपहिया वाहन को पुलिस थाना ले आई है। दोनों मामले में गठित छापेमारी टीम में पुनि सह थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, परीक्ष्यमान एसआई अखिलेश कुमार, अविनाश कुमार, सुमित कुमार, अमित कुमार, एएसआई संजय कुमार, निरंजन कुमार, सिपाही संतोष कुमार, संजीत कुमार, सुनील कुमार, गौतम कुमार और मनोर कुमार शामिल थे।

## एक्युप्रेशर चिकित्सकों का महाकुंभ 12 को

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



31वां राष्ट्रीय एक्युप्रेशर/एक्युपंक्चर सम्मेलन का आयोजन बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, इंडियन काउंसिल ऑफ एक्युप्रेशर योग एवं स्वास्थ्य जागरुकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में होगा। 12 जुलाई को पुराना सचिवालय परिसर के अधिवेशन भवन में इसका आयोजन किया गया है। आयोजन के संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन में 17 राज्यों से तीन सौ चयनित चिकित्सक भाग लेंगे। यह सब 12 विषयों पर शोध पत्र पेश करेंगे। एक्युप्रेशर जनक डॉ चन्द्रमा प्रसाद गुप्त की 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एक्युप्रेशर पुस्तक इलेक्ट्रो एक्युप्रेशर एवं स्मारिका का विमोचन के साथ ही चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हुए 32 चिकित्सकों को सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर 27 जून से 11 जुलाई के बीच राष्ट्रीय स्तर पर एक्युप्रेशर पखवारा के अंतराल में सैकड़ों निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने वाले चिकित्सकों एवं संयोजकों को सम्मेलन में सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेश के अनेक प्रमुख राजनेतागण, दोनों उपमुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, विधान परिषद के सभापति, मंत्रीगण, शिक्षाविद्, प्रमुख चिकित्सक एवं गण्यमान्य लोगों के शामिल होने की स्वीकृति दी गई है। सम्मेलन की अध्यक्षता एक्युप्रेशर महागुरु डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त करेंगे। प्रमुख वक्ता में डॉ हरेराम राय, डॉ श्रीप्रकाश बरनवाल, डॉ डीके सिंह, डॉ महेश कुमार वर्मा, डॉ निखिल चौधरी, डॉ एनबी शुक्ला, डॉ अनिता सिन्हा आदि रहेंगे।

## हजारी मोहल्ला में अपराधियों ने की फायरिंग, पांच खोखा बरामद

● बाइक सवार तीन बदमाशों ने फैलायी दहशत, मची अफरा-तफरी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के हजारी मोहल्ला में तीन की संख्या में बाइक सवार अपराधियों ने लगातार फायरिंग कर दहशत फैला दिया। सुबह करीब सात बजे अचानक हुई गोलीबारी की घटना से दशहत फैल गया और अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही खाजेकलां थाना की पुलिस पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। घटनास्थल से पुलिस ने पांच खोखा बरामद किया है। गोलीबारी की घटना हजारी मोहल्ला स्थित विक्की कुमार पिता हीरालाल रजक के दरवाजा के पास की गई। घर के कुछ दूरी पर मोटरसाइकिल खड़ा कर अपराधी पैदल ही घर तक पहुंचे। इसके बाद कमर से पिस्टल निकाल कर कुछ देर तक लहराते हुए धमकी दी और गालियां भी दी। इसके बाद ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। गोलियों की आवाज से मोहल्ले में अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। लोग घर के अंदर भागने लगे या फिर अपने छिप कर सुरक्षित किया। फायरिंग करने के बाद अपराधी बाइक पर सवार होकर भाग निकले। अपराधियों ने विक्की कुमार के घर के पास क्यों फायरिंग की है, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। खाजेकलां थाना के थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि गोलीबारी की सूचना पर नून की चौराहा के पास मौजूद गश्ती दल ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन की है। विक्की कुमार को घटना के संबंध में लिखित आवेदन के लिए कहा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मामला स्पष्ट होगा। पुलिस गोलीबारी में शामिल बदमाशों के पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाली है। कुछ क्लू भी पुलिस के हाथ लगा है। पुलिस मामले में आपसी विवाद और रुपए के लेन-देन की बात को भी जोड़कर देख रही है। स्थानीय लोग इस घटना को शराब की अवैध बिक्री से भी जोड़कर देख रहे और दबी जुबान इसकी चर्चा कर रहे हैं।

## प्रेम प्रसंग में एक लड़की को भगा कर शादी करने की बात सामने आई

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आनंद बाजार से प्रेम प्रसंग में एक नाबालिग लड़की को भगा कर शादी करने की बात सामने आई है। लड़की की मां ने दानापुर थाना में लिखित शिकायत की है। बताया कि छपरा के दाउतपुर के बगोईया निवासी सोनू कुमार ने अपने भाई विकास के साथ मेरी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर बाईक से ले गया। उसके बाद उससे शादी कर लिया। पुलिस छानबीन कर रही है।

## बिहार में जल्द आयोजित होगा बिहार नवीकरणीय ऊर्जा प्रदर्शनी का आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना :- पिचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा आयोजित होने वाले ऊर्जा प्रदर्शनी को लेकर अरुण गुप्ता, निदेशक-ट्रेड फेयर, पीएचडीसीसीआई, और प्रणब सिंह, निवासी निदेशक, बिहार चैप्टर, पीएचडीसीसीआई, ने बिहार सरकार के ऊर्जा विभाग के सचिव श्री संजीव हंस (आईएएस) के साथ पटना स्थित उनके कार्यालय में एक सफल बैठक की। पीएचडीसीसीआई टीम ने पटना में बड़े पैमाने पर बिहार नवीकरणीय ऊर्जा प्रदर्शनी आयोजित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे सचिव द्वारा अत्यधिक सराहा गया। श्री हंस ने इस पहल के प्रति अपने उत्साह को व्यक्त किया और पीएचडीसीसीआई के साथ मिलकर इसे अंतिम रूप देने के लिए अपने ओएसडी को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त, श्री हंस ने आश्वासन दिया कि वे पीएचडीसीसीआई के नवीकरणीय ऊर्जा प्रदर्शनी का समर्थन करने के लिए बिहार के विभिन्न अन्य विभागों जैसे उद्योग, परिवहन और गन्ना को शामिल करेंगे।

## परिवार नियोजन सेवाएं सरकारी संस्थानों में बेहतर उपलब्ध : सिविल सर्जन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना- जिले में स्वास्थ्य सेवाओं तथा परिवार नियोजन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के 13 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों ने भाग लिया. बैठक में 7 हाई इम्पैक्ट एप्रोच के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया. बैठक सह कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ. मिथिलेश कुमार, सिविल सर्जन, पटना, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एस.पी.विनायक, पियूष रंजन, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य सेवाएं, एनसीडीओ रजनीश चौधरी सहित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारीयों ने भाग लिया। सभी योग्य दंपत्तियों तक परिवार नियोजन की सेवायें पहुँचाना अनिवार्यः प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए डॉ. मिथिलेश कुमार, सिविल सर्जन, पटना कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन की सेवाएं निजी संस्थानों की अपेक्षा बेहतर तरीके से लाभार्थियों को उपलब्ध करायी जा रहीं हैं. उन्होंने कहा कि सभी को यह प्रयास करने की जरुरत है कि निजी चिकित्सीय संस्थान भी मरीजों को सरकारी संस्थानों को रेफर करें. उन्होंने कहा कि सभी योग्य लाभार्थियों तक परिवार नियोजन की सेवाओं को पहुँचाना अनिवार्य है. परिवार नियोजन के लिए समुदाय को जागरूक एवं प्रेरित करने की है जरुरत- डॉ. एस.पी.विनायक जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, डॉ. एस.पी. विनायक ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता एवं इसके लाभ के बारे में समुदाय को जागरूक एवं प्रेरित करने की है जरुरत है. उन्होंने नियमित टीकाकरण की कवरेज को बढ़ाने पर भी बल दिया. उन्होंने सभी शामिल चिकित्सा पदाधिकारियों को नियमित टीकाकरण सत्र पर शहरी स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस आयोजित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक सह कार्यशाला उन्हें अन्य स्वास्थ्यकर्मियों का क्षमतावार्धन करने की उद्देश्य से किया गया. सभी चिकित्सा पदाधिकारी मास्टर कोच की भूमिका में कर्मचारियों को उनकी विशिष्ट विभागीय चुनौतियों के लिए सर्वोत्तम समाधान निकलने के बारे में सलाह और मार्गदर्शन पर चर्चा की. मौजूदा बुनियादी ढांचे का विश्लेषण करना और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और दक्षता बनाने में मदद करने के लिए सुधार लागू करना एवं परिवार नियोजन सेवाओं को हाई इम्पैक्ट इंटरवेंशन के द्वारा बेहतर तरीके से संपादित करने पर बल दिया गया. बैठक में पियूष रंजन, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. संजीव ने भी अपने विचार रखे. कार्यशाला में शामिल प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा परिवार नियोजन की सेवाओं को बेहतर तरीके से संपादित करने के लिए आंकड़ों का सही संवर्धन एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के क्षमतावर्धन पर बल दिया गया. उन्होंने ग्रुप कार्य के माध्यम से सुविधाओं के सशक्तिकरण की प्रस्तुति दी।

## विनोद तोदी ने मां का नेत्रदान करा समाज को दिया संदेश



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दधीचि देहदान समिति के जागरुकता अभियान के तहत एवं बिहार प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष विनोद तोदी ने अपनी 72 वर्षीय माताजी श्रीमती हीरा देवी तोदी का निधन हो गया। इसके बाद नेत्रदान करा कर पीड़ित मानवता की सेवा में एक मिसाल कायम किया है। सुपुत्र एवं परिवार के सदस्यों की सहमति से इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के नेत्र अधिकोष की टीम को कॉर्निया सौंप पीड़ित मानवता की सेवा कर समाज को संदेश दिया है। यह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरक साबित होगा। नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ विभूति प्रसाद सिन्हा के निर्देश पर नेत्र अधिकोष की टीम डॉ मधुलिका, डॉ रितेश, मारुति नंदन व रश्मि कुमारी ने कॉर्निया लेने की प्रक्रिया पूरा किया। स्व हीरा देवी की आंखों से दो-तीन नेत्रहीनों को दृष्टि मिल सकेगी। मृत्यु निश्चित है, परन्तु मृत्यु के बाद भी अमर होने का श्रेष्ठ तरीका है नेत्रदान। समिति के महामंत्री पद्मश्री बिमल जैन, मुकेश हिसारिया, सरदार जगजीवन सिंह, संजीव यादव व प्रदीप जैन ने जागरूक नागरिकों से अनुरोध किया है कि मृत्यु को जीवन का अंत न बना संकल्प लेकर नेत्रदान, अंगदान व देहदान करने का संकल्प लें।

## बायो मेडिकल रिसर्च पर आरएमआरआई में तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आईसीएमआर-राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आरएमआरआईएमएस) द्वारा आयोजित बायो-मेडिकल रिसर्च पर तीन दिवसीय हैंड्स ऑन वर्कशॉप और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित कार्यशाला का आयोजन किया गया। बायोस्टैटिस्टिक्स बायोमेडिकल शोधकताओं और स्वास्थ्य पेशेवरों की क्षमताओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बायोस्टैटिस्टिक्स की मूलभूत समझ पर ध्यान केंद्रित कर कार्यशाला प्रतिभागियों को प्रयोगों और अवलोकन से संबंधित अध्ययनों को डिजाइन करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल के साथ सशक्त बनाती है। वर्णनात्मक और अनुमानित सांख्यिकीय तकनीकों दोनों की महारत जैविक और स्वास्थ्य अनुसंधान में प्रचलित जटिल डेटा सेटों का विश्लेषण और व्याख्या करने की उनकी क्षमता को बढ़ाती है। व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर के साथ व्यावहारिक सत्र हाथों पर प्रवीणता सुनिश्चित करते हैं। इससे प्रतिभागियों को वास्तविक दुनिया के अनुसंधान परिदृश्यों में प्रभावी ढंग से जैव-सांख्यिकी विधियों को लागू करने में सक्षम बनाता है। इसे ध्यान में रखते हुए आईसीएमआर-आरएमआरआईएमएआर में बायोस्टैटिस्टिक्स पर तीन दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला शुरू हुआ। इहमें देश के विभिन्न संस्थानों के 39 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रभु श्रीराम के चरणों में मुरेठा किया समर्पित

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बिहार में भाजपा एवं एनडीए की जीत के लिये प्रार्थना की
- प्रभु श्रीराम का पूजन-दर्शन कर बिहार की खुशहाली के लिए की प्रार्थना

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को प्रभु श्रीराम के चरणों में अपने संकल्पित मुरेठा को समर्पित कर बिहार की खुशहाली व समृद्धि की प्रार्थना की। इस मौके पर श्री चौधरी ने आगामी विधान सभा चुनाव में भाजपा एवं एनडीए को जनता का आशीर्वाद हासिल कर शानदार जीत दिलाने के लिए किया प्रार्थना। श्री चौधरी ने सुबह मुंडन करा कर पवित्र सरयू में स्नान के उपरांत सरयू तट से पैदल ही हनुमानगढ़ी और रामगढ़ी जा कर श्री हनुमानजी व प्रभु श्रीराम का दर्शन किया। उसके बाद सामान्य द्वार से नवनिर्मित भव्य श्रीराम मंदिर जा कर उन्होंने अपने मुरेठा को प्रभु श्रीराम के चरणों में अर्पित कर दिया।

पार्टी की ओर से बुधवार को जारी बयान में बताया गया कि विगत 22 महीने से श्री चौधरी ने अपने सिर पर मुरेठा बांध कर बिहार को जंगलराज वाले लुटेरों को सत्ता से हटाने का संकल्प लिया हुआ था। इसी साल की 28 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे और महागठबंधन से नाता तोड़ने के बाद श्री चौधरी का संकल्प पूरा हुआ। उसी दौरान उन्होंने घोषणा की थी कि वे अयोध्या धाम जाकर प्रभु श्रीराम के चरणों में अपने मुरेठा का समर्पित करेंगे। मंगलवार को श्री चौधरी सड़क मार्ग से अपने अनेक सहयोगी मंत्रियों, विधायकों, नेताओं व पार्टी के पदाधिकारियों, हजारों कार्यकर्ताओं के साथ अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किए थे। उनके साथ करीब चार सौ गाड़ियों का काफिला था। मुरेठा समर्पित करने के बाद श्री चौधरी ने भगवान श्री राम से प्रार्थना किया कि आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में वे जनता का आशीर्वाद हासिल कर भाजपा को शानदार जीत दिलायेंगे। प्रभु श्रीराम से उन्होंने 14 करोड़ बिहारवासियों की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। श्री चौधरी ने कहा कि आज नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुशासन की सरकार चल रही है। न्याय के साथ विकास की राह पर सरकार आगे बढ़ रहा है। बिहार में सुशासन व कानून का राज स्थापित रखना सरकार का मूल ध्येय है। सरकार अपने तमाम वायदों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तत्पर है।

# डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को पद त्याग करना चाहिए, मुरेठा नहीं: राठौड़



पटना। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा अयोध्या में श्रीराम के दर्शन के उपरांत अपने बाल और पगड़ी को अर्पित करने पर कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने व्यंग्यात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को अधूरे संकल्प के साथ अपनी पगड़ी और बाल नहीं उतारनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री के साथ वें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के दायित्व में भी हैं तो इस पगड़ी और बाल का मतलब यह है कि आगामी विधान सभा चुनाव में भी भाजपा बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पिछलग्गू बनी रहेगी और उनके सामने अपने कार्यकर्ताओं का मान सम्मान और प्रतिज्ञा सब उतार कर यूं ही अर्पित करती रहेगी। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता ने कहा है कि उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को उनके संकल्प के लिए जितनी वाहवाही उनके दल के नेता और कार्यकर्ता दिए थे वो आज खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं कि आखिर जब उनके शीर्ष नेता ही यूं आत्म समर्पण की भूमिका में रहेंगे तो उनके हालात को कौन देखेगा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मां के श्राद्ध में प्रतिज्ञा लिया था कि वें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सत्ता से हटाकर पगड़ी उतारेंगे लेकिन आज उन्होंने मां के श्राद्ध की प्रतिज्ञा, पिता का सम्मान, सम्राट अशोक की गरिमा और बिहार भाजपा के कार्यकर्ताओं को बिना अपनी प्रतिज्ञा पूरी किए पगड़ी उतार कर अपमानित करने का काम किया है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न केवल उनकी पगड़ी उतरवाई बल्कि अपना डिप्टी बनाकर उन्हें स्टेपनी भी बनाया और पगड़ी के साथ बाल दाढ़ी उतरवाकर पूरे बिहार में घुमाने का काम करेंगे। यह भाजपा की नैतिक हार है। बिहार में भाजपा ने यह साबित कर दिया कि उसे अपने कार्यकर्ताओं के सम्मान का कोई ख्याल नहीं है केवल सत्ता और पद के लिए वो अपने अध्यक्ष तक के पगड़ी को उतरवा दे रही है ।

# रुपौली उपचुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित करें : उमेश

- एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक में बोलें जदयू प्रदेश अध्यक्ष
- कहा-घटक दलों के कार्यकर्ता आपसी समन्वय बनाकर जीत सुनिश्चित करें

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता हमारे गठबंधन का मजबूत स्तंभ है, कार्यकर्ताओं के बदौलत ही नीतीश कुमार बतौर मुख्यमंत्री विगत 19 वर्षों से बिहार में विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में एनडीए की सरकार बनी है। मोदी-नीतीश की जोड़ी विकास की प्रतीक है इसलिए जनता बार-बार इस करिश्माई जोड़ी को अपना आशीर्वाद देती है। एनडीए के कार्यकर्ता साथी डबल इंजन की सरकार के विकासकार्यों को जन-जन तक पहुंचाए। प्रदेश अध्यक्ष उक्त बातें रुपौली विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर बुधवार को पूर्णियां जिलान्तर्गत भवानीपुर प्रखंड के अग्रसेन भवन में एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हाल में हुए पूर्णियां लोकसभा का चुनाव परिणाम भले ही हमारे अनुरूप नहीं आया है लेकिन रुपौली विधानसभा की महान जनता ने एनडीए प्रत्याशी को अपना भरपूर आशीर्वाद और समर्थन देने का काम किया। श्री कुशवाहा ने कहा कि लोकसभा के चुनाव परिणाम का अगर हम बारीकी से अध्ययन करें तो यह मालूम पड़ता है कि बिहार विधानसभा की 177 सीटों पर एनडीए को बढ़त मिली है। वहीं दुष्प्रचार की राजनीति करने वाली विपक्ष को महज 66 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली। इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर प्रदेश की 14 करोड़ जनता का अटूट विश्वास आज भी कायम है और कोई भी ताकत झूठ के सहारे इस विश्वास की डोर को कभी कमजोर नहीं कर सकती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए घटक दलों के तमाम कार्यकर्ता आपसी समन्वय बनाकर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाएं, रुपौली विधानसभा के हर बूथ पर हमारी पैनी नजर होनी चाहिए। उन्होंने एनडीए कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि बंद मुट्ठी की तरह अपनी एकजुटता बनाए रखें, यही हमारी ताकत है। रुपौली की जनता ने हमेशा सामाजिक न्याय की धारा को मजबूती प्रदान की है। इसलिए हमें पूरा विश्वास है कि एनडीए प्रत्याशी श्री कलाधर मंडल रुपौली विधानसभा से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे।

# राहुल गांधी के बयान के खिलाफ भाजयुमो ने किया पुतला दहन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकताओं ने इनकम टैक्स गोलंबर पर राहुल गांधी द्वारा संसद भवन में हिंदू समाज और सनातन धर्म के खिलाफ दिए गए अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस मौके पर भाजयुमो प्रदेश महामंत्री सीमांत शेखर ने बताया कि लोकतंत्र के मंदिर में बहुसंख्यक समाज के खिलाफ किए गए अपमानजनक टिप्पणी बेहद निंदनीय है। हिंदू समाज सर्वधर्म समभाव को मानती है परंतु कांग्रेस द्वारा लगातार हिंदू समाज के विरोध दिए जा रहे अपमानजनक टिप्पणी से हिंदू समाज बहुत आहत है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन्होंने समूचे देश के हिन्दू समाज का अपमान किया है। उनके वक्तव्य की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। यह केवल हिन्दू समाज का अपमान नहीं, तो समूचे भारत की संस्कृति और सनातन धर्म का भी अपमान है। हिंदू समाज के खिलाफ दिए गए अमर्यादित टिप्पणी के लिए राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। भाजयुमो प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवम सिंह ने कहा कि धर्म और जाति के नाम पर देश को बाँटने वाली कांग्रेस का निशाना शुरू से ही हिंदू धर्म रहा है। चुनाव के दौरान हिंदू होने का नाटक करने वाले राहुल की हिंदू विरोधी सच्चाई देश के सामने है। एक्सीडेंटल हिंदू राहुल गांधी को हिंदू होने पर शर्म है। मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए उनका सदन में यह कहना कि हिंदू हिंसा करते हैं, झूठ बोलते हैं और नफरत फैलाते हैं, ये शब्द देश के बहुसंख्यक हिन्दू समाज का अपमान है। इस अवसर पर भाजयुमो प्रदेश महामंत्री सीमांत शेखर, उपाध्यक्ष कुलभूषण, प्रवक्ता रामराज यादव,नवीनतम कुणाल, मीडिया प्रभारी शिवम सिंह, मनीष चौहान, सोशल मीडिया संयोजक सुमित शर्मा, कुंदन सिंह, गौतम यादव, सनी मिक्की, अमितेश झा, अमित पांडे, सुबोध सिन्हा, रवि केसरी, चंदन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# मुजफ्फरपुर चिट फंड कंपनी मामले में सरकार का रवैया ठीक नहीं : माले

- विधानमंडल के आगामी सत्र में इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगा माले विधायक दल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

विधानसभा में माले विधायक दल के नेता का. महबूब आलम और विधान पार्षद का. शशि यादव ने संयुक्त प्रेस बयान जारी करके कहा है कि मुजफ्फरपुर में एक चिट फंड कंपनी द्वारा पैसों की ठगी, लड़के-लड़कियों से मारपीट और यौन शोषण के संगठित अपराध के मामले में सरकार का अबतक का रवैया बेहद नकारात्मक है। एक पीड़िता द्वारा दर्ज किए गए मुकदमे के मुख्य अभियुक्त कंपनी सीएमडी मनीष सिन्हा की गिरफ्तारी अभी भी नहीं हुई है। यह बेहद चिंताजनक है।

विगत दिनों ऐपवा की महासचिव मीना तिवारी के नेतृत्व में पीड़ित युवतियां पटना आई थीं, और प्रेस के माध्यम से सरकार से न्याय की गुहार लगाई थी। इस मसले पर बिहार के डीजीपी से मिलने की कोशिश की गई, लेकिन अभी तक समय नहीं मिला है। अपराधी लगातार लड़कियों को धमकी दे रहे हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन का रवैया बेहद संदेहास्पद है। जिस प्रकार का यह संगठित अपराध है, उसमें सरकार व प्रशासन को स्वतः संज्ञान लेते हुए अन्य पीड़ित युवतियों का मुकदमा दर्ज करना चाहिए था, लेकिन सरकार ने अब तक चुपी ही साध रखी है। माले विधायक दल ने कहा है कि मामले की जांच के लिए तत्काल एसआईटी का गठन, प्रशासनिक व राजनीतिक संरक्षण की जांच के लिए उच्चस्तरीय न्यायिक आयोग का गठन, और सीएमडी मनीष सिन्हा की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को यदि सरकार अनसुनी करती है, तो इस मसले को विधानमंडल के सत्र में पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा, ताकि पीड़ित युवक-युवतियों को न्याय मिल सके।

# केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने किया पौधारोपण



नई दिल्ली। केन्द्रीय प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बुधवार को नयी दिल्ली आवास पर अपनी मां के साथ पौधारोपण किया। इसकी जानकारी पार्टी प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया। बताया कि विगत दिनों विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक पेड़ मां के नाम के मुहिम की शुरूआत कर प्रकृति संरक्षण पर बल दिया था। लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने भी इस मुहिम में सम्मलित होकर अपने आवास पर पौधारोपण किया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को गंगा घाट पर मुंडन कराना चाहिए था : भाई अरुण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार एवं युवा राजद के प्रदेश सचिव मनोज यादव ने कहा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कसम खाई थी की वह जिस दिन मुख्यमंत्री को गददी से उतरेंगे उसी दिन यह पगड़ी सर से उतरेंगे, परंतु हुआ उल्टा। राजद नेता ने आगे कहा कि भाजपा प्रदेश ने आगामी विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ने का ऐलान कर चुके हैं और तो और नीतीश कुमार के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ले लिया। राजद नेता ने आगे कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अपने कसम को तोड़ने के बहाने ढूंढने लगे और इसी कड़ी में बुधवार को अयोध्या में जाकर मुरेठा खोला और मुडंन कराया। राजद नेता ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जनता से माफी मांगनी चाहिए कि उन्होंने जो वादा किया था उसे पूरा नहीं कर सका। राजद नेता ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को पटना के गंगा नदी के किनारे यह कार्य करना चाहिए था, परंतु जिस प्रकार बिहार की जनता की आंखों में धूल झोंक कर अयोध्या में मुंडन करवाए हैं, उसे बिहार की जनता इन्हें कभी माफ करने वाली नहीं है।

# केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से मिले सांसद पप्पू यादव



पटना। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने पूर्णिया एयरपोर्ट के निर्माण के संदर्भ हमने भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू से दिल्ली में मुलाकात की। बुधवार को जारी बयान में उन्होंने बताया कि हमने उन्हें पत्र के माध्यम से संसूचित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्णिया में एयरपोर्ट के निर्माण और संचालन की घोषणा की थी। लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कार्य नहीं हो सका है। एयरपोर्ट के निर्माण हेतु पूर्णिया की जनता को केंद्र की सरकार से काफी उम्मीदें हैं। इसलिए इस दिशा में यथाशीघ्र कार्यवाई शुरू की जाए। ये मेरा विनम्र आग्रह है। इससे पूर्व हमने केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल जी से भी मुलाकात की और उन्हें भी पत्र सौंप कर पूर्णिया की जनता की मांग से अवगत कराया।

# अपराधियों की जल्द हो गिरफ्तारी : नागमणि

पटना। रोहतास जिले के इंद्रपुरी थाना अंतर्गत मिठोपुर गांव के रामबालक कुमार की पुत्री नीतू कुमारी की हत्या कर नहर में फेंके जाने की घटना की अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा एवं प्रदेश अध्यक्ष बिहार हरिओम कुशवाहा ने कड़ी निंदा की है। श्री नागमणि कुशवाहा के नेतृत्व में कई लोगों ने परिजनों से बात कर उन्हें सांत्वना दिया। साथ ही मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, रोहतास को पत्र लिखकर अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी एवं स्पीडी ट्रायल कर फांसी की सजा का मांग की।

# गैरकानूनी उत्खनन के प्रति जीरो टॉलरेंस के लिए कृतसंकल्पित है राज्य सरकार : विजय

- उपभोक्ता और उद्यमी दोनों के लिए लाभप्रद खनन उद्योग हमारी प्राथमिकता
- गैरकानूनी गतिविधियों से मुक्त खनन उद्योग सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार के उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार राज्य में गैरकानूनी उत्खनन से मुक्त और पारदर्शी विनियमन के साथ खनन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए विभाग खनन गतिविधियों से जुड़े सभी हितधारकों के साथ मिलकर उपभोक्ता और उद्यमी दोनों के लिए लाभप्रद इकोसिस्टम बनाने का प्रयास कर रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि अवैध उत्खनन के बढ़ते मामले को देखकर खनन उद्योग के बारे में एक नकारात्मक छवि गढ़ दी गई थी। लेकिन राज्य सरकार दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ जीरो इललीगल माइनिंग के लक्ष्य को साधने में जुटी है। हमने हाल ही में निजी उपयोग के लिए मिट्टी के उपयोग को अवांछित हस्तक्षेप से मुक्त किया। इससे आम लोगों को निरर्थक परेशानी से निजात मिलेगी। अब हम बालू खनन को अवैध तौर-तरीकों से मुक्त करने में जुटे हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण सहित विभिन्न संस्थाओं और विशेषज्ञोंद्वारा अवैध बालू उत्खनन को लेकर बार-बार चिंता जताई जाती रही है। इस दिशा में केंद्र सरकार द्वारा फ्रेमवर्क और राज्य सरकार द्वारा बाकायदा बालू खनन नीति भी बनायी गई है। हमारा प्रयास है कि इनके अनुपालन को अधिक से अधिक बेहतर तरीके से सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में अगले कुछ दिनों के भीतर बालू उत्खनन से जुड़े सभी हितधारकों से सुझाव लेते हुए पारदर्शी और स्पष्ट विनियामक ढांचा तैयार कर लिया जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा बालू हवा और पानी के बाद सबसे ज्यादा उपयोग में लाया जाने वाला प्राकृतिक संसाधन है। हमारा प्रयास है कि राज्य के आर्थिक विकास को गति देने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी हितधारकों के लिए लाभप्रद बालू उत्खनन उद्योग को बढ़ावा मिले। साथ ही नए उद्यमियों को जोड़ते हुए बिहार में खनन गतिविधियों को रोजगार और विकास का उभरता हुआ क्षेत्र बनाया जा सके।

# डिप्टी सीएम ने प्रतिज्ञा पूरी किये बिना खोला मुरेठा : अरुण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने मुरेठा खोलने को लेकर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर तंज कसा है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सितंबर 2022 में अपनी मां के श्राद्धकर्म के उपरांत मुरेठा बांधा था और प्रतिज्ञा लिया था कि जबतक नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटा नहीं देंगे तबतक मुरैठा नहीं खोलेंगे। लेकिन सम्राट चौधरी ने प्रतिज्ञा पूरी किये बिना मुरैठा खोलकर अपने पूर्वजों की जग हसाई करने का काम किया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने अयोध्या नगरी के सरयू नदी में स्नान कर सरयू नदी को भी अपवित्र करने काम किया है। वहीं रामलला के मंदिर में मुरैठा समर्पित कर रामलला के मयार्दा का उल्लंघन कर रामलला का घोर अपमान करने का काम किया है। क्योंकि मयार्दा पुरुषोत्तम राम जी रघुवंशी थे। मयार्दा पुरुषोत्तम राम जी का वचन था। रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाय पर वचन न जाई। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सम्राट चौधरी को सार्वजनिक रूप से बताना चाहिए कि राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि के लिए कुछ भी बोलते रहते हैं। कुछ भी प्रतिज्ञा ले लेते है। राजद प्रवक्ता ने आगे कहा कि अब पूरी तरह स्पष्ट हो गया कि भाजपा के डीएनए में ही अपने वचनों और संकल्पों से पलटना है।

# कैसे रूकेगा पुलों के गिरने का सिलसिला : कांग्रेस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता आनन्द माधव ने पुल गिरने की घटना को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा है कि भ्रष्टाचारियों के चंगुल में सरकार बुरी तरह फंस चुका है जिसका सीधा असर जनता पर पड रहा है और जनता को अपार दुख सहना पड रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार बिहार में पुलों के गिरने का सिलसिला इसी बात की गवाही देता है। पुल पुलियों के गिरना थमने का नाम ही नहीं ले रहा। बिहार के सीवान में एक बार फिर पुल गिरने की घटना सामने आई है। सीवान में दो पुल गिरे हैं।सीवान में 10 दिन पहले भी एक पुल गिर गया था। इस बार महराजगंज इलाके में पुल गिरने की घटना हुई है। श्री माधव ने कहा कि इससे पहले सीवान जिले में एक के बाद एक तीन पुल गिर चुके हैं। अब चौथा पुल सारण जिले में गिरने के बाद लोग सरकार की नीति और नीयत पर सवाल तो उठेंगे ही। उन्होंने सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या सरकार के पास नयें पुलों के निर्माण कार्य का कोई नियंत्रण नहीं है? क्या सरकार के पास पुरोनें पुलों के रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं है। कैसे रुकेगा पुलों के गिरनें का यह सिलसिला? क्या इसकी जाँच गहराई से हो पायेगी या फिर सिर्फ लीपापोती होगा। मंत्री से लेकर, अधिकारी एवं ठेकेदार सब शामिल हैं इस भ्रष्टाचार की गंगोत्री में।

## शिक्षा सेवा अधिकारी रघुवंश कुमार को श्रद्धांजलि

पटना। मनेर के शेरपुर निवासी और बिहार शिक्षा सेवा के सेवानिवृत पदाधिकारी रघुवंश कुमार का दाह संस्कार स्थानीय गंगा घाट पर संपन्न हुआ। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ निखिल आनंद में गंगा घाट पर दाह संस्कार के वक्त मौजूद रहकर दिवंगत रघुवंश जी को अंतिम नमन किया। इससे पूर्व उनके निवास स्थान पर बिहार विधान परिषद् के सदस्य एवं शिक्षक नेता डॉ (प्रो) नवल किशोर यादव ने भी दिवंगत आत्मा को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। नवल किशोर यादव ने कहा कि रघुवंश बाबू एक बेहद ही नेकदिल इंसान होने के साथ-साथ बहुत ही कर्मठ एवं ईमानदार पदाधिकारी रहे जो शिक्षा के लिए हमेशा चिंता करते थे और शिक्षकों से भावनात्मक लगाव रखते थे। रघुवंश कुमार शेरपुर के पूर्व मुखिया एवं लोकप्रिय समाजसेवी स्वर्गीय कृष्ण मुरारी शर्मा के पुत्र थे। शेरपुर स्थित गंगा घाट पर डॉ निखिल आनंद के अलावे स्थानीय जनप्रतिनिधि, मुखिया, सरपंच और उनके परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# मेधा पाटकर मामले में सरकार की फासिस्ट चरित्र उजागर : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



अखिल भारतीय किसान महासभा के बिहार राज्य सचिव उमेश सिंह ने प्रेस बयान में कहा है कि दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा दायर मानहानि के मामले में नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता और प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर के खिलाफ दिल्ली के साकेत कोर्ट द्वारा दिया गया फैसला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह न्याय और आजीविका संरक्षण के लिए सरकार की ज्यादतियों से लड़ने वाले सभी जन आंदोलनों के लिए गलत संदेश देता है। उपरोक्त न्यायालय का आदेश सक्सेना द्वारा सबूत के रूप में एक ईमेल के आधार पर अपमान की शिकायत के जवाब में है। मेधा पाटकर को 5 महीने की जेल और 10 लाख रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई गई है। यह फासिस्ट सरकार के चरित्र को पदार्फाश करता है। श्री सिंह ने आगे कहा है कि किसान महासभा को उम्मीद है कि उच्च न्यायालय मेधा पाटकर को न्याय सुनिश्चित करेंगे, और उचित संवेदनशीलता के साथ आम लोगों को न्याय दिलाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखेंगे। किसान महासभा लोगों से आह्वान करता है कि वे कारपोरेट हितों की रक्षा के लिए सत्ता के पदों और कानून की प्रक्रिया के दुरुपयोग करने वाली इस फासिस्ट सरकार को उजागर करें !

# रुपौली उपचुनाव में रिकॉर्ड मतों से होगी एनडीए की जीत : ललन



पटना। जदयू के विधानपार्षद सह प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं व्यावसायिक-उद्योग प्रकोष्ठ के संयोजक ललन सर्राफ ने रुपौली विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार कलाधर मंडल के समर्थन में बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान अपने संबोधन में ललन सर्राफ ने कहा कि रुपौली विधानसभा की महान जनता ने हमेशा सामाजिक न्याय की धारा को मजबूत किया है और इस बार भी यहाँ की जनता मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की करिश्माई जोड़ी के पक्ष में अपना मत देकर इस धारा को आगे बढाएंगे। श्री ललन सर्राफ ने आगे कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में भी रुपौली में एनडीए को बढ़त मिली थी। रुपौली उपचुनाव में वो बढ़त और बढ़ेगी और यहाँ से एनडीए उम्मीदवार श्री कलाधर मंडल की जीत रिकॉर्ड मतों से होगी। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि हर बूथ पर पूरी मुस्तैदी से रहें और अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयत्न करें।

# बीमा भारती के समर्थन में माले का प्रचार-प्रसार हुआ तेज

पटना। भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने रूपौली विधानसभा उपचुनाव में वहां के मतदाताओं से इंडिया गठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार बीमा भारती की जीत सुनिश्चित करने की अपील की है। कहा कि हमारी पार्टी वहां जमीनी स्तर पर लगी हुई है। पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव बैठक कर रहे हैं और बीमा भारती के पक्ष में चुनाव प्रचार चला रहे हैं।

## खान एवं भू-तत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में खनन संबंधी मामलों पर हुई बैठक

# ओवरलोडिंग एवं अवैध गाड़ियों के परिचालन के विरूद्ध स्पेशल ड्राईव चलाएं

- अपर मुख्य सचिव ने बैठक में जाम की समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहने का दिया निदेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



खान एवं भू-तत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय स्थित सभाकक्ष में खनन से संबंधित विविध मामलों को लेकर बैठक हुई। बैठक में बालू के अवैध परिवहन पर रोकथाम एवं यातायात जाम की समस्या से निजात पाने के लिए उपायों पर चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्णय लिया गया। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सुव्यवस्थित यातायात-प्रबंधन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी सम्बद्ध पदाधिकारी सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें। अपर मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकों को निदेश दिया कि अवैध खनन, भण्डारण एवं परिवहन पर रोकथाम हेतु नियमित छापामारी सुनिश्चित कराएँ। खनन में प्रयुक्त वाहनों को एक बार में सड़क पर आने की अनुमति नहीं दी जाए। रोक-रोक कर लगभग 50-50 की संख्या में इन्हें परिचालन की अनुमति दी जाए। निर्धारित अवधि यथा चार-चार घंटे का टाईम स्लॉट निर्धारित करते हुए प्रत्येक टाईम स्लॉट में निर्धारित संख्या में ई-चालान निर्गत किया जाए। सड़क पर बालू लदे ट्रकों का चेक प्वाईंट बनाकर सघन जाँच की जाए। लघु खनिज लदे वाहनों पर कलर कोडिंग (चौड़ी लाल पट्टी) की व्यवस्था तथा जीपीएस-युक्त एवं वीएलटीएस से इन्टीग्रेटेड वाहनों के माध्यम से ही लघु खनिजों का परिवहन एवं वाहनों की लाईट ट्रैकिंग एवं जियो-फेंसिंग की व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित कराएँ। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी से निगरानी की जाए। खनन छापेमारी दल को पर्याप्त संख्या में वाहन उपलब्ध कराया जाए। विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को जो-जो दायित्व दिया गया है उसका समय-सीमा के अंदर समुचित अनुपालन सुनिश्चित करें। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, एनएचएआई, खनन, पथ निर्माण, प्रशासन, पुलिस, विधि-व्यवस्था सहित सभी सम्बद्ध पदाधिकारी अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित कर नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें। अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन कार्य योजना का निर्माण कर अनुपालन सुनिश्चित करें। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि खनिज फाउंडेशन की राशि से मानकों के अनुसार कार्य कराया जा सकता है। सभी जिला आवश्यकतानुरूप चेकपोस्ट के निर्माण हेतु शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराएं। जिला परिवहन पदाधिकारियों एवं जिला खनिज पदाधिकारियों को ओवरलोडिंग एवं अवैध गाड़ियों के परिचालन के विरूद्ध स्पेशल ड्राईव चलाने तथा नियमानुसार दंड लगाने तथा कार्रवाई करने का निदेश दिया। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि प्रमंडल से बाहर के जिलों से समन्वय हेतु उच्च स्तर पर निर्णय लिया जाता है। जनता की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारी प्रतिबद्ध रहें। इस बैठक में पटना, भोजपुर एवं सारण जिला में बालू लदे वाहनों के परिचालन से उत्पन्न जाम की समस्या पर वृहत चर्चा की गई। बिहटा से कोईलवर तक सड़क जाम की समस्या के स्थायी समाधान हेतु प्रस्तावों पर विस्तृत विमर्श किया गया एवं आवश्यक निर्णय लिया गया। आयुक्त श्री रवि ने अपर मुख्य सचिव के संज्ञान में प्रमंडल अंतर्गत विभिन्न जिलों में अवैध खनन पर रोक लगाने तथा यातायात प्रबंधन हेतु किए जा रहे प्रयासों के बारे में विभिन्न तथ्यों को लाया गया।

पूर्व मध्य रेल

ई-ऑक्शन सूचना

ई–ऑक्शन सूचना सं.: SEE-DIV-VANIJYA VIVIDH-24

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, सोनपुर द्वारा पाँच (05) वर्षो की अवधि के लिए सोनपुर मण्डल के अंतर्गत निम्नलिखित ATM का ई–आक्शन के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करती है जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है: **(AA/1) Type of Contract:** ATM, **Train No./Place:** KUE, **Lot No.:** ATM-SEE-KUE-Gen-28-24-1 (ATM general), **(AA/2) Type of Contract:** ATM, **Train No./Place:** THB, **Lot No.:** ATM-SEE-THB-Gen-26-24-1 (ATM General), **(AA/3) Type of Contract:** ATM, **Train No./Place:** CRR, **Lot No.:** ATM-SEE-CRR-Gen-31-24-1 (ATM General), **(AA/4) Type of Contract:** ATM, **Train No./Place:** KRBP, **Lot No.:** ATM-SEE-KRBP-Gen-30-24-1 (ATM General), **(AA/5) Type of Contract:** ATM, **Train No./Place:** MFP, **Lot No.:** ATM-SEE-MFP-Gen-32-24-1 (ATM General), **(AA/6) Type of Contract:** ATM, **Train No./Place:** NNR, **Lot No.:** ATM-SEE-NNR-Gen-25-24-1 (ATM General), **(AA/7) Type of Contract:** ATM, **Train No./Place:** NNA, **Lot No.:** ATM-SEE-NNA-Gen-27-24-2 (ATM General), **Contract Period:** 05 Years, **Date & Time of e-Auction for all lots:** 12.07.2024 at 12:00 hrs. **Catalogue No.**: SEE-DIV-ATM-24, **वैबसाइट पता: www.ireps.gov.in नोट: (1)** ई–नीलामी IREPS (E-Auction leasing portal) पर निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाइन होगी। **(2)** ई– नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के इच्छुक बैंक द्वारा IREPS पोर्टल पर रू. 10000/- + GST (non-refundable) ऑनलाइन जमा कर एक बार पंजीकरण कराना आवश्यक है एवं साथ ही उसके पास भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में चालू खाता हो जो IREPS से लिंक हो, जमानत राशि (EMD) का भुगतान/कटौती ऑनलाइन उसी खाते से होगी। **(3)** ई–नीलामी (E-Auction) से संबन्धित नियम एवं शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction leasing section में उपलब्ध है।

मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, सोनपुर

पीआर/00623/एसईई/सीओएमएल/एन/24–25/52

## संक्षिप्त खबरें

### एमडीएम मध्य की राशि भुगतान नही करने से भेंडर उदासीन

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के 14 पंचायत में 109 विद्यालय में प्राथमिक एव मध्य विद्यालय में विगत चार माह से विद्यालय एमडीएम भेंडर को शिक्षा विभाग के जिला एमडीएम प्रभारी द्वारा एमडीएम मध्य की राशि भुगतान नही करने से भेंडर उदासीन है. विद्यालय के भेंडर राम दुलार सिंह राम सेवक सिंह फेकन मंडल ने बताया कि माह मार्च से जून तक अपने निजी राशि से बाजार से समान खरीददारी करके विद्यालय में मध्याह्न भोजन के लिए विद्यालय में उपलब्ध कराया जाता है.लेकिन जिला एमडीएम प्रभारी के लचीलापन से राशि भुगतान नही होने पर बाजार की दुकानदार की ज्यादा राशि बकाया होने पर अब समान देने से कतरा रहे है.

### आम तोड़ने के विवाद में कुदाल से काटकर मां बेटे की हत्या

मधुबनी ज़िला के भैरव स्थान थाना क्षेत्र के काको पंचायत स्थित झौआ गाँव में आम तोड़ने के विवाद में कुदाल से काटकर मां बेटे की हत्या ।घटना भैरवस्थान थाना क्षेत्र के काको पंचायत स्थित झौआ गाँव की है ।बताया जाता है आम तोरने के विवाद को लेकर खूनी संघर्ष में मां बेटा को कुदाल से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया।घटना आम तोड़ने को लेकर विवाद हुआ जिसकी वजह से दो व्यक्ति की हत्या की गई सरोज यादव अपने पिता के साथ गुजरात से बीती रात घर आया और अगले सुबह विजय यादव और उसके मां को अपने पिता और मां के साथ मिलकर हत्या कर दिया।जोकि ग्रामीणों ने बताया पुलिस दोनों मां बेटे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल मधुबनी भेजा गया और जांच में जुटी पुलीस इस डबल मर्डर के आरोपियों कि गिरफ्तारी के लिये छापेमारी जारी है।

### शीतल प्रसाद यादव की मनाई गई पुण्यतिथि श्रद्धांजलि दी गई

विभूतिपुर/समस्तीपुर महान शिक्षाविद स्वर्गीय शीतल प्रसाद यादव की 11वीं पुण्यतिथि तिथि उनके महिषी स्थित आवास पर उनके तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर बीआरएनकेएस कॉलेज कल्याणपुर के प्राचार्य सूर्यदेव प्रसाद सिंह, संत कबीर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य जिला केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष बिनोद कुमार, परमवीर, प्रोफेसर चंद्रवीर, तृप्ति नारायण सिंह,पूर्व प्राचार्य महेंद्र प्रसाद सिंह, समाजसेवी राजकुमार राय आदि उपस्थित थे।वहीं कार्यक्रम में बीआरएनकेएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर गणेश प्रसाद यादव की खल रही थी।

### द्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के चकहबीब निवासी स्मृतिशेष शत्रुध्न मिश्र की दिवंगत आत्मा की शांति के हेतु रामबरन मानव गोष्ठी के सदस्यों के द्वारा उनके आवासीय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गोष्ठी अध्यक्ष अरुण कुमार झा ने स्वरचित भावपूर्ण काव्य श्रद्धांजलि द्वारा दिवंगत आत्मा को नमन किया। वही रामबली दास, शत्रुध्न पांडेय, अशोक पांडेय, राम गोविंद सिंह, रामबली सिंह, विभीषण पंडित, महिषी पंचायत के पूर्व मुखिया कपिलेश्वर कुंवर, चंद्रकांत ईसर, शोभाकांत ईसर, सुशील झा, नगेन्द्र झा, चंदन मिश्र, सुलपाणि झा, केदार राय आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### युवती की बिजली के करेंट लगने से मौत

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)।प्रखंड क्षेत्र के केवटगामा पंचायत अन्तर्गत सलमगढ गांव में एक बिबाहिता की मौत विधुत करेंट लगने से हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार सलमगढ गांव निवासी ओमप्रकाश राय की 32 वर्षिय पत्नी संजनी कुमारी की मौत घर के गेट पर लगे ग्रील में अचानक करेंट आ गया और उसे सपंर्क में आने से उनकी मौत हो गई।मृतक घर में अकेली थी जेसे ही घर का गेट खोलकर बाहर निकल रही तभी ग्रील से हाथ टच कर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।मृतक के छोटे पुत्र ने मां को घिरा देखकर चिल्लाया तब आसपास के ग्रामीण उठाकर इलाज कराने गया लेकिन डाक्टर ने मृत बताया ।मृतक अपने पिछे पति के अलावा दो पुत्र और दो पुत्री छोड़कर चल बसी।इसके बाद गांव के शमशान में अंतिम संस्कार किया गया।

### पीड़ित परिवार से मिले आलोक मेहता, दी सांत्वना

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महम्मदपुर सकड़ा पंचायत में पिछले दिनों बाईक सवार अपराधियों द्वारा सीएसपी संचालक से लूट के बाद अंधाधुंध फायरिंग किया गया था। जिसमें सीएसपी संचालक रजनीश कुमार का ममेरा भाई उजियारपुर थाना क्षेत्र के रामचन्द्रपुर अंधैल निवासी स्वर्गीय योगी राय के पुत्र अजय यादव व महमदपुर सकड़ा पंचायत निवासी मंजय सहनी की पत्नी सुशीला देवी की मौत हो गई थी।घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री सह उजियारपुर विधायक आलोक कुमार मेहता सर्वप्रथम मृतिका सुशीला देवी के यहां पहुंचकर परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया।तत्पश्चात सीएसपी संचालक रजनीश कुमार के यहां पहुंचकर परिजनों से मिलकर जानकारी हासिल किया।

# सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो, लिपिक व विशेष सर्वेक्षण अमीन को दिया गया नियुक्ति पत्र

## विधायक, जिलापरिषद अध्यक्ष व प्रभारी जिलाधिकारी के हाथों दिया गया नियुक्ति पत्र

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा भू अभिलेख तथा परिमाप निदेशालय बिहार सरकार द्वारा नवनियुक्त सर्वेक्षण कर्मियों की नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित हुआ ।उक्त कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के द्वारा राजधानी पटना में किया गया ,जिसका लाइव प्रसारण दरभंगा के ऑडिटोरियम में भी किया गया।विशेष सर्वेक्षण कार्य हेतु चयनित अभ्यार्थियों जिनमें विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी 15, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो 27 विशेष सर्वेक्षण लिपिक 30 विशेष सर्वेक्षण अमीन 266 को विधायक बेनीपुर विनय कुमार चौधरी, जिला परिषद अध्यक्षा सीतादेवी,प्रभारी जिलाधिकारी सह नगर आयुक्त कुमार गौरव,अपर समाहर्ता राजस्व नीरज कुमार दास एवं उप निदेशक जन-संपर्क सत्येंद्र प्रसाद के कर-कमलों से दरभंगा, प्रेक्षागृह में नियोजन पत्र वितरण किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि आज दरभंगा जिला में 338 अभ्यर्थियों को नियोजन पत्र प्रदान किया गया है। जिनमें विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, पंकज कुमार, सुनील मिश्रा, सुमित कुमार, मंगल कुमार, मो. महबूब, हैप्पी कुमारी, सुप्रिया ,सोनल राज, प्रज्ञा कुमारी,कोमल कुमारी, कुँवरजीत राजा ,प्रिंस कुमार, आलोक रंजन आदि शामिल है।विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के पप्पू कुमार,अमित कुमार, नव्या, प्रदीप कुमार, कृष्ण कुमार,गौतम कुमार, प्रेम कुमार अर्चना, विनीता कुमारी, प्रिया कुमारी, यशवंत कुमार एवं घनश्याम कुमार आदि को नियुक्ति वितरण पत्र किया गया। विशेष सर्वेक्षण लिपिक पद हेतु सुजीत कुमार रूबी कुमारी स्वीटी कुमारी अनुपम कुमारी विनीत कुमार रमेश कुमार पप्पू कुमार रितेश कुमार अनिल कुमार दीपक कुमार ज्ञान भारती श्वेता कुमारी, अनिता कुमारी कंचन कुमारी रमेश कुमार एवं गौरव कुमार हाथी को विशेष समारोह आयोजित कर नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।विशेष सर्वेक्षण अमीन पद हेतु जिनमें मधुमाला, प्रियंका कुमारी,सविता कुमारी, शालिनी कुमारी,खुशबू कुमारी, आयुषी कुमारी, मधु कुमारी, अनामिका सिंह, रेखा, रीमा कुमारी,विभा कुमारी, रक्षा कुमारी, मोनिका कुमारी, कुमारी ममता यादव, रमेश कुमार चौधरी, शशि रंजन कुमार,शिवम कुमार आदि को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी ने बधाई देते हुए उन्हें अपने पदस्थापन कार्यालय में जाकर सर्वे कार्य को सरकार के निर्देश के आलोक में यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिए।

## जिले में सम्पूर्णता अभियान की शुरूआत आज से

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।नीति आयोग द्वारा संचालित आंकाक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम अन्तर्गत 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक सम्पूर्णता अभियान चलाया जाएगा।इस अभियान के अन्तर्गत 6 सूचकांक जो आकांक्षी जिला से संबंधित है एवं 6 सूचकांक जो आंकाक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम से संबंधित है, दोनो स्तर पर 30 सितम्बर तक शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना है। सम्पूर्णता अभियान को सफल बनाने तथा जिले के 6 सूचकांक में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित प्लान एवं रणनीति के अनुरूप 30 सितम्बर तक हर हाल में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का सख्त निर्देश दिया। विदित हो कि सम्पूर्णता अभियान के तहत मुजफ्फरपुर जिला तथा मुशहरी प्रखण्ड को क्रमशः आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखण्ड के रूप में चयन कर स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं शिक्षा के 6 सूचकांक को निर्धारित कर तीन माह के भीतर शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करनी है। इसके लिए 4 जुलाई को जिला स्तर पर, 5 जुलाई को मुशहरी प्रखण्ड में तथा 6 जुलाई को मुशहरी प्रखण्ड के सभी ग्राम पंचायत में सम्पूर्णता अभियान को जनांदोलन के स्वरूप में शुभारंभ किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को साप्ताहिक बैठक कर कार्य में प्रगति लाने, मुशहरी प्रखण्ड स्तर पर पाक्षिक बैठक करने तथा जिला स्तर पर मासिक बैठक कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य में तेजी लायी जाएगी। सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत 6 सूचकांक में गर्भवती महिलाओं का ए.एन. सी. पंजीकरण बढ़ाना, उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच को बढ़ाकर शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषाहार में सुधार लाते हुए शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना, किसानों की मिट्टी जांच कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना, जीविका द्वारा समूह ऋण बढ़ाते हुए ससमय ऋण देना और उसकी वसूली करना शामिल है। बैठक में सहायक समाहर्ता . आकांक्षा आनंद, जिला योजना पदाधिकारी नवीन कुमार, डी.पी.एम. जीविका अनिशा गांगूली, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मुशहरी चंदन कुमार सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थें।

## मनरेगा के तहत इस बर्ष जिले में 8.26 लाख पौधा लगाने का लक्ष्य




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में जल जीवन हरियाली अभियान एवम् मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि वर्तमान में जल जीवन हरियाली अभियान की ज़िला रैंकिंग २० है जिसे बढ़ाने हेतु सभी संबंधित को निर्देशित किया गया। वही मनरेगा के तहत इस वर्ष में 8.26 लाख पौधारोपण करने का लक्ष्य है जिसे बरसात के इस मौसम में करने हेतु सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा को निर्देशित किया गया। वृक्षारोपण के तहत देशी पौधों को बढ़ावा देने पर बोल दिया गया। वृक्षारोपण के कार्य में प्रगति लाने हेतु सभी प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा से वृक्षारोपण के लक्ष्य नर्सरी की स्थिति, पौधों के उठाव, वाहन की व्यवस्था आदि बिंदु पर फीडबैक प्राप्त किया गया। बैठक में सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जीविका के साथ समन्वय स्थापित कर नर्सरी का विजिट करने तथा पौधों का उठाव कर वृक्षारोपण का कार्य सोमवार से शुरू करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को अपने प्रखंड अंतर्गत पंचायतवार लक्ष्य के अनुरूप पौधा का रोपण कर फोटो भेजना तथा डेटा प्रविष्टि करते हुए लेबर इंगेजमेंट बढ़ाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही आधार सीडिंग , आधार आधारित भुगतान ,ड्यू पेमेंट, कार्य की पूर्णता, सोशल ऑडिट कराने, ईमास्टर रोल तैयार करने, जॉब कार्ड निर्गत करने, ससमय भुगतान करने तथा आंगनवाड़ी निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सोखता का निर्माण, कुआं का जीर्णोद्धार, नए जल स्त्रोतों का सृजन, वाटर हार्वेस्टिंग आदि की भी समीक्षा करते हुए मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा मनरेगा योजना की अलग से विस्तृत बैठक की जाएगी । उन्होंने उपविकास आयुक्त को योजनाओं की नियमित समीक्षा एवं मानिटरिंग कर प्रगति लाने का निर्देश दिया । बैठक में उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी सहायक समाहर्ता डॉ आकांक्षा आनंद, डायरेक्टर डीआरडीए सहित सभी प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा एवं कनीय अभियंता मौजूद थे।

## रीचार्ज की कीमत में बढ़ोतरी के विरुद्ध प्रतिवाद मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।निजी दूरसंचार कंपनियों द्वारा नेट पैक एवं मोबाइल रिचार्ज की कीमतों में मनमाने तरीके से की गई बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ अखिल भारतीय प्रतिवाद दिवस पर मोतीझील, मुजफ्फरपुर में युवा संगठन ए आई डी वाई ओ के बैनर तले मंगलवार को प्रतिवाद किया गया। इस अवसर पर प्रतिवाद सभा को संबोधित करते हुए ए आई डी वाई ओ के बिहार राज्य अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने कहा कि आज आधुनिक विज्ञान के युग में टेलीकॉम टैरिफ जीवन का महत्वपूर्ण अंग बन चुका है। ऑनलाइन क्लासेस, ऑनलाइन ट्रांजैक्शन, ऑनलाइन फॉर्म फिल अप ,ऑनलाइन एग्जामिनेशन के लिए छात्र युवाओं सहित हर वर्ग की निर्भरता बढ़ती जा रही है। मंहगाई,बेरोजगारी जैसी अन्य समस्याओं से आम जनता त्रस्त है। ऐसी स्थिति में नेट पैक एवं मोबाइल रिचार्ज कि कीमतों में बढ़ोतरी कर आम जनता पर उपर से और मंहगाई का बोझ लादने के समान है।उन्होंने कहां की यह बहुत ही शर्म की बात है जब आम आदमी अपने जीवन के इस कठिन दौड़ से गुजर रहा है तब ऐसी स्थिति में प्राइवेट कंपनियों को मनमानी कीमतें बढ़ाने के लिए बेलगाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूरसंचार नियामक प्राधिकरण , जिसमें मोबाइल उपभोक्ताओं के हित में निष्पक्ष पारदर्शी एवं सुरक्षित नीति का नीति व माहौल बनाने की अपेक्षा की जाती है ।यह ऐसी स्थिति में निजी कंपनियों पर रोक लगाने की बजाय मुक दर्शक बनकर बैठी है और वह इन कंपनियों को उपभोक्ताओं को लूटने का अपना मौन समर्थन दे रही है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा संगठन इस सरकारी संस्था ट्राई से मांग करता है कि रिचार्ज व नेट पैक में की गई वृद्धि को अविलंब अपने प्रभाव से निजी कंपनियों को उपभोक्ताओं के हित में वापस लेने के लिए मजबूर करें और साथ ही साथ सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल को पुनर्जीवित करते हुए उचित किफायती मूल्य पर संचार सेवाएं प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। अन्यथा हमारा संगठन और व्यापक जन आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## मदरसो के प्रबंध समिति के चयन के आदेश का विरोध

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।राज्य के ऐसे सभी मदरसे जिसके प्रबंध समिति का कार्यकाल तीन साल या उससे अधिक हो चुका है के प्रबंध समिति का नए सिरे चुनाव कराने के आदेश का विरोध शुरू हो गया है। मदरसा बोर्ड के सचिव अब्दुस सलाम अंसारी ने बीते 28 जून को पत्र जारी कर राज्य के सभी मदरसों के हेड मौलवी को प्रबंध समिति का गठन करने का आदेश दिया था। इसमें कहा है कि जिस प्रबंध समिति का कार्यकाल तीन साल या उससे अधिक हो गया है, वैसे मदरसों के प्रबंध समिति का नए सिरे से गठन कर बोर्ड को सूचित कर इसके अनुमोदनार्थ बोर्ड को कागजात जमा कराएं । बोर्ड के सचिव के इस आदेश का विरोध शुरू हो गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिसे मुशावरत के जिला महासचिव मोहम्मद इश्तेयाक ने मदरसा बोर्ड को इस संबंध में पत्र भेजकर विरोध जताया है। उन्होंने कहा है कि जब तक राज्य में मदरसा बोर्ड का गठित नहीं होता है तब तक मदरसों के प्रबंध समिति का गठन करना गलत होगा। क्योंकि सिर्फ मदरसा बोर्ड और उसके चेयरमैन को ही गठित होने वाले प्रबंध समिति को अनुमोदित करने की शक्ति है। बोर्ड के प्रशासक या सचिव प्रबंध समिति का अनुमोदन नहीं कर सकते हैं। ऐसे में जब तक मदरसा बोर्ड का गठन नहीं होता है तब तक किसी भी मदरसे के प्रबंध समिति को भंग कर नए सिरे से इसका गठन करना अवैध होगा। बगैर बोर्ड के अनुमोदन के गठित होने वाले प्रबंध समिति के लिए कार्यालय आदेश किया जाना वित्तीय व्यय घोटाला के श्रेणी में आ जाएंगे। मोहम्मद इश्तेयाक ने मदरसा बोर्ड के सचिव को पत्र भेजकर मदरसों के प्रबंध समिति के नए सिरे से गठन संबंधित जारी किए गए आदेश को वापस लेने का आग्रह किया है। उन्होंने महामहिम राज्यपाल , मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को भी आवेदन भेजकर आदेश को निरस्त कराने का आग्रह किया है। बताया है कि मुजफ्फरपुर ही नहीं राज्य स्तर पर मदरसा बोर्ड के सचिव के आदेश का विरोध हो रहा है।

## बाढ़ से स्थाई निदान दिलाने हेतु नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की ऐतिहासिक पहल : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा।उत्तर बिहार को बाढ़ से स्थाई निदान दिलाने हेतु पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक पहल किया, उक्त बातें दरभंगा सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 28 जून को एक उच्चस्तरीय कमिटी का गठन किया है, जो मिथिला क्षेत्र सहित पूरे उत्तर बिहार को बाढ़ से स्थाई निदान दिलाने संबंधित विभिन्न विषयों और संभावनाओं पर स्टडी कर केंद्र सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर बिहार को बाढ़ से स्थाई निदान मिले, इसको लेकर वह वर्षों से प्रयासरत रहें है और 22 मार्च 2021 को नियम 377 के तहत लोकसभा के पटल पर बाढ़ से स्थाई निदान दिलाने हेतु विस्तृत मांग कर चुके है। सांसद ने कहा कि 13 मार्च 2020 एवं तत्पश्चात 11 अगस्त 2021 को पीएम नरेंद्र मोदी, 30 जुलाई 2021 एवं 07 फरवरी 2024 को गृह मंत्री अमित शाह तथा 11 जून 2021 को तत्कालीन जल शक्ति मंत्री को अनुरोध पत्र सौंपकर एवं इस विषय से विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए, इस दिशा में ठोस पहल करने की मांग कर चुके है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वह सभी उचित जगहों पर भी बाढ़ के स्थाई निदान के मुद्दे को प्रमुखता से रखते आ रहे है। सांसद ने कहा कि बाढ़ का स्थाई समाधान मिथिला एवं उत्तर बिहार के लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग रही है। उन्होंने कहा कि मिथिला एवं उत्तर बिहार के लोगों को विश्वास है कि अगर कोई सरकार इसका समाधान कर सकती है तो वह सिर्फ एनडीए सरकार ही कर सकती है।

## सशस्त्र सीमा बल के द्वारा 640 बोतल प्रतिबंधित दवाइयाँ, किराना सामान एवं गाड़ी सहित एक तस्कर को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी कमला के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। सम वाय प्रभारी कमला उप निरीक्षक सामान्य स्वाती त्यागी ने खुद की अगुवाई में एक डेप्थ एरिया पेट्रोलिंग निकाला । भारत-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 270/13 से लगभ 2.8 कि॰ मी॰ की दूरी पर भारतीय क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल के जबानों को आते देख कुछ संदिगध वयक्ति टाटा-407 गाड़ी से उतर कर भागते हुए प्रतीत हुए और तब डेप्थ एरिया पेट्रोलिंग टीम के द्वारा फौरी कार्यवाही करते हुए 640 बोतल प्रतिबंधित दवाइयाँ कोडिवेल्ल कफ सिरफ 100 मिली लिटर किराना सामान टाटा-407 सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार किए गए तस्कर का विवरण निम्न है ।श्रवण कुमार सह उम्र19 सपुत्र राम कुमार सह गाँव गोडांटोल वार्ड न॰03 पुलिस स्टेशन लदनिया जिला मधुबनी बिहार जब्त किए गए प्रतिबंधित दवाइयाँ गाड़ी एवं गिरफ्तार तस्कर को अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस स्टेशन जयनगर को सपुर्द कर दिया गया है। भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार के अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा ।विवेक ओझा कार्यवाहक कमांडेंट 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है। भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

## नव निर्माण विद्यालय भवन अभी तक मूलभूत सुविधा से बंचित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के + 2 उच्च माध्यमिक विद्यालय कसमा मरार नव निर्माण दो तल्ला भवन वर्ष 2014 ,15 में करोड़ो रुपए की लागत से विभाग द्वारा निर्माण कराया गया है. लेकिन नव निर्माण विद्यालय भवन अभी तक मूलभूत सुविधा से बंचित है.वही +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय की नव निर्माण भवन निर्माण में संवेदक एव सर्व शिक्षा अभियान के जूनियर अभियंता सहायक अभियंता की मिली भगत से विद्यालय भवन में घटिया मेटीरियल प्रयोग करने से सात वर्ष में ही छत से बरसात की पानी टपकने लगा है.जिस कारण क्लास रूम में बरसात की पानी लगने से विद्यालय में छात्र, छात्राओं की पठन पाठन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है. वही विद्यालय के शिक्षक हरेराम प्रसाद, श्याम प्रसाद मंडल एव अमर कुमार चौधरी ने बताया कि + 2 उच्च माध्यमिक विद्यालय में 9वीं एव दसवीं की कक्षा में कुल 254 छात्र,छात्राएं की नामांकन है. इन छात्र,छात्राओं की बैठने के लिए कुल 60 जोड़ी बेंच,डेस्क विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया है. वही 11वीं एव 12वीं क्लास में वच्चों को बैठने के लिए एक भी बेंच एव डेस्क अभी तक क्लास रूम में विभाग द्वारा मुहैया नही कराया गया है. जब कि विद्यालय में पठन पाठन वर्ष 2016 में ही शिक्षा विभाग द्वारा शुरू कर दी है. वही विद्यालय में पेयजल की संकट, जर्जर शौचालय, प्रथम तल पर कमरा की फर्स जर्जर, क्लास रूम में पंखा, बल्व, प्रधानाचार्य कमरा में कुर्सी,टेबुल, अलमीरा, खेल कूद की समान सहित अन्य समान विभाग द्वारा उपलब्ध नही कराने से विद्यालय मूलभूत से बंचित है. वही विद्यालय में प्रथम तल एव दुतीय तल मिलाकर 16 कमरों में न तो बिजली पंखा एव बल्व नही लगाया गया है. वही विद्यालय भवन के छत पर लगे वाटर टैंक की जर्जर हालत से विद्यालय में पानी की किल्लत से छात्र,छात्राएं को शौच के लिए खुली खेत मे जाने में मजबूर होना पड़ता है.वही विद्यालय के एचएम प्रभास कुमार सरहान ने बताया कि कई बार विद्यालय मूलभूत सुविधा से बंचित की शिकायत जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड़ शिक्षा पदाधिकारी एव सर्व शिक्षा अभियान के जूनियर अभियंता एव सहायक अभियंता को देने के बाबजूद भी अभी तक विभाग द्वारा सुविधा प्रदान नही किया गया है.

## इनर व्हील क्लब ऑफ मधुबनी द्वारा डॉक्टरों को किया गया सम्मान



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी प्रतिवर्ष एक जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। मेडिकल सर्विस से जुड़े लोगों के कठिन कार्यों को सम्मान देने के भाव से भारत में डॉ. विधान चन्द्र राय की याद में उनके जन्मदिवस पर मनाया जाता है। मधुबनी जिला के किरिप्स हॉस्पिटल में इनर व्हील क्लब ऑफ मधुबनी द्वारा चिकित्सकों और अन्य चिकित्सा कर्मियों को पाग, दोपट्टा,पौधा और मिष्टान्न के साथ सम्मानित किया गया। चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए इनर व्हील क्लब ऑफ मधुबनी की अध्यक्षा रीना मुरारका और पूर्व अध्यक्षा दीपशिखा सिंह सचिव अनुराधा अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनीषा लाल,संपादक निधि भुबना,सदस्य सपना मुरारका ने कहा कि डॉक्टरों को पृथ्वी का भगवान कहा जाता है और कई बार इन्होंने ऐसा सिद्ध भी किया है ।कोरोनाकाल और इससे पहले भी सैकड़ों बार चिकत्सकों ने स्वयं को सत्यापित किया है जब-जब समाज को इनकी आवश्यकता पही है तो पूरे निष्ठापूर्वक उन्होंने अपने कर्तव्यों का वर्णन किया है ।वहीं सम्मानित होने के बाद डॉ.ने कहा कि आज के दिन सभी डॉक्टरों को अपने कार्यों की समीक्षा करनी चाहिए और पूरी तन्मयता से जनसेवा करना चाहिए। देखा जाए तो जिला मे इनर व्हील क्लब ऑफ मधुबनी अच्छा कार्य समाज में कर रही हैं ।और यह सुखद संकेत है। सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में क्रिप्स हॉस्पिटल के डायरेक्टर एम नियाजी और सभी डॉक्टर नर्स मेनेजर सभी को सम्मानित किया गया मिथिला के परंपरा अनुसार। क्रिप्स हॉस्पिटल के डायरेक्टर एम नियाजी सर का कार्य और उनके सहयोग के बारे मे आए हुए सामान करता ओ ने कहा कि सर का कार्य निराला है हम लोगों ने कई गरीब असहाय लोगों को सर के रहते हुए इलाज में मदद कर पाए हैं यह क्रिप्स हॉस्पिटल मधुबनी के लिए एक सम्मान जैसा बन चुका है इसीलिए आज के शुभ अवसर पर एक सम्मान कार्यक्रम करने का मन में उबाल के आया इसलिए डॉक्टर डे पर आज हम सब ने इस कार्यक्रम को रखा है ।मौके पर क्रिप्स हॉस्पिटल के डॉक्टर गर्मी डायरेक्टर मैनेजर,इनर व्हील क्लब ऑफ मधुबनी,अध्यक्षा रीना मुरारका,सचिव अनुराधा अग्रवाल,कोषाध्यक्ष मनीषा लाल,संपादक निधि भुबना, सदस्य सपना मुरारका पूर्व अध्यक्षा दीपशिखा सिंह शामिल हुए।

## नियुक्ति पत्र पाकर काफी खुश दिखे नवनियुक्त अधिकारी एवं कर्मी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी नगर भवन, मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम में नव नियोजित विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोवस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण लिपिक एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन को नियोजन पत्र का वितरण किया गया ।विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोवस्त पदाधिकारी पद हेतु 16विशेष सर्वेक्षण कानूनगो पद हेतु 32विशेष सर्वेक्षण लिपिक पद हेतु 35विशेष सर्वेक्षण अमीन पद हेतु 201 कुल 284 संख्या में नियोजन पत्र का वितरण किया गया है। इसके पूर्व उक्त कार्यक्रम में पटना में माननीय मुख्यमंत्री जी की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया,जिसमे माननीय मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सभी ने सुना। माननीय विधान सभा सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ, जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा,जिला परिषद अध्यक्षा बिंदु गुलाब यादव,एडीएम शैलेश कुमार आदि ने नियोजित अधिकारियों एवं कर्मियों को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र दिया एवं उन्हें शुभकामनाएं भी दी ।विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोवस्त पदाधिकारी के पद पर नव नियुक्त चन्दन कुमार,स्वीटी कुमारी,दीपा,निधि गुप्ता अभिनव निराला विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के पद पर नव नियुक्त ज्ञान प्रकाश रंजन, नेहा कुमारी,विशेष सर्वेक्षण लिपिक के पद पर नव नियुक्त नीतू कुमारी , राजेश कुमार ,विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर नव नियुक्त श्वेता प्रिया एवं प्रसन्न कुमार आदि नियुक्त प्रत्र पाकर खुश एवं उत्साहित दिखे ।उन्होंने बिहार सरकार खासकर म्माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,को धन्यवाद भी दिया ।उक्त कार्यक्रम में माननीय विधानसभा सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा, जिलापरिषद अध्यक्षा श्रीमती बिन्दु गुलाब यादव,अपर समाहर्ता, शैलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, परिमल कुमार, नजारत उप समाहर्ता, मयंक सिंह, प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा, कुमार निशांत, प्रभारी बंदोबस्त पदाधिकारी, मुन्ना प्रसाद सिंह आदि उपस्थित थे।

## गृह प्रखंड के साहित्यकार बाबा की जयंती से अछूते

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर( दरभंगा ) । काल व संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वधान में 30 जून को तरौनी गांव स्थित नागार्जुन पुस्तकालय पर जनकवि बाबा वैद्यनाथ मिश्र यात्री नागार्जुन की 114वीं जयंती समारोह में बेनीपुर के साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमियों को शिरकत करने के लिए आमंत्रण नहीं करना चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुबह से लेकर देर रात तक लगे रहे। बाबा नागार्जुन के पैतृक गांव बेनीपुर प्रखंड के तरौनी है। गृह प्रखंड के बहेड़ा, नवादा, पोहद्दी, डखराम, बेनीपुर, आशापुर, बैगनी के आधा दर्जन से अधिक गांव व मुहल्ला में रहने वाले साहित्यकार व साहित्य प्रेमी में आशा था, कि तरौनी गांव में राजकीय समारोह में बाबा की जयंती पर शामिल होने के लिए स्थानीय प्रशासन आमंत्रित करेगी, लेकिन उनके आशा पर निराशा फिर गया। साहित्यकार अर्जुन झा, चंद्रमणि झा, केसी झा, प्रो राजानंद झा, सुरेंद्र झा, प्रो सुरेश प्रसाद सिंह, डॉ माधुरी राय डॉ रमन कुमार झा आदि साहित्यकार को बीते दो बार से तरौनी में मनाए जाने वाली बाबा की जयंती में स्थानीय प्रशासन द्वारा इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित नहीं किया जा रहा है। कुछ साहित्यकार बताते हैं कि बाबा के गृह प्रखंड के साहित्यकार को प्रशासन बाबा के कार्यक्रम में शिरकत होकर श्रद्धा सुमन अर्पित करने से वंचित रखना दुर्भाग्यपूर्ण बात है। राजद के प्रदेश सचिव कमल राम विनोद झा उर्फ कमल सेठ ने कहा कि बाबा शोषित, पीड़ित एवं गरीब-गुरुबा की पीड़ा को अपनी लेखनी से हमेशा उजागर करते रहे। उनके कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने के लिए प्रशासन को बुलाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, बाइक चालक हुआ घायल

जमुई [ झाझा ] करहरा से बोड़वा जाने वाले मुख्य मार्ग स्थित घुटिया मोड़ के पास एक बाइक में अज्ञात वाहन के द्वारा टक्कर मार देने से बाइक चालक घायल हो गया। सड़क पर घायल अवस्था में गिरे पड़े युवक की पहचान दरियो गांव के रहने वाले विशुन यादव का पुत्र नकुल यादव के रूप में हुई है। कुछ लोगों के द्वारा घायल युवक की पहचान कर परिजनों को सूचना देने के अलावे डायल 112 की पुलिस को दिया जिसके बाद परिजन और डायल 112 की पुलिस टीम की मदद से घायल युवक को घटना स्थल से उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां डयूटी पर मौजूद डॉ. सत्यजीत प्रियदर्शी के द्वारा घायल युवक का इलाज किया गया। कान और नाक से खून निकलने के कारण युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई थी जिसके कारण डॉक्टर ने घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई भेज दिया। घायल युवक बोड़वा क्षेत्र से अपने मामा के घर से बाइक से अपने घर दरियो लौट रहा था।

### मुहर्रम पर्व को ले शांति समिति की बैठक के लिए की गई तिथि निर्धारित, एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को लिखा पत्र

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) आगामी मुहर्रम त्यौहार को लेकर उदाकिशुनगंज अनुमंडल क्षेत्र के थाना स्तर पर शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक करने के लिए एसडीएम एसजेड हसन ने अलग-अलग तिथि का निर्धारण किया है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद उदाकिशुनगंज, नगर पंचायत आलमनगर एवं बिहारीगंज के अलावा अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थानाध्यक्ष व ओपी अध्यक्ष सभी सहायक अभियंता, कनीय अभियंता विद्युत आपूर्ति, सभी सहायक, कनीय अभियंता पीएचईडी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सभी अग्निशाम पदाधिकारी उदाकिशुनगंज अनुमंडल क्षेत्र को पत्र प्रेषित किया गया है। बताया गया है कि इस वर्ष दिनांक 17 जुलाई 2024 को मुहर्रम का त्योहार मनाया जाना है। इस निमित्त सभी समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों के साथ थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आवश्यक है। अपने-अपने थाना परिसर में सभी समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों के साथ शांति समिति की बैठक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उदाकिशुनगंज थाना में 4 जुलाई को 4 बजे, मंजौरा कैम्प में 5 जुलाई को 3 बजे, पुरैनी में 5 जुलाई को 4 बजे, फुलौत में 6 जुलाई को 3 बजे, चौसा में 6 जुलाई को 4 बजे, अरार में 8 जुलाई को 3 बजे, ग्वालपाड़ा में 8 जुलाई को 4 बजे, बिहारीगंज में 9 जुलाई को 4 बजे, आलमनगर में 10 जुलाई को 3 बजे, रतवारा में 10 जुलाई को 4 बजे बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें एसडीएम एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उदाकिशुनगंज भी उपस्थित रहेंगे।

# पंचायत स्तर पर अधिकारी करेंगे जनसंवाद

## बाढ़ व विकास को लेकर एसडीएम ने अधिकारियों के साथ की समीक्षात्मक बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) अनुमंडल कार्यालय के सभाकक्ष में एसडीएम एसजेड हसन ने क्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बाढ और विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं पंचायत स्तर पर जनसंवाद लगाने की बात कही गई। पंचायत स्तर पर लगने वाले जनसंवाद कार्यक्रम में सभी विभाग के स्टाल लगाने का निर्देश दिया गया। जनसंवाद के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। अधिकारी लोगों से फीडबैक लेंगे कि उन्हें योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। यदि लाभ नहीं मिल रहा है तो इसकी वजह क्या है। कहीं लोगों को जानकारी का तो अभाव नहीं है। जनसंवाद में लोगों से आवेदन भी लिए जाएंगे। एसडीएम द्वारा बताया गया कि जनसंवाद की तरह पंचायत स्तर पर सरकार के विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के निमित्त जीविका के माध्यम से कार्यकम का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में यह भी बताया गया कि उक्त कार्यक्रम के निमित्त प्रखंड परियोजना प्रबंधक, जीविका संयोजक के रूप में कार्य करेंगे। बैठक पंचायत स्तर पर दो स्थानों पर होना है। वैसे स्थान जहां महिला ग्रुप की संख्या अधिक हो। जहां महिला ग्रुप बना ही नहीं हो। इस संबंध में प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका को निर्देश दिया गया कि वह प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर रोस्टर तैयार करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वह इस निमित्त प्रखंड स्तर पर संबंधित अंचल अधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी के साथ बैठक सुनिश्चित करेंगे। उसके बाद प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका के साथ संयुक्त रूप से रोस्टर तैयार कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में बताया गया कि बरसात का मौसम प्रारंभ हो गया है। ऐसी स्थिति में बैठक पंडाल में नहीं कर यथासंभव बाढ़ आश्रय स्थल पंचायत सरकार भवन में किया जाना श्रेयस्कर होगा। बैठक में भू-समाधान भवन के निर्माण से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा के कम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, पुरैनी, चौसा, उदाकिशुनगंज एवं आलमनगर द्वारा बताया गया कि उनके प्रखंड अंतर्गत थाना में भू-समाधान भवन का निर्माण हो चुका है। शेष थाना यथा फुलौत, अरार, रतवारा, विहारीगंज एवं ग्वालपाड़ा में अभी तक पुलिस संवेदक द्वारा भू-समाधान भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी, चौसा, आलमनगर, बिहारीगंज एवं ग्वालपाड़ा को निर्देश दिया गया कि वे संबंधित थानाध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर पुलिस संवेदक द्वारा भू-समाधान भवन के निर्माण का कार्य प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। तीन दिनों में देना होगा खेल मैदान का प्रतिवेदन वैठक में तीन तरह के खेल मैदान के चयन पर चर्चा की गई। इसमें कॉलेज का मैदान, विद्यालय का मैदान, कॉलेज एवं विद्यालय से भिन्न मैदान पर चर्चा की गई। इस संबंध में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उक्त तीनों श्रेणी का मैदान चिन्हित व मापी कराकर प्रतिवेदन तीन दिनों के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। खेल मैदान होगा अतिक्रमण मुक्त बैठक में चर्चा के दौरान बताया गया कि ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि विद्यालय के मैदान के अंश भाग को कतिपय अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वैसे विद्यालय के मैदान जिसे कतिपय व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण किया गया हो, तो उक्त अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को मुक्त कराने हेतु प्रस्ताव संबंधित अंचल अधिकारी को दो दिनों के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। अंचल अधिकारी को निदेश दिया गया कि उक्त प्रस्ताव के आलोक में अतिक्रमणकारियों से विधिवत अतिक्रमण खाली कराने की कार्रवाई बिना किसी विलंब के सुनिश्चित करेंगे।वैसे खेल मैदान जो सरकारी भूमि में अवस्थित हो किन्तु उसके अंश भाग को कतिपय व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर रखा गया है तो उक्त अतिक्रमणकारी के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई करते हुए अंचल अधिकारी अतिक्रमण को खाली कराना सुनिश्चित करेंगे। नल जल में गड़बड़ी पर संवेदक पर होगी कार्रवाई बैठक में एसडीएम द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में शत प्रतिशत नल जल योजना अंतर्गत क्रियाशील अवस्था में रहे। संबंधित सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पीएचईडी की व्यक्तिगत जवाबदेही होगी। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जल नल योजना के खराब होने की सूचना लगातार मिल रही है। इस संबंध में सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि पम्प में स्टाटर के खराव होने के कारण शिकायत प्राप्त होती है।

# श्रावणी मेले की तैयारी को ले डीएम ने की न्यास बोर्ड के साथ बैठक



प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा उतर बिहार के देवो के देव का घर कहे जाने वाले प्रसिद्ध बाबा भोले नाथ की नगरी सिंहेश्वर धाम में डीएम विजय प्रकाश मीना ने आगामी श्रावणी मेले की तैयारी को लेकर न्यास बोर्ड के सदस्य और अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। आयोजित बैठक में श्रावणी मेले को लेकर बाबा नगरी सिंहेश्वर में दूर दराज सहित परोसी देश नेपाल से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा और व्यवस्था पर बल दिया। बता दें कि श्रावणी मेले में खासकर कावरियों के लिए ठहराव हेतु सुंदर पंडाल, साफ सफाई तथा यातायात व्यवस्था जैसे अन्य सुविधा पर विशेष रूप से चर्चा की गई, साथ हीं बिहार सरकार के पर्यटन विभाग को एक पत्र भी प्रेषित किया गया जिससे पर्यटक के लिए विशेष व्यवस्था हो इस पर भी सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। बाबा की नगरी सिंहेश्वर में ट्रैफिक व्यवस्था, टेंट पंडाल, साफ सफाई, पेय जल, शौचालय, शिवगंगा तलाब की साफ सफाई आदि मुद्दों को लेकर अहम चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावणी मेला धूम धाम से आयोजित होना सुनिश्चित है जिसको लेकर पूर्व से हीं तैयारी की जा रही है।

# प्रदेश कमाने गया एक मजदूर की छत से गिरकर मौत



प्रात : किरण, संवाददाता

सोनो जमुई :-- सोनो प्रखंड के दहियारी पंचायत अंतर्गत गिदधाडीह गांव निवासी स्वः यमुना पासवान का 30 वर्षीय पुत्र नंदकिशोर पासवान अपने बाल बच्चों का भरण पोषण करने को लेकर मजदूरी करने झारखंड प्रदेश के धनबाद गया हुआ था। जहां पर वे प्रत्येक दिन की भांति पिछले तीन दिनों पूर्व मजदूरी कर वापस लौटा और रात्री भोजनोपरान्त गर्मी की वजह से एक दो मंजिला छत पर सो रहा था। तभी अचानक निंद्रावस्था में तकरीबन 25 फीट नीचे जमीन पर गिर गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गंभीर रूप से घायल मजदुर को स्थानीय लोगों के द्वारा धनबाद के ही सरकारी अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों को सुचित कर दिया गया। सुचना पाकर परिजन तुरंत धनबाद के लिए रवाना हो गए। जहां पर परिजनों ने अपने पुत्र को गंभीर स्थिति में देखकर उसकी बेहतर इलाज के लिए देवघर लेकर चले गए। देवघर में दो दिनों तक इलाज कराने के बाद उसे रांची ले गया जहां पर उसकी मौत हो गई। बुधवार की अहले सुबह उक्त मजदूर की शव को एंबुलेंस द्वारा अपने गांव गिदधाडीह लाया गया। इधर शव के पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। ज्ञात हो कि पिछले तीन दिनों पूर्व जामुन तोड़ने गये इसी गांव के 25 वर्षीय युवक गुड्डू पासवान की मौत पेड़ से गिरने से हो गई है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक को कहे ना स्लोगन के साथ स्काउट गाइड ने लिया संकल्प

प्रात : किरण संवाददाता

महुआ। महुआ प्रखंड क्षेत्र के बिशुनपुर हीराराम और पहाड़पुर पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय गोरिगामा और उच्च माध्यमिक विद्यालय बिशनपुर हीराराम उर्फ पहाड़पुर के प्रांगण में भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस के मौके पर कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला का आयोजन राजकीय मध्य विद्यालय गोरिगामा की स्काउट मास्टर राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के सैकड़ो स्काउट गाइड को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले कुप्रभाव एवं नुकसान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सबों को जागरूक किया गया इस मौके पर भारत स्काउट गाइड के सदस्यों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए शपथ ली। इस मौके पर स्काउट मास्टर राजेश कुमार मिश्रा ने इस कार्यशाला में शामिल सभी स्काउट गाइड को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने के साथ-साथ अन्य विभिन्न वैकल्पिक उपायों के बारे में भी बताया और कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक आज सिर्फ भारत देश के लिए नहीं बल्कि पूरे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विकराल समस्या का रूप धारण कर चुकी है। इस सिंगल यूज प्लास्टिक के लगातार उपयोग किए जाने से मानव के साथ-साथ पर्यावरण को भी काफी नुकसान पहुंच रहा है। अतः हम सभी का कर्तव्य बनता है कि मानव होने के नाते इन सभी के कुप्रभाव एवं दुष्परिणाम को देखते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक को कहे ना और कागज के थैले को कहे हां के साथ सभी स्काउट गाइड ने सिंगल यूज प्लास्टिक की बहिष्कार का निर्णय लिया इस मौके पर स्काउट गाइड की टीम लीडर अनामिका कुमारी, मनीषा कुमारी, मुस्कान कुमारी, मनीष कुमार, आदित्य कुमार, प्रियांशु कुमार के साथ-साथ साक्षी कुमारी, श्रुति कुमारी, मुस्कान कुमारी, प्रियांशु कुमारी, देव कुमार, सुधांशु कुमार, निशा कुमारी, अनुराधा कुमारी, गुड़िया कुमारी, रितु कुमारी, तनीषा कुमारी, मुस्कान कुमारी, सोनम कुमारी, सोनी कुमारी, काजल कुमारी, ब्यूटी कुमारी आदि के साथ-साथ विधालय के प्रधानाध्यापक और दर्जनों स्काउट गाइड इस कार्यशाला में शामिल थे।

# मधेपुरा पहुंचे ग्रामीण विकास मंत्री सह मधेपुरा प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार, डीएम ने पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित

## 98 नवनियुक्त अमीन समेत लिपिक को प्रभारी मंत्री ने दी न्युक्ति पत्र



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा पहुंचे बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, डीएम विजय प्रकाश मीना ने पुष्प गुच्छ देकर की सम्मानित। दरअसल मधेपुरा के झल्लू बाबू सभागार में आज राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम के तहत विभिन्न संविदा के पदों पर बी सी ई सी ई बी के माध्यम से नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो, अमीन एवं लिपिक को नियुक्ति पत्र दिया गया। बता दें कि ग्रामीण विकास मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार ने नवनियोजित 98 पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया। इस अवसर पर बिहारीगंज विधायक निरंजन मेहता, डीएम विजय प्रकाश मीणा के अलावे दर्जनों विभागीय अधिकारी मौजूद थे। वहीं इस मौके पर प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मधेपुरा में आज 98 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। उन्होंने सभी कर्मियों से निष्ठापूर्वक काम करने की अपील की। मंत्री ने कहा कि सभी युवा हैं, अपनी ऊर्जा का सही दिशा में इस्तेमाल करेंगे तो कहीं कोई गड़बड़ी नहीं होगी। जमीन से संबंधित बहुत सारी समस्याएं हैं। बिना किसी दबाव या भय के अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कर्मियों से कहा कि आपको जिस काम में लगाया जा रहा है वह कठिन काम है। इस काम में पूरी मेहनत, लगन और उत्साह के साथ करेंगे तो समाज में उनका इज्जत बढ़ेगा। मंत्री ने कहा कि लोग जमीन के कागज बनाने को लेकर परेशान है। ये सभी नवनियुक्त कर्मी उनकी परेशानी को दूर करेंगे। उनके हौसले को बुलंद करेंगे और जो विवाद जमीन के चलते हो रहे हैं उसे निपटारा करेंगे। उन्होंने कहा कि जब जमीन का मामला हल हो जाएगा तो लोगों में आपसी भाईचारा बढ़ेगा। यह काम बहुत तेजी के साथ होगा और मुख्यमंत्री जी ने इसके लिए तिथि भी निर्धारित कर दिया है।

# बाइक गिरने से बाइक चालक हुआ घायल

जमुई [ झाझा ] बोड़वा बाजार के पास मंगलवार की देर रात को अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक सड़क पर गिर जाने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद परिजन एवं ग्रामीण मौके स्थल पर पहुंचा और घायल को उठाकर आनन फानन में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया जहां चिकित्सक के द्वारा घायल का इलाज किया गया लेकिन स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घायल की पहचान दरियो गांव के रहने वाले जोगेंद्र साह के रूप में हुई है। जो बोड़वा सहित आसपास के क्षेत्रों में मनिहारी का सामान घूमघूम कर बेचता है। परिजन ने बताया कि मनिहारी का सामान बेचकर देर रात अपने घर बाइक से लौट रहा था। तेज रफ्तार के कारण बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। घायल युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# छत का प्लास्टर टूटकर गिरा नीचे, अस्पतालकर्मी मे मचा अफरा तफरी का माहौल

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] रेफरल अस्पताल की जर्जर भवन का फिर से एक मामला सुर्खियों में आ चुका है जब बारिश के कारण अस्पताल भवन के कई जगहों से छत का प्लास्टर टूटकर नीचे गिरा। हालांकि घटना रात्रि में होने के कारण उस वक्त अस्पताल में कोई मरीज नही था वरणा बड़ी घटना हो सकती थी। अस्पताल के ओपीडी कक्ष के छत का प्लास्टर भी जर्जर रहने के कारण डॉक्टर से लेकर कर्मी भी काफी सहमें हुए है जिसके कारण बुधवार को ओपीडी के कक्ष से डॉक्टर भी अस्पताल प्रबंधक के कक्ष में बैठकर मरीजों को देखने का काम किया। हालात यह बना हुआ कि मरीज भी अस्पताल में पहुंच रहे है तो मजबूरन टूटी हुई छत के नीचे ही बैठना पड़ रहा है जिससे मरीज में भी डर का माहौल बना हुआ रहता है कि कब सिर पर अस्पताल के जर्जर भवन का छत का प्लास्टर टूटकर गिर जाएगा। रेफरल अस्पताल के भवन जर्जर की स्थिति में दिन प्रतिदिन बनती जा रही है लेकिन जिला स्वास्थ्य विभाग को पूर्ण जानकारी होने के बाद भी इस ओर कोई सकरात्मक पहल नही किया जा रहा है। बताते चले कि छत टूटकर मरीज या कर्मी पर गिरने की पहली घटना नही है बल्कि इससे पूर्व भी इस तरह की घटना अस्पताल में हो चुका है। दो साल पहले चकाई की एक महिला मरीज अस्पताल में भर्ती थी जिसका नवजात शिशु को लेकर उसकी नानी बरामद पर खेला रही थी कि तभी नवजात शिशु और उसकी नानी पर छत का प्लास्टर टूट कर गिर पड़ा था। इसके अलावे पंजीकरण कक्ष में मरीजो का पर्चा काटते वक्त अस्पताल के कर्मी पर छत का प्लास्टर का बड़ा हिस्सा गिरा जिसमें बाल बाल अस्पताल कर्मी बचा साथ ही पूरा सिस्टम क्षतिग्रस्त होने से बचा है। इसके अलावे अन्य कई बार भी इस तरह का हादसा अस्पताल में मौजूद लोगों के बीच हो चुका है। जर्जर भवन को लेकर अस्पताल के प्रबंधक नवनीत कुमार से पूछा गया तो उन्होनें साफ लब्जों में कहा कि अस्पताल के भवन की स्थिति काफी नाजुक बनी हुई है। जिसको लेकर जिला में होने वाले मीटिंग में सीएस और जिलाधिकारी से भी कहा गया है लेकिन अबतक सकरात्मक पहल नही हो सका है। अस्पताल के महिला वार्ड कक्ष के वार्डन सुनीता देवी बताया कि मंगलवार की दोपहर को मैं महिला वार्ड कक्ष में काम कर रही थी कि तभी मेरे सिर पर छत का छोटा हिस्सा गिर गया जिससे सिर फूट गया। वार्डन ने आगे बताया कि कई मरीज महिला वार्ड या फिर पुरूष वार्ड में नही रहते है। अस्पताल की जर्जर भवन होने के कारण गर्भवती महिला को भी छत उसके शरीर पर गिरने का खतरा सताते रहता है हालात यह कि कई बार मरीज यहां की छत की भयानक स्थिति देखकर निजी क्लीनिक में इलाज करवाने के लिए चले जाते है।

# खेती-बाड़ी- जूलाई से सितंबर माह तक आम के नए बाग लगा सकते हैं किसान,इस समय कम पानी की जरूरत

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई/गिद्धौर। मौजूदा समय आम के नए बागों को लगाने के लिए काफी उपयुक्त है।किसान जूलाई से सितंबर माह तक कृषि वैज्ञानिकों के महत्वपूर्ण सलाह को अपनाकर आम के नए बाग लगा सकते हैं।जानकारी देते हुए कृषि जानकार रघु कुमार ने कहा कि आम के नए बागों की स्थापना किसानों के लिए एक दीर्घकालिक निवेश है।आम के बागों को लगाने से पूर्व किसानों के द्वारा तैयार की गई उचित योजना और लेआउट आम के बागों को स्थापित करने में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आम के नए बागों को लगाते समय किसानों को कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान देना होता है। सबसे पहले किसानों को आम के नए बागों को लगाने के लिए भूमि(साइट) का चयन करना होता है। नए लगाएं जाने वाले आम के बाग अगर मुख्य सड़क और स्थानीय बाजार के समीप होते हैं तो इसे काफी अच्छा माना जाता है। इससे किसानों को विपरीत मौसम में भी आम को वाहन के माध्यम से मंड़ियों तक पहुंचाने तथा उसे बेचने में काफी सहूलियत होती है। उन्होंने बताया कि आम के पेड़ों की वृद्धि और बेहतर फल उत्पादन के लिए चयनित स्थल पर सिंचाई की सुविधा,उपयुक्त जलवायु और अच्छी मिट्टी का होना भी अति आवश्यक होता है। उन्होंने बताया कि इसके बाद किसानों के लिए दूसरी तैयारी चयनित खेत व प्लांट के संदर्भ में होती है। लंबी प्रजाति मालदा,लंगड़ा और चौसा किसानों को लंबी प्रजाति के आम जैसे(मालदा या लंगड़ा,चौसा,फजली) आदि को प्लांट में 12 मीटर +प्लस 12 मीटर की दूरी पर लगाना चाहिए। जबकि बौनी प्रजाति के आम(दशहरी, नीलम,तोतापुरी और मुंबई ग्रीन) जैसे प्रजाति को किसान 10 मीटर + प्लस 10 मीटर की दूरी पर लगा सकते हैं। यह दूरी आम के प्रजाति के अनुरूप काफी उपयुक्त मानी जाती है।उन्होंने बताया कि किसान बौनी किस्म जैसे आम्रपाली सहित और अन्य बौनी प्रजाति के आम को 2.5 मीटर + प्लस 2.5 मीटर की दूरी पर ही लगाना चाहिए। इस दूरी के मुताबिक किसान बौनी किस्म के आम के पौधे एक हेक्टेयर में 1600 पौधे आसानी से लगा सकते हैं। उचित मात्रा में डाले उर्वरक आम के नए पेड़ लगाने के लिए किसान खोदे गए गड्ढे के प्रति गड्ढे के अनुसार 25 किलो सड़ी हुई गोबर की खाद,100 ग्राम एमएसपी और 100 ग्राम एमओपी डालकर गड्ढे को मिट्टी से भर दें। उन्होंने बताया कि गड्ढा खोदने के बाद किसान गड्ढे में कम से कम 2 से 4 सप्ताह तक सीधी धूप जरूर लगने दें तथा इसके बाद ही गड्ढे में उर्वरक मिली हुई मिट्टी भरें। इन सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद किसान गड्ढे में आम के पौधों को लगाएं तथा जरूरत के अनुसार उसमें सिंचाई करते रहें। ऐसे करें खेतों को तैयार कृषि जानकार रघु कुमार ने बताया कि आम के नए बाग लगाने वाले किसान खेत व प्लांट की गहरी जुताई करने के बाद हैरो चलाकर मिट्टी को भुरभुरा कर दें तथा खेतों को खरपतवार को बाहर निकाल दें। उन्होंने बताया कि भूमि को अच्छी तरह से समतल करने के बाद किसान जल निकासी के उद्देश्य से प्लांट को एक दिशा में से दूसरी दिशा की ओर ढलान कर दें। उन्होंने बताया कि आम के नए बागों को स्थापित करने में लेआउट और रोपण दूरी भी काफी मायने रखती है। इससे पौधे को सामान्य विकास के लिए पर्याप्त स्थान के अलावे हवा और सूरज की रोशनी भी पर्याप्त मात्रा में मिलती है।

# मेहनत और ईमानदारी से भूमि सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण करें सभी नवनियुक्त पदाधिकारी : मंत्री

प्रात : किरण, संवाददाता



हाजीपुर। वैशाली के प्रभारी मंत्री उर्जा, योजना एवं विकास मंत्री श्री बिजेंद्र यादव ने कहा कि नव नियुक्त सभी पदाधिकारी- कर्मी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करें। भूमि सर्वेक्षण का समय पर कार्य पूरा करने वाले कर्मी पुरस्कृत किए जाएंगे। वे आज हाजीपुर के बिहार प्रशासनिक सुधारात्मक संस्थान (बीका) में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो,विशेष सर्वेक्षण लिपिक एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन के पदों पर चयनित कुल 374 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भूमि सर्वेक्षण का काम महत्वपूर्ण है और यह सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि बिहार में भूमि सर्वेक्षण कार्यक्रम को सफल एवं कालबद्ध संचालन के लिए राज्य स्तर पर विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो, लिपिक एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन के दस हजार से अधिक पदों पर कर्मियों का नियोजन किया गया है। वैशाली जिला में भूमि सर्वेक्षण के कार्य को सफल बनाने हेतु 12 विशेष सर्वेक्षण सहायक पदाधिकारी, 23 विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, 26 विशेष सर्वेक्षण लिपिक और 313 विशेष सर्वेक्षण अमीन यानि कुल 374 कर्मियों को नियोजित किया गया है और उन्हें आज यहां नियुक्ति पत्र दी जा रही है।

इस अवसर पर जिला समाहर्ता श्री यशपाल मीणा ने नव नियुक्त कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे समयबद्ध तरीके से पूरी निष्ठा और लगन के साथ कार्य करें। भूमि सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण हो जाने पर ढेर सारे भूमि विवाद के मामले सुलझ जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने जिला स्तर पर राजस्व के कार्यों का एक अनुश्रवण तंत्र विकसित किया है। यहां प्रतिदिन कार्य निष्पादन का मॉनिटरिंग किया जाता है। उन्होंने कहा कि आपका कार्य एवं व्यवहार ऑफिसर लाइक होना चाहिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री हर किशोर राय ने कहा कि भूमि विवाद को दूर करने के लिए भूमि सर्वेक्षण जरूरी है। वैशाली के हर एक थाना में प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद सुलझाने के लिए अंचलाधिकारी और थाना इंचार्ज द्वारा संयुक्त रूप से बैठक की जाती है। आगत अतिथियों का स्वागत प्रभारी बंदोबस्त पदाधिकारी श्री राजीव प्रकाश राय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार सिंह ने किया।

इस अवसर पर बीका के निदेशक श्री नीरज कुमार झा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज तथा कई अन्य पदाधिकारी के साथ सभी नवनियुक्त पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे

# विदाई समारोह का आयोजन



वैशाली।आप लोगो ने जो सहयोग के साथ साथ सम्मान दिया है।इसे कभी नहीं भुलाया जा सकता है। वैशाली प्रखंड में पदस्थापित प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सुमन कुमार सिंह ने अपने विदाई समारोह में उपस्थित लोगों से कहा।उन्होंने कहा कि विदाई की बेला दुखदायी होती है।लेकिन किसी भी सरकारी सेवा में स्थानांतरण, पदस्थापना एक निश्चित समय पर होती रहती है।यह भी एक शर्त होता है। सुमन कुमार सिंह के स्थानांतरण होने पर वैशाली मे आयोजित विदाई समारोह में उपस्थित लोगों के द्वारा उन्हें अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर वैशाली पैक्स अध्यक्ष राजेश रंजन ,अमृतपुर पैक्स अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह कन्हैया, ,विवेक कुमार निक्कू, मृणाल कुमार अशोक कुमार सिंह , साजीद समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बरबीघा से भटककर झाझा लाए गए दस वर्षीय बच्चे को परिजनों को सकुशल सौंपा

जमुई [ झाझा ] जमुई बस डिपो से बरबीघा से भटकर पहुंचे दस वर्षीय बच्चे को रैन बसेरा आश्रय स्थल की महिला कर्मी को मिलने के बाद आश्रय स्थल पर लाकर बच्चे को सुरक्षित रखते हुए उसके परिजन का पता लगाने के बाद सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद परिजन झाझा पहुंचने के बाद आश्रय स्थल के कर्मी से संपर्क किया जिसके बाद बच्चे को परिजन को सौंपने से पूर्व पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद एसआई नंदन कुमार रैन बसेरा आश्रय स्थल पहुंचा जहां बच्चे के परिजन से सभी तरह की जानकारी लेने के बाद परिजनों को सकुशल सौंप दिया। बताया जाता है कि बरबीघा के सुनील महतों का दस वर्षीय पुत्र बादल कुमार घर से कुछ रूपए लेकर किसी तरह जमुई बस डिपो आ पहुंचा जिसके बाद एक ऑटो चालक ने बच्चे से पहले पता पूछा तो झाझा बताया जहां मौजूद दोनो महिला कर्मी ने उसे झाझा लाया लेकिन बच्चा भयभीत होने के कारण कुछ स्पष्ट नही बता पा रहा है। काफी समझाने बुझाने के बाद बच्चे ने अपने परिजन के बारे में जानकारी दी तो परिजनों से संपर्क किया गया।

सम्पादकीय

## नेता विपक्ष का आक्रामक आगाज

सोमवार एक जुलाई को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी ने पहला भाषण दिया, जो इतना आक्रामक और उत्तेजक था कि प्रधानमंत्री मोदी समेत आधा दर्जन केंद्रीय मंत्रियों को बार-बार आपत्ति दर्ज करानी पड़ी। इन मंत्रियों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह को भी हस्तक्षेप करना पड़ा। गृह मंत्री ने पहली बार लोकसभा में स्पीकर का संरक्षण मांगा और नियमों को लेकर वह कुछ असहाय और आक्रोश में दिखे। हमने संसदीय कवरेज के अपने लंबे अनुभव में पहली बार देखा कि प्रधानमंत्री ने नेता विपक्ष के भाषण के दौरान टोका-टोकी की और कहा-पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बहुत गंभीर विषय है। संविधान ने मुझे सिखाया है कि विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए। यह राहुल गांधी का पूरी तरह राजनीतिक भाषण था। राष्ट्रपति अभिभाषण की उन्हें परवाह ही नहीं थी। यह भी पहली बार लोकसभा में हुआ कि नेता विपक्ष ने भगवान शिव, ईसा मसीह, गुरु नानकदेव, महावीर स्वामी की कथित अभय मुद्रा वाली तस्वीरों को बार-बार दिखाया। यह सदन के नियम 349 का उल्लंघन था। स्पीकर ओम बिरला ने बार-बार सदन की गरिमा और मयार्दा की दुहाई दी, लेकिन नेता प्रतिपक्ष की रणनीति कुछ और ही थी। नेता विपक्ष ने पहली बार ऐसा भाषण दिया, जिसमें आठ संसदीय नियमों का उल्लंघन किया गया। इस पर स्पीकर क्या निर्णय लेते हैं, यह देखना अभी शेष है। नेता प्रतिपक्ष के आगाजी भाषण में राहुल गांधी ने हिंदू, अग्निवीर, नीट, किसान से लेकर प्रधानमंत्री मोदी तक अपने प्रहारों के निशाने पर रखे। यह भी संसद में पहली बार देखा गया कि नेता विपक्ष ने भाजपा के सबसे महत्वपूर्ण हिंदू कार्ड को निरस्त करने की कोशिश की। राहुल खुद को बड़ा और मौलिक हिंदू साबित करने में लगे रहे। उन्होंने स्थापना दी कि आरएसएस, भाजपा और प्रधानमंत्री ही हिंदू समाज नहीं हैं। जो खुद को हिंदू मानते हैं, वे 24 घंटे हिंसा और नफरत फैलाते रहते हैं। वे हिंदू नहीं, हिंसक हैं। राहुल के इस कथन पर साधु-संतों और संघ नेताओं ने तल्ख प्रतिक्रियाएं दी हैं। दरअसल नेता प्रतिपक्ष ने हिंदू के जरिए देश के 110 करोड़ हिंदुओं तक अपना संदेश पहुंचाना चाहा है। वे राहुल गांधी के हिंदू और धार्मिक ज्ञान को किस तरह ग्रहण करते हैं, यह भविष्य की राजनीति है। इतना कहा जा सकता है कि सोमवार का दिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का दिन था। वह विपक्षी गठबंधन इंडिया का भी दिन था, क्योंकि विपक्षी सांसद अपने नेता के साथ एकजुट और आक्रामक रहे। राहुल की राजनीति और रणनीति की यही निरंतरता बरकरार रहेगी, भविष्य में देखना होगा। हालांकि अयोध्या के लोगों के मुआवजे और अग्निवीर की शहादत पर एक करोड़ रुपए की सरकारी मदद आदि के स्पष्टीकरण सरकार की तरफ से दिए जा चुके हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष को तथ्यात्मक गलतियों से बचना चाहिए। बीते दिनों एक अग्निवीर शहीद हुआ था, जिसे सरकार की ओर से 1.65 करोड़ रुपए से अधिक की सरकारी मदद दी गई थी। इसी तरह नेता विपक्ष ने यह भी गलत कहा है कि प्रधानमंत्री अयोध्या से चुनाव लडा चाहते थे, लेकिन सर्वे करने वालों ने उन्हें मना कर दिया। प्रधानमंत्री ने वाराणसी के अलावा कहीं और से चुनाव लडा सोचा भी नहीं था, ऐसी रपटें मीडिया में आ चुकी हैं। बहरहाल राहुल गांधी के पहले ही भाषण से उनका आत्मविश्वास झलका।

उन पर लगातार हमले किए जाते रहे, लेकिन उन्होंने अपने भाषण की लय नहीं टूटने दी। बेशक उनका भाषण आक्रामक था, लेकिन उसमें अभी तार्किकता और परिपक्वता शेष है। नेता विपक्ष के भाषण का जो समग्र जवाब प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को दिया है, उसका विश्लेषण बाद में करेंगे, लेकिन अब इतना तय है कि भविष्य की ह्यराजनीतिक लकीरह्व खिंच चुकी है। विपक्ष ने सत्ता पक्ष को सचेत कर दिया है कि अब चुनाव अपेक्षाकृत सरल नहीं होंगे, क्योंकि फिलहाल ह्यइंडियाह्व के बिखरने के संकेत नहीं हैं। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती दी है, लिहाजा अब समीकरण बिल्कुल प्रत्यक्ष हैं कि विपक्ष खोखला नहीं है। अभी कई मुद्दे अगले संसद सत्र में सामने होंगे, क्योंकि संपूर्ण बजट पेश किया जाना है। देखते हैं कि मोदी सरकार की यह पारी कैसी रहती है? सरकार को अर्थपूर्ण आलोचना सुनने के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

## हाथरस में भगदड़ हिंदुत्व को प्रणाम!

राकेश अचल

हाथरस में हुई भगदड़ के कारण बड़ी संख्या में लोगों के मरे जाने के बाद मुझे अपने हिंदू होने पर गौरवानुभूति की जगह ग्लानि हो रही है। लेकिन उत्तर प्रदेश की डबल इंजिन की सरकार को इस घटना के बाद कोई मलाल नहीं है। किसी ने इस हादसे की जिम्मेदारी अपने ऊपर नहीं ली है। कोई इस्तीफा नहीं दे रहा। देश की संसद भी त्रिदेव संवाद के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गयी है। हाथरस में कोई 110 हिन्दू मरे गए हैं। इस हादसे के बाद भी मुझे छोड़ पूरी सरकार को हिन्दू होने पर गर्व है।

हिन्दू धर्मस्थलों पर भगदड़ कोई नयी चीज नहीं है। दुनिया में हिन्दू धर्म का मुकाबला करने वाला कोई दूसरा धर्म है ही नही। मक्का में पिछले दिनों गर्मी से एक हजार लोग मर गए। इस तरह के हादसों में धर्म का क्या दोष? डिश है उन लोगों का, जो धार्मिक है। अनुद्षासन नहीं जानता। अनुशासन नहीं मानता। उन्हें तो मोक्ष चाहिए। चाहे गर्मी से मारकर मिले, चाहे सर्दी से। चाहे भगदड़ से मिले या किसी और रास्ते से, इस तरह के हादसे में मारे जाने वाले शहीद नहीं होते। उनके लिए कोई मुआवजा नहीं होना चाहिए, लेकिन दो-चार लाख रुपए तो केंद्र और राज्य की सरकारें दे ही देतीं हैं, क्योंकि अंततः वे भी धार्मिक सरकारें हैं।

अगर आप टीवी देखते हैं और अखबार पढ़ते हैं तो आपको ज्ञात होगा कि यूपी के हाथरस के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र के फुलरई गांव में भगवान भोले बाबा के सत्संग में मंगलवार को भगदड़ मच गई। हादसे में 110 से ज्यादा लोगों के मरने की पुष्टि की गई है। भगदड़ के बाद हाथरस और एटा के अस्पतालों में लाशें बिखरी हुई देखी जा रही हैं। अस्पतालों के बाहर चीख पुकार मची है। सूत्रों के मुताबिक सत्संग में करीब 40 हजार लोग थे।

हाथरस में जिन भोले बाबा का सत्संग था वे हिमालय के भोले बाबा नहीं थे, उन्हें तो फुरसत ही कहाँ है जमीन पर आने की। हाथरस के भोले बाबा हमारे नेताओं की तरह नान-बायलोजिकल या अवनाशी हैं। साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा का असली नाम सूरज पाल सिंह है। बाबा कासगंज के पटयाली के रहने वाले हैं। करीब 17 साल पहले पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़कर सत्संग करने लगे। नौकरी छोड़ने के बाद सूरज पाल नाम बदलकर साकार हरि बन गए। अनुयायी उन्हें भोले बाबा कहते हैं। कहा जाता है कि गरीब और वंचित तबके के लोगों के बीच में इनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। कुछ समय में लाखों की संख्या में अनुयायियों बन गए। उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश और राजस्थान में इनके अनुयायी फैले हैं।

हाथरस के भोले बाबा सबसे अलग हैं। साकार हरि बाबा अपने सत्संग में मानव सेवा का संदेश देते हैं। ज्यादातर सत्संग में लोगों से बाबा कहते हैं कि मानव की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। सत्संग में आने से रोग मिट जाते हैं, मन शुद्ध होता है, यहां पर कोई भेदभाव नहीं, कोई दान नहीं और कोई पाखंड नहीं। दावा करते हैं यहीं सर्व समभाव है यहीं ब्रह्मलोक है, यहीं स्वर्ग लोक है। अब इन भोले बाबा से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बाबा आदित्यनाथ तो जूझ नहीं सकते। उनसे इस्तीफा भी नहीं मांग सकते। खुद इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता। इस्तीफा देने के लिए नैतिकता चाहिए, जमीर चाहिए जो शायद ही किसी नेता के पास होता हो। हाथरस के भोले बाबा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा भी दर्ज नहीं हो सकता, गिरफ्तारी तो बहुत दूर की बात है। बीएनएस यानि भारतीय न्याय संहिता तो रेहड़ी-पटरी वालों के लिए बनी ह। अविनाशी और सत्यानाशी, अवतारी इस संहिता के दायरे में नहीं आते। इस हादसे के बाद मुख्यमंत्री जो कर सकता है सो कर ही रहा है। आगरा के अपर पुलिस महानिदेशक और अलीगढ़ के आयुक्त के नेतृत्व में टीम गठित कर दुर्घटना के कारणों की जांच के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने अगले 24 घंटों में जांच रिपोर्ट मांगी है। युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य हो रहा है। आगरा के अपर पुलिस महानिदेशक और अलीगढ़ के आयुक्त के नेतृत्व में टीम गठित कर दुर्घटना के कारणों की जांच के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने अगले 24 घंटों में जांच रिपोर्ट मांगी है। युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य हो रहा है। इस हादसे के पहले हमारी संसद में राहुल गाँधी और प्रधानमंत्री जी के बीच हिंदुत्व के हिंसक और अहिंसक होने पर बहस हो रही थी। राहुल कह रहे थे की हिन्दू हिंसक हो ही नहीं सकता लेकिन भाजपा हो सकती है। और प्रधानमंत्री जी कह रहे थे कि पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहना बहुत गंभीर बात है। दरअसल भारत कृषि प्रधान नहीं बल्कि भगदड़ प्रधान देश है। यहां यदि भगदड़ न हो तो मजा ही नहीं आता। 2005 में महाराष्ट्र के मंधारदेवी मंदिर में हुई भगदड़ में 340 श्रद्धालुओं की मौत और 2008 में राजस्थान के चामुंडा देवी मंदिर हुई भगदड़ में कम से कम 250 लोगों की मौत शायद आपको याद ही न हो।

# फॉलोवर बढ़ाने के लिए परोसी जा रही नग्नता

इस नग्नता को हम आधुनिकता के इस दौर में न्यू फैशन कहते हैं। सोशल मीडिया पर फैशन की उबाल आई तो सोशल नेटवर्क पर युवा पीढ़ी ने खुद को खूबसूरत युवतियों से पीछे पाया, फिर क्या युवकों ने खुद की नग्नता का नंगा नाच शुरू किया कहा मैं पीछे कैसे? युवा अपने यौवन को दिखाते घूम रहे हैं मैं किसी से कम नहीं। पहले के जमाने में बड़े बुजुर्ग इस तरह की हरकतों पर नकेल कसते थे। खैर जमाना आधुनिक है इस लिए समाज इसे स्वीकारता और आनंदित होता है। ऐसे बिगड़ैल यूट्यूबर के इंटरव्यूज होना और भी अचरज की बात है। सोशल मीडिया पर आजकल जो ये फॉलोवर बढ़ाने के लिए जो नग्नता परोसी जा रही है। क्या उसमें परोसने वाले ही दोषी हैं? क्या उसको लाइक और शेयर करने वाले दोषी नहीं हैं? मेरे हिसाब से तो वो ज्यादा दोषी हैं। अगर हम ऐसी पोस्ट या वीडियो को लाइक शेयर करना ही बंद कर दें तो क्या ये बंद नहीं हो सकता? पूरा देश नग्नता के लिए फिल्मों को दोष देता है परंतु आज सोशल मीडिया (सामाजिक पटल) पर इतनी भयंकर नग्नता है कि हमारी जो भारतीय फिल्में को भी शर्म आ जाए। आज कोई भी सोशल प्लेटफार्म अछूता नहीं है फूहड़पन और नग्नता से। सोशल मीडिया के अंधे दौर में कुछ लाइक और व्यू पाने के लिए हमारे समाज की नारियों को कैसे लक्षित किया जा रहा है और उन्हें नग्नता परोसना पड़ रहा है। और वो लाइक और व्यू के आसमान में उड़ने के लिए नग्नता परोस स्वयं के मान सम्मान स्वाभिमान का सौदा आसानी से कर रही है। कुछ चप्पल छाप यूट्यूबर्स लोग केवल व्यू पाने के लिए हमारी आस्था पर इस तरह के अश्लीलता वाले थम्बनेल लगाते हैं।





डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

जीवन का चरमसुख अब फॉलोअर्स पाने और कमेंट आने पर निर्भर हो गया है। फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर नग्न अवस्था में तस्वीरें शेयर कर आज लड़कियां लाइक कमेंट पाकर खुद को अनुगृहीत करती दिखाई देती है मानो जीवन की सबसे अहम और जरूरी ऊंचाई को उन्होंने पा लिया हो। इस नग्नता को हम आधुनिकता के इस दौर में न्यू फैशन कहते हैं। सोशल मीडिया पर फैशन की उबाल आई तो सोशल नेटवर्क पर युवा पीढ़ी ने खुद को खूबसूरत युवतियों से पीछे पाया, फिर क्या युवकों ने खुद की नग्नता का नंगा नाच शुरू किया कहा मैं पीछे कैसे? युवा अपने यौवन को दिखाते घूम रहे हैं मैं किसी से कम नहीं। पहले के जमाने में बड़े बुजुर्ग इस तरह की हरकतों पर नकेल कसते थे। खैर जमाना आधुनिक है इस लिए समाज इसे स्वीकारता और आनंदित होता है। ऐसे बिगड़ैल यूट्यूबर के इंटरव्यूज होना और भी अचरज की बात है। सोशल मीडिया पर आजकल जो ये फॉलोवर बढ़ाने के लिए जो नग्नता परोसी जा रही है। क्या उसमें परोसने वाले ही दोषी हैं? क्या उसको लाइक और शेयर करने वाले दोषी नहीं हैं? मेरे हिसाब से तो वो ज्यादा दोषी हैं। अगर हम ऐसी पोस्ट या वीडियो को लाइक शेयर करना ही बंद कर दें तो क्या ये बंद नहीं हो सकता?

पूरा देश नग्नता के लिए फिल्मों को दोष देता है परंतु आज सोशल मीडिया (सामाजिक पटल) पर इतनी भयंकर नग्नता है कि हमारी जो भारतीय फिल्में को भी शर्म आ जाए। आज कोई भी सोशल प्लेटफार्म अछूता नहीं है फूहड़पन और नग्नता से। सोशल मीडिया के अंधे दौर में कुछ लाइक और व्यू पाने के लिए हमारे समाज की नारियों को कैसे लक्षित किया जा रहा है और उन्हें नग्नता परोसना पड़ रहा है। और वो लाइक और व्यू के आसमान में उड़ने के लिए नग्नता परोस स्वयं के मान सम्मान स्वाभिमान का सौदा आसानी से कर रही है।

कुछ चप्पल छाप यूट्यूबर्स लोग केवल व्यू पाने के लिए हमारी आस्था पर इस तरह के अश्लीलता वाले थम्बनेल लगाते हैं। किससे क्या कहें? जीवन का चरमसुख अब फॉलोअर्स पाने और कमेंट आने पर निर्भर हो गया है। फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर नग्न अवस्था में तस्वीरें शेयर कर आज लड़कियां लाइक कमेंट पाकर खुद को अनुगृहित करती दिखाई देती है, मानो जीवन की सबसे अहम और जरूरी ऊंचाई को उन्होंने पा लिया हो।

इस नग्नता को हम आधुनिकता के इस दौर में न्यू फैशन कहते हैं। सोशल मीडिया पर फैशन की उबाल आई तो सोशल नेटवर्क पर युवा पीढ़ी ने खुद को खूबसूरत युवतियों से पीछे पाया, फिर क्या युवकों ने खुद की नग्नता का नंगा नाच शुरू किया और कहा, मैं पीछे कैसे? युवा अपने यौवन को दिखाते घूम रहे हैं मैं किसी से कम नहीं। ऐसे बिगड़ैल यूट्यूबर के इंटरव्यूज होना और भी अचरज की बात है। पहले के जमाने में बड़े बुजुर्ग इस तरह की हरकतों पर नकेल कसते थे। खैर जमाना आधुनिक है इस लिए समाज इसे स्वीकारता और आनंदित होता है।

पर ये बहुत ही गम्भीरता से सोचने का विषय है - हमारे घरों के छोटे-छोटे बच्चे किस दिशा में जा रहे हैं। माता-पिता क्यों जानबूझ कर अनदेखा कर रहें हैं? क्यों नहीं अपने बच्चों को टाईम और संस्कार देना चाहते हैं? क्यों अपने हाथो अपने बच्चो को दलदल में धकेल रहें हैं। आजकल के माता-पिता बहुत ज्यादा मार्डन है और उन्हें नंगापन, बॉयफ्रेंड और मार्डन परिवेश बेहद आकर्षित करती है। ये आने वाली पीढ़ी और समाज के लिए घातक सिद्ध होगा। टीनएजर लड़कियों की मनःस्थिति को अपने खास मकसद के मुताबिक ढाला जा रहा है।

अब तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस आभासी नग्नता के अड्डे बने हुए हैं। वल्गर रील्स और वीडियोस तो अब हर घर के टीनेजरस बना ही रहे हैं। अब तो ऐसा महसूस होने लगा है कि वैश्यावृति के अड्डे भी नये विकल्पों के साथ हवस परस्त मर्दो के लिए उपलब्ध हो गए हैं। सोशल मीडिया पर आजकल जो ये फॉलोवर बढ़ाने के लिए जो नग्नता परोसी जा रही है। क्या उसमें परोसने वाले ही दोषी हैं? क्या उसको लाइक और शेयर करने वाले दोषी नहीं हैं? मेरे हिसाब से तो वो ज्यादा दोषी हैं। अगर हम ऐसी पोस्ट या वीडियो को लाइक शेयर करना ही बंद कर दें तो क्या ये बंद नहीं हो सकता?

आज सामाजिक विकार अपने सफर के सफलतम पड़ाव में है। रोकथाम की कोई गुंजाइश नही है। अब तो प्रलय ही इसकी गति को रोक सकती है। सोशल मीडिया में रील्स पर नग्न और अश्लील नृत्य की नौटंकी करने वाली बेटियों से निवेदन है कि चंद कागज के टुकड़ों के लिए अपने परिवार और धर्म की इज्जत तार-तार ना करो। पैसे आपको आज नृत्य के लिए नही अपितु नग्नता परोसने के लिए दिए जा रहे है ताकि पूरे समाज को एक दिन रसातल में धकेल कर नीचा दिखाया जा सके।

हमारी संस्कृति ही नहीं बचेगी तो तो हमारे राष्ट्र का और आने वाली पीढ़ियों का दुगुर्णों से विनाश होने से कोई बचा नहीं सकता है। अभी समझे कि संस्कृति क्या है और इसे बचाना क्यों जरूरी है। यह हमारे राष्ट्र का स्वाभिमान है। हमें चाहिए अश्लीलता और नग्नता मुक्त समाज अपनी नष्ट हो रहे सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करें। बॉलीवुड की अश्लीलता, नग्नता और गाली गलौज से भरी फिल्मों और वेब सीरीज का बहिष्कार करें।

अश्लील गाना एवं अश्लील फिल्मों का बहिष्कार करें। सोशल मीडिया में ट्वीटर, फेसबुक आदि ऐसे प्लेटफार्म हैं जिसके माध्यम से लोग अपने विचार, अभिव्यक्ति के साथ किसी महत्वपूर्ण जानकारी का प्रेषण करते हैं। किन्तु वर्तमान में इन प्लेटफार्मो मे अश्लील, आपत्तिजनक व नग्नता पूर्ण मैसेज व विज्ञापन की भरभार होने के साथ जुए जैसे खेलों को खेलने के लिए प्रोत्साहित कर सामाजिक प्रदूषण फैलाया जा रहा है। हमारे नौनिहाल, बहन बेटी भी इन प्लेटफार्मो का बहुतायत उपयोग करते है। इस प्रदूषण पर अंकुश लगवाने के लिए सभी को सोचना होगा और खुद पहल करनी होगी। आज चेतना चाहिए नहीं तो कल रास्तों में होगा नंगा नाच। आप देश का भविष्य हो, कठपुतली मत बनो।

स्वच्छंदता के नाम पर फूहड़ता सोशल मीडिया के इस दौर में अपने चरम पर है। हमारी संस्कृति में स्त्री को धन की संज्ञा से नवाजा गया वो भी बहुमूल्य न कि टके बराबर। इसलिए राजदरबारो में होने वाले मुजरे भी चारदीवारो के अंदर ही होते थे। सत्य यह है की अश्लीलता को किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं ठहराया जा सकता। ये कम उम्र के बच्चों को यौन अपराधों की तरफ ले जाने वाली एक नशे की दुकान है और इसका उत्पादन आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्त्री समुदाय के साथ मिलकर कर रहा है। मस्तिष्क विज्ञान के अनुसार 4 तरह के नशों में एक नशा अश्लीलता से भी है।

आचार्य कौटिल्य ने चाणक्य सूत्र में वासना को सबसे बड़ा नशा और बीमारी बताया है। यदि यह नग्नता आधुनिकता का प्रतीक है तो फिर पूरा नग्न होकर स्त्रियां पूर्ण आधुनिकता का परिचय क्यों नहीं देती? गली- गली और हर मोहल्ले में जिस तरह शराब की दुकान खोल देने पर बच्चों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है उसी तरह अश्लीलता समाज में यौन अपराधों को जन्म देती है। इसको किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता है। विचार करिए और चर्चा करिए या फिर मौन धारण कर लीजिए।

# नये भारत में बदलाव के कानून, न्याय की ओर

मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों के लिये न्याय सहज सुलभ महसूस हो, कानूनी प्रावधान न्यायसंगत एवं अपराध-नियंत्रण का माध्यम हो, वह आसानी से मिले, जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता हो। निश्चित रूप से किसी भी कानून का मकसद नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता, संपत्ति व अधिकारों की रक्षा करना ही होता है। जिससे किसी सभ्य समाज में न्याय की अवधारणा पुष्ट हो सके। 1 जुलाई, 2024 से भारत आपराधिक न्याय के एक नए युग की शुरूआत होने जा रही है। न्याय का एक नया सूरज उदित हो रहा है, जब पूरे देश में लागू हुई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य संहिता को लेकर उम्मीद करनी चाहिए कि यह बदलाव न्याय की कसौटी पर खरा उतरेंगे। इस दृष्टि से यह कानून से जुड़ी अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा अवसर भारत न्याय प्रक्रिया को एक नई शक्ति, नई ताजगी और नया परिवेश देने वाला साबित होगा। उल्लेखनीय है कि कानूनी बदलाव से जुड़े ये तीनों विधेयक बीते साल संसद में पारित किये गए थे। अंग्रेजों के बनाये कानून क्या स्वतंत्र भारत में साढे.सात दशक बाद भी लागू रहने चाहिए, यह लम्बे समय से विमर्श का विषय बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये, अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने का साहसिक एवं प्रासंगिक कदम उठाते हुए नए कानून लाने एवं उन्हें लागे करने का बड़ा कदम उठाया है, जो सुखद एवं स्वागतयोग्य है। विपक्षी दलों ने सांस्कृतिक, धार्मिक व भौगोलिक विविधता वाले देश के लिये बनाये गये कानूनों को भले ही व्यापक सार्वजनिक विमर्श के बाद ही लागू किया जाने की अपेक्षा व्यक्त की हो, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि जहां ब्रिटिश काल में बने कानूनों का मकसद दंड देना था,





ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

भारतीय न्याय प्रणाली की कमियां को दूर करते हुए उसे अधिक चुस्त, त्वरित एवं सहज सुलभ बनाना नये भारत की अपेक्षा है। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों के लिये न्याय सहज सुलभ महसूस हो, कानूनी प्रावधान न्यायसंगत एवं अपराध-नियंत्रण का माध्यम हो, वह आसानी से मिले, जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता हो। निश्चित रूप से किसी भी कानून का मकसद नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता, संपत्ति व अधिकारों की रक्षा करना ही होता है। जिससे किसी सभ्य समाज में न्याय की अवधारणा पुष्ट हो सके। 1 जुलाई, 2024 से भारत आपराधिक न्याय के एक नए युग की शुरूआत होने जा रही है। न्याय का एक नया सूरज उदित हो रहा है, जब पूरे देश में लागू हुई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य संहिता को लेकर उम्मीद करनी चाहिए कि यह बदलाव न्याय की कसौटी पर खरा उतरेंगे। इस दृष्टि से यह कानून से जुड़ी अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा अवसर भारत न्याय प्रक्रिया को एक नई शक्ति, नई ताजगी और नया परिवेश देने वाला साबित होगा। उल्लेखनीय है कि कानूनी बदलाव से जुड़े ये तीनों विधेयक बीते साल संसद में पारित किये गए थे।

अंग्रेजों के बनाये कानून क्या स्वतंत्र भारत में साढे.सात दशक बाद भी लागू रहने चाहिए, यह लम्बे समय से विमर्श का विषय बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये, अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने का साहसिक एवं प्रासंगिक कदम उठाते हुए नए कानून लाने एवं उन्हें लागे करने का बड़ा कदम उठाया है, जो सुखद एवं स्वागतयोग्य है। विपक्षी दलों ने सांस्कृतिक, धार्मिक व भौगोलिक विविधता वाले देश के लिये बनाये गये कानूनों को भले ही व्यापक सार्वजनिक विमर्श के बाद ही लागू किया जाने की अपेक्षा व्यक्त की हो, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि जहां ब्रिटिश काल में बने कानूनों का मकसद दंड देना था, वहीं नये कानूनों का मकसद नागरिकों को न्याय देना है। मौजूदा चुनौतियों व जरूरतों के हिसाब से कानूनों को बनाया गया है।

इन कानूनों को बनाने का मूल उद्देश्य अपराधमुक्त समाज की संरचना करना है। इसीलिये अपराधियों को कड़े दण्ड देने का प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय न्याय संहिता में विवाह का प्रलोभन देकर छल के मामले में दस साल की सजा, किसी भी आधार पर मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास की सजा, लूटपाट व गिरोहबंदी के मामले में तीन साल की सजा का प्रावधान है। आतंकवाद पर नियंत्रण के लिये भी कानून है। किसी अपराध के मामले में तीन दिन में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी तथा सुनवाई के बाद 45 दिन में फैसला देने की समय सीमा निर्धारित की गई है। वहीं प्राथमिकी अपराध व अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम के जरिये दर्ज की जाएगी। व्यवस्था की गई है कि लोग थाने जाए बिना भी ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कर सकें। यह कहने में कोई हर्ज नहीं है कि इन कानूनों के माध्यम से देश में पुलिस सुधार को भी बल मिलेगा। पुलिस कानून-कायदे के तहत काम करने को विवश या बाध्य होगी। अंततः अब पुलिस को अनुशासित बनाने के साथ-साथ कारगर बनाने की ओर देश ने अपने कदम बढ़ा दिए हैं। पुलिस प्रशासन की सफलता इसी में है कि तमाम लोगों को यह महसूस हो कि कानून न्यायपूर्ण ढंग से लागू किया जा रहा है। एक पहलू यह भी है कि पुलिस प्रशासन को कुशल और सक्षम बनाने के लिए संसाधनों की कमी आड़े नहीं आए। जिस स्तर की सेवा की उम्मीद लोग पुलिस से कर रहे हैं, उसके लिए सरकारों को पुलिस पर व्यय बढ़ाना होगा। सक्षम और सहयोगी पुलिस हमारे तेज विकास में कारगर होगी। पुलिस को प्रशिक्षित एवं सक्षम बनाने के तंत्र भी नये तरीके से विकसित करने होंगे। एक तरह से इन कानूनी प्रावधानों को सहज एवं सरल बनाने के प्रयास किये गये हैं। ध्यान रहे, पिछले कानूनों में यह बड़ी कमी थी कि वे गरीबों को न्याय दिलाने में असमानता के द्योतक थे। उन कानूनों का इस्तेमाल गरीबों के खिलाफ जितनी आसानी से होता था, उससे कहीं ज्यादा कठिनाई से अमीरों के खिलाफ मामले दर्ज होते थे। आरोप सिद्ध होने या सजा के मामले में भी गरीबों को ही ज्यादा भुगतना पड़ता था। औपनिवेशिक युग के निर्मम या गरीब विरोधी कानूनों को समाप्त करने की मांग लंबे समय से हो रही थी। अब इन नये तीन कानूनों ने ब्रिटिश काल के तीन कानूनों की जगह ले ली है, इसका एहसास कराना होगा कि ब्रिटिश हिसाब से बने कानून अब देश में नहीं चल रहे हैं। नए कानूनों में यह ताकत है कि इनसे अपने यहां संपूर्ण न्याय प्रणाली में आम नागरिकों के अनुरूप आधुनिक बदलाव हो सकता है। केंद्र सरकार ने अपना काम कर दिया है और अब राज्यों को अपने स्तर पर इन अच्छे एवं प्रभावी कानूनों को लागू करने की पूरी तैयारी करनी पड़ेगी और देश के ज्यादातर राज्यों में पुलिस जिस तरह से प्रशिक्षित हो रही है, इससे जुड़ी खबरों का सामने आना भी सुखद है। सक्षम और सहयोगी पुलिस नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत में कारगर होगी। सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के अनुरूप राजद्रोह कानून को तो हटा दिया गया है लेकिन राष्ट्रीय एकता, अखंडता व संप्रभुता के अतिक्रमण को नये अपराध की श्रेणी में रखा गया है। संगठित अपराधों के लिये तीन साल की सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही अपराध की जांच-पड़ताल को आधुनिक तकनीक के जरिये न्यायसंगत बनाने का प्रयास किया गया है। जिसमें फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाना भी अनिवार्य है ताकि अपराधी संदेह का लाभ न उठा सकें। दूसरी ओर सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल अपराध नियंत्रण में बढ़ेगा। नये कानून के अनुसार मौत की सजा पाये अपराधी को खुद ही दया याचिका दायर करनी होगी, कोई संगठन या व्यक्ति ऐसा न कर सकेगा। निश्चित ही जहां सरकार वर्तमान संदर्भ के अनुरूप कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है वहीं उसे कानून व्यवस्था को सशक्त बनाने एवं पुलिस-व्यवस्था को सुधारने एवं सक्षम बनाने के लिये साधन-सुविधाओं को सुलभ कराने के लिये तत्पर होना होगा। नये कानून एवं नयी आधुनिक अदालते कल के भारत को और मजबूत करेगी। नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने में इनकी सर्वाधिक सार्थक भूमिका होगी। सरकार अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी या स्थानीय भाषाओं में न्याय-प्रक्रिया को संचालित करने के लिये भी प्रतिबद्ध है।

# विपक्ष की सकरात्मक भूमिका लोकतंत्र को बचा सकती!

डॉ. भरत मिश्र प्राची

इस बार के लोकसभा चुनाव मे विपक्ष को मजबूत जनादेश मिला जिसके बल पर वह सकरात्मक कदम उठाकर लोकतंत्र को बचा सकती है। संसद में जनादेश के इस ताकत पर सरकार के गलत कदम पर ब्रेक लगाते हुये उठाकर जनहित में कदम उठाने को मजबूर कर सकती है। यह तभी संभव है जब विपक्ष मिले जनादेश की ताकत को अनर्गल बहस में न उलझाकर संसद में जनहित के मुद्दे उठाये, बहस करे, सरकार को मुद्दे पर अमल करने का दबाव बनाये। लोकसभा चुनाव के बाद राष्ट्रपति अभिभाषण से शुरू होने वाला सत्र मुद्दो से भटककर टकराव की राजनीति में उलझ गया है जहां संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का भाजपा बनाम हिन्दू वाला बयान राजनीतिक तुल पकड़ता जा रहा है। इस बयान ने देश में एक नया राजनीतिक भूचाल खड़ा कर दिया जो लोकतंत्र हित में कदापि नहीं। इस चुनाव में देश की जनता ने विपक्ष को जो जनदेश जिस काम के लिये दिया, विपक्ष उस दिशा में कदम न बढ़ाकर गलत अपना लिया है। जो चर्चा संसद से बाहर की जा सकती उसे संसद में प्रमुख बनाकर सत्ता पक्ष को मुद्दों से भटकाने का कार्य कर रहा है। विपक्ष को जनादेश मिला है पर सत्ता पक्ष अभी भी ताकतवर है जिसने लोकसभा अध्यक्ष का चयन अपनी मर्जी के अनुसार कर विपक्ष को अपनी ताकत का अहसास करा दिया, इस बात को विपक्ष को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। लोकसभा उपाध्यक्ष का चयन भी सत्ता पक्ष की मर्जी के अनुसार हीं होना है भले यह जगह अपने सहयोगी दल में से किसी को देनी पड़े पर विपक्ष को इस पद से भी हाथ धोना पड़ सकता है। जब कि विपक्ष इस पद के लिये अपना उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारने का निर्णय भी ले चुका है। वर्तमान राजनीतिक उभरे हालात में पक्ष विपक्ष के बीच केवल आपसी अनर्गल टकराव की स्थिति उभरती नजर आ रही है, जहां वास्तविक जनहित के मुद्दे गौण हो चले है। इस तरह की स्थिति संसद में चर्चा के दौरान विपक्ष द्वारा मुद्दों से हटकर अनर्गल मुद्दे उठाने से उपजी जिसके लिये विपक्ष पूरी तरह से जिम्मेवार है। लोकसभा चुनाव में जनता ने जिसे जनादेश दिया, जिसे नहीं दिया, संसद की चर्चा का विषय नहीं है। संसद में जनहित के मुद्दे विपक्ष द्वारा उठाया जाना विपक्ष का सकरात्मक कदम माना जा सकता जिससे लोकतंत्र की मयार्दा बचाने एवं सत्ता पक्ष को गलत कदम उठाने से रोकने में विपक्ष को सफलता मिलती। पर विपक्ष के उठाये वास्तविक महंगाई, बेराजगारी, नीट परीक्षा धांधली, अग्नवीर मुद्दे को भटकाव वाला हिन्दू बनाम भाजपा का मुद्दा निगल गया। इस तथ्य को विपक्ष को समझना होगा। विपक्ष संसद में अनर्गल बहस से बचकर जनहित के मुद्दे उठाते हुये विपक्ष की भूमिका निभा सकता है जिसके लिये देश की जनता ने स्पष्ट जनदेश दिया है जो अपने सकरात्मक कदम से सत्ता पक्ष के गलत कदम को रोककर सही कदम उठाने पर मजबूर कर सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मालदीप से मृतक का शव आया गाँव

बेतिया। मोहन सिंह ।बेतिया विधानसभा क्षेत्र के बरवत सेना गांव निवासी राजेश प्रसाद यादव जी की मालदीप में विगत दिनों दुखद मृत्यु हो गयी। सूचना की जानकारी मिलते ही बिहार सरकार की पशुपालन मंत्री सह बेतिया विधायक श्रीमति रेणु देवी द्वारा आवश्यक प्रयास किया गया और अंततः मृतक का पार्थिव शरीर विमान द्वारा मालदीव से भारत लाया गया। आज मृतक राजेश का पार्थिव शरीर बेतिया,बरवत सेना उनके घर लाया गया। आज मृतक के घर पहुंचकर रेणु देवी ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदना प्रकट की एवं दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। शव को मालदीव से भारत लाने में मा. केंद्रीय राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दुबे एवं मा. सांसद डॉ संजय जायसवाल के द्वारा किये गए सहयोग के लिए रेणु देवी ने आभार प्रकट किया।

### लहलादपुर में गण्डकी नदी पर बने दो-दो पुल हुए ध्वस्त



लहलादपुरः प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्थित गंडकी नदी पर बने दो-दो पुल ध्वस्त हो गये. पहला श्रीढोंढ़नाथ मंदिर के निकट पूर्व विधायक मनोरंजन सिँह उर्फ धूमल सिँह के विधायक कोटे से सन 2005 ईॖ में गंडकी नदी पर बना पुल दिन के लगभग दो बजे ध्वस्त हो गया. जबकि इसी नदी पर दंदासपुर जंगलविलास टोला स्थित ब्रिटिश जमाने का बना पुल भी ध्वस्त हो गया. उपस्थित लोग बताते हैं कि नदी की सफाई के तहत निकाली गयी मिट्टी में अनियमिता बरती गयी है. इससे संबंधित इंजीनियर तथा ठीकेदार को पुल के पाया से कुछ दूरी पर खोदायी करनी चाहिए थी. इन दोनों पुलों के टूटने से फिलहाल किसुनपुर लौआर तथा दंदासपुर पंचायत का संबंध विच्छेद हो गया. दोनों पंचायत के लोगों को एक दूसरे पंचायत में आने-जाने में परेशानी बढ़ गयी. पुल ध्वस्त होने से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.

### रसूलपुर में तीसरे दिन भी बिजली आपूर्ति भंग,उपभोक्ताओं में आक्रोश

रसूलपुर ।एकमा पश्चिमी भाग के गौसपुर,रसूलपुर,मुकुदपुर आदि फीडरों में लगातार तीसरे दिन बिजली आपुर्ति भंग रह ।जर्जर तारों के बार बार टूटने और विद्युत आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ता में भारी आक्रोश है ।गौसपुर फीडर के एक उपभोक्ता व पैक्स अध्यक्ष भरत सिंह ने बताया कि उनके क्षेत्र के फीडर का तार पुरी तरह गल चुका है ।हवा का हल्का झोंका व अल्प बारिश भी तार नहीं झेल पा रहा है ।नतीजा है कि सोमवार की आधी रात से बिजली की आपुर्ति टूटभंग हैं ।इस फीडर के साथ रसूलपुर,असहनी ,योगियां गांवों में भी यही हाल है ।लोगों का मोबाइल तक चार्ज नहीं हो रहा हैं ।रसूलपुर बाजार में भाड़े के घरों में रह रहे दूर दराज के शिक्षकों का कहना है कि सुचारू रुप से बिजली नहीं मिलने से उनके मोबाइल काम नहीं कर रहे हैं ।ऐसे में मोबाइल एप से हाजिरी बनाने में दिक्कतों का सामना है ।उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली कर्मी फोन भी नहीं उठाते ।उधर बिजली विभाग से जुड़े कर्मियों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण बिजली बहाल करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

### नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ने दिया योगदान

एकमा। नगर पंचायत एकमा बाजार के कार्यपालक पदाधिकारी रमन राज ने अपना कार्यभार संभाला मौके पर मुख्य पार्षद श्वेता रानी सहित अन्य सभी वार्ड पार्षदों कार्यालय कर्मियों ने उनको माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया । इस दौरान रमन राज ने मुख्य पार्षद को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं अपने कर्तव्य को ईमानदारी पूर्वक सही से निर्वहन करुंगा नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने के साथ ही हर क्षेत्र में विकास की गति बढ़ाने की प्राथमिकता दी जाएगी उन्होंने नगर पंचायत की जनता एवं प्रतिनिधियों से विकास कार्य में सहयोग करने के लिए अपील किया । इसके पश्चात सभी वार्ड पार्षदों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर कर्मी वीर बहादुर सिंह विशाल सिंह रमेश सिंह धर्मेंद्र शर्मा ओम सिंह कमल किशोर सहाय आदि उपस्थित थे ।

# जल जीवन हरियाली अभियान से संबंधित जिला परामर्शदातृ समिति की बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता




छपरा कार्यालय । मंत्री विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सह प्रभारी मंत्री सारण जिला सुमित कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति एवं जल जीवन हरियाली अभियान से संबंधित जिला परामर्शदातृ समिति की बैठक आहुत की गई। सर्व प्रथम जिलाधिकारी ने सारण जिला के लिये आगामी एक वर्ष के लिये निर्धारित विकास से संबंधित कार्यों के प्राथमिकता/आवश्यकता के बारे में जानकारी दी।नल जल, सड़क निर्माण, सभी पंचायतों में खेल मैदान एवं स्पोर्ट्स क्लब के गठन की प्राथमिकता के बारे में जानकारी दी गई। छपरा में वर्त्तमान एयरपोर्ट के जीर्णोद्धार की योजना पर चर्चा की गई। नगर निगम क्षेत्र में मलिन बस्तियों के विकास एवं वेंडिंग जोन के विकास की आवश्यकता के बारे में बताया गया। बताया गया कि जिला में औद्योगिक विकास हेतु बियाडा के लिये 25-50 एकड़ जमीन चिन्हित करने हेतु पहल की जायेगी। जिला में विशेष भूमि सर्वेक्षण के कार्य जून 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पशु चिकित्सा के तहत डोर स्टेप सर्विस हेतु पहल की जायेगी।

नगर निगम छपरा के संदर्भ में बताया गया कि लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम की कार्य योजना को पूरा करने की आवश्यकता बताई गई। नगर निगम की महत्वपूर्ण 15 सड़कों को पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव विभाग को भेज गया है। बिशनपुरा से ब्रह्मपुरा तक सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है। खैरा-बिंद टोलिया सड़क के विकास की आवश्यकता बताई गई, इससे छपरा रेलवे स्टेशन को दूसरी तरफ से भी सुगमता से जोड़ा जा सकेगा। इसी तरफ बस स्टैंड के निर्माण हेतु जिला परिषद की ओर से पहल की जा रही है। छपरा शहर से जल निकासी की स्थाई व्यवस्था हेतु नगर निगम एवं आस पास के पंचायतों के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार कर अग्रेतर कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया गया। विगत दिसंबर माह में आहुत बैठक में उठाये गये मामलों के अनुपालन पर एक एक कर चर्चा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिया गया।

दाखिल खारिज के मामलों के निष्पादन की अंचलवार नियमित रूप से समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी विद्यालयों के जमीन के अभिलेखों को एक महीने के अंदर संधारित करने का निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। इस संबंध में सभी अंचलाधिकारी को भी आवश्यक कार्रवाई का निदेश दिया गया। समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि कुछ भूमिहीन विद्यालयों के लिये लोग जमीन दान करने के लिए इच्छुक हैं। जिलाधिकारी ने ऐसे सभी मामलों में प्राथमिकता देते हुए विधिवत जमीन का निबंधन सुनिश्चित कराने का निदेश शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को दिया। ग्रामीण सोलर लाइट के रख रखाव पर विशेष बल देने की आवश्यकता सदस्यों द्वारा बताई गई। नल जल योजना के संदर्भ में मरम्मती कार्य को तत्परता से कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को दिया गया। विधायक कृष्ण कुमार सिंह ने विद्यालयों में आधार भूत संरचनाओं का कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं होने की शिकायत की। इस संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे मामलों की जिला स्तर से जाँच कराई जायेगी। विद्यालय विकास कोष एवं छात्र कोष की राशि का दुरुपयोग किये जाने की शिकायत के संदर्भ में दोनों कोष की राशि को संबंधित बैंक खाता में जमा कर विधिवत व्यय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। इस संबंध में उन्हें सभी विद्यालयों की समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा गया।

## बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम के अंतर्गत नवनियोजित सारण जिला में पदस्थापित 427 कर्मियों को प्रभारी मंत्री ने वितरित किया नियोजन पत्र



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम के अंतर्गत कई पदों के लिये कर्मियों का नवनियोजन किया गया है। इसके तहत सारण जिला के लिये नवनियोजित 16 विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, 32 विशेष सर्वेक्षण कानूनगो , 31 विशेष सर्वेक्षण लिपिक एवं 348 विशेष सर्वेक्षण अमीन को पदस्थापित किया गया है। सभी नव नियोजित कर्मियों को आज प्रेक्षा गृह छपरा में आयोजित कार्यक्रम में माननीय मंत्री विज्ञान एवं प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग -सह- प्रभारी मंत्री सारण जिला द्वारा नियोजन पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार सरकार लगातार विभिन्न विभागों के रिक्त पदों पर नियुक्ति कर रही है। आज का यह कार्यक्रम इसी अभियान की एक कड़ी है। उन्होंने सभी नवनियोजित कर्मियों को अपनी जिम्मेदारी का पूरी लगन के साथ निर्वहन कर सर्वे कार्य को समयबद्ध ढंग से निष्पादित करने को कहा। उन्होंने सभी कर्मियों को भविष्य के लिये शुभकामनाएं दीं। पटना में आयोजित राज्यस्तरीय नियोजन पत्र वितरण कार्यक्रम का यहाँ भी सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर विधायक जनक सिंह, विधायक डॉ० सी एन गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्षा, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत सहित अन्य पदाधिकारी एवं सभी नवनियोजित कर्मी उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक, मुफ्फसिल, अवतारनगर एवं डोरीगंज थाना का किया औचक निरीक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। विगत रात्रि में पुलिस अधीक्षक, के द्वारा मुफ्फसिल, अवतारनगर एवं डोरीगंज थाना औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना के हाजत, आगंतुक कक्ष व महिला कक्ष का किया गया निरीक्षण। साथ ही थाना में थाना रजिस्टरो से लेकर मुख्य दस्तावेजों की जॉच की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, सारण थानाध्यक्ष को रात्रि गष्ती सुचारू रूप से किए जाने, शराब के परिवहन एव भंडारण पर निगरानी रखने ,वांछित अपराधियों को जल्द से जल्द पकडने एवं थाना पर आने वाले परिवादियों की समस्या को गंभिरता से निस्तारण करने का निर्देष दिया गया। अवतारनगर एवं डोरीगंज थाना के औचक निरीक्षण के क्रम में संतरी 1. सिपाही 724 विनोद कुमार, डोरीगंज थाना, 2. गृहरक्षक 201731 राजू कुमार यादव, अवतारनगर थाना, को अपने कर्तव्य पर चुस्त एवं मुस्तैद पाया गया, जिसके लिए पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा उक्त दोनो संतरी को 500-500 रू0 की राषि से पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही निरीक्षण के दौरान अवतारनगर एवं डोरीगंज थाना के गष्ती वाहन को थाना में ही पाया गया, जिसके संबंध में दोनो थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

## ग्रीन सिटी कंस्ट्रक्टिंग एरिया में काम कर रहे मजदूर की करेंट लगने से मौत



प्रात : किरण, संवाददाता

दिघवारा नगर ।नयागांव थाना क्षेत्र के ग्रीन सिटी कंस्ट्रक्टिंग एरिया में काम कर रहे एक मजदूर की बुधवार को बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई ।मृतक की पहचान दिघवारा थाना क्षेत्र के निजामचक गांव निवासी अजीत पासवान के 32 वर्षीय पुत्र रोहित पासवान के रूप में हुई है ।घटना के बाद मृतक के घर कोहराम मच गया। मिली जानकारी के मुताबिक रोहित नयागांव स्थित ग्रीन सिटी कैंपस में काम करने गया था तभी वहां किसी व्यक्ति द्वारा उसे बिजली तार हटाने को कहा गया ।इसी बिजली के तार को हटाने के क्रम में वह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया जिससे वह अचेतावस्था में आ गया ।बाद में परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिघवारा पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।देर शाम मृतक के शव से लिपटकर पिता अजीत पासवान, मां प्रभावती देवी, पत्नी खुशबू देवी, भाई मोहित कुमार समेत अन्य परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल था ।नयागांव पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।

# जनसंख्या स्थिरता पखवारा अभियान को लेकर निकाली गयी जागरूकता रथ

प्रात : किरण, संवाददाता




मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से बुधवार को सारथी जागरूकता रथ को स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ संजय कुमार द्वारा रवाना किया गया । इस सम्बन्ध में स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने कहा कि जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर 11 जुलाई से पूरे राज्य में मिशन परिवार विकास अभियान चलाया जा रहा है। हम दो हमारे दो के साथ साथ दो बच्चों के जन्म के बीच अंतर को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इसी को लेकर सारथी रथ को रवाना किया गया है। जो प्रखंड के विभिन्न गांव का भ्रमण कर लोगों को जागरूक करेगा। मिशन परिवार विकास अभियान के तहत आगामी 11 से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा ।जिसमे परिवार नियोजन के लिए महिला बंध्याकरण और पुरुष नस बंदी कार्यक्रम चलाया जाएगा। पुरुष नसबंदी कराने वाले लाभार्थी को 3000 और उत्प्रेरक को 400 रू जबकि महिला बंध्याकरण लाभार्थी को 2000 और उत्प्रेरक को 300 रूपए की राशि प्रदान की जाती है। प्रसव उपरांत बंध्याकरण पर लाभार्थी को 3000 और उत्प्रेरक को 400 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसके अलावा अस्थाई परिवार नियोजन के तहत पीपीआईयूसीडी, आईयूसीडी के लिए भी दंपतियों को प्रेरित किया जाएगा। इससे 2 बच्चो के जन्म के बीच अंतर रख सके और इसके महत्व को भी समझ सके। मौके पर बीसीएम लवकुश कुमार, परमेंद्र कुमार के अलावा अन्य लोग मौजूद रहें।

## अपने कॉलेज के प्राचार्य के कुलसचिव बनने पर प्राध्यापक ने किया अभिनंदन



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के नए कुलसचिव पद पर प्रोफेसर डॉ नारायण दास के पदभार संभालने पर प्राध्यापक डॉ धीरज सिंह ने बधाई दी है। बिहार विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई एम एस एम समता कॉलेज जंदाहा के प्राचार्य डॉक्टर नारायण दास का स्वागत शॉल व बुके देकर डॉ धीरज सिंह ने उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में किया। डॉक्टर धीरज सिंह समता कॉलेज जंदाहा में ही भौतिक विभाग के प्राध्यापक हैं। उन्होंने कहा कि एम एस एम समता कॉलेज जंदाहा का प्राचार्य के तौर पर नारायण सर ने चतुर्दिक विकास किया है। अकादमिक क्षेत्र में भी कॉलेज को ऊंचाई प्रदान की थी। जयप्रकाश विश्वविद्यालय को भी अकादमिक व प्रशासनिक क्षेत्र में नया नया आयाम देने में डॉक्टर नारायण सर का महत्वपूर्ण योगदान होगा।

धीरज सिंह ने यह भी कहा कि नए कुलसचिव छात्र समस्याओं के प्रति शुरू से ही गंभीर रहे हैं और समस्याओं का तुरंत निदान करना कुल सचिव की प्राथमिकता में भी है। नए कुलसचिव के कार्यकाल में विश्वविद्यालय में शोध शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा और सत्र भी जल्द नियमित हो जाएगा। वही कुलसचिव ने प्राध्यापक धीरज सिंह को भरोसा दिलाया कि वे छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों की अपेक्षाओं पर शत- प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे। सभी को साथ लेकर विश्वविद्यालय के विकास को गति दी जाएगी।

## दहेज के लिए पति ने पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

प्रात : किरण, संवाददाता

पानापुर(सारण)थाना क्षेत्र के बेतौरा गांव में दहेज में मोटरसाइकिल एवं एक लाख रुपये के लिए एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल देने का मामला प्रकाश में आया है ।इस मामले को लेकर पीड़िता सोनम कुमारी ने स्थानीय थाने में पति रंजीत कुमार उर्फ तूफान कुमार एवं ससुर प्रभु साह पर प्राथमिकी दर्ज करायी है ।दर्ज प्राथमिकी में उसने कहा है कि मेरी शादी 2 मई 2022 को हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार रंजीत के साथ हुई थी ।शादी के कुछ दिनों बाद से ही मोटरसाइकिल एवं व्यवसाय के लिए एक लाख रुपये की मांग की जाने लगी ।इसी को लेकर मेरे पति एवं ससुर मेरे साथ बराबर मारपीट करते थे ।इसको लेकर कई बार पंचायती भी हुई लेकिन वे लोग अपनी हरकतों से बाज नही आये ।गत रविवार को भी वे दोनो मेरे साथ मारपीट किये एवं घर से निकल दिए ।इस संबंध में थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## तेज हवा व बारिश से तेजपुरवा में वर्षों पुराना दो पेड़ हुआ धराशाई

मढ़ौरा ग्रामीण मढ़ौरा में तेज बारिश और हवा के कारण तेजपुरवा और लेरूआ गांव में पीपल तथा पकड़ी के दो पुराने पेड़ धराशाई हो गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तेजपुरवा रेलवे ढाला के पास बरसों पुराना एक पकड़ी का पेड़ था जो बीती रात अचानक धराशाई हो गया। इस दौरान पेड़ के नीचे खड़ी एक ट्रक उसकी चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। उधर मढौरा के लेरुआ गांव में बुधवार को दिन के करीब 11:00 बजे बरसों पुराना एक विशाल पीपल का पेड़ अचानक धराशाई हो गया और इसके डाल रमाशंकर सिंह के घर से टक्करा गए। जिस कारण उनके घर का छज्जा टूट गया। इस दौरान वहां पास से गुजरे बिजली के तार भी क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि इस दौरान संयोग ठीक रहा कि इन पेड़ों की चपेट में वहां आसपास के लोग नहीं आ सके और एक बड़ा हादसा होते होते टल गया।

## चिकित्सा प्रभारी ने आरोग्य दिवस के मौके पर स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

मढ़ौरा ग्रामीण मढ़ौरा रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर कृष्णचंद्र ने बुधवार को आरोग्य दिवस के अवसर पर तेजपुरवा स्वास्थ्य उपकेंद्र का औचक निरीक्षण किया और यहां टीकाकरण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान तेजपुरवा स्वास्थ्य उपकेंद्र पर एएनएम, आशा और सेविका मौजूद मिली। यहां आरोग्य दिवस के मौके पर करीब 22 गर्भवती महिला व शिशुओं का टीकाकरण भी किया गया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर कृष्णचंद्र ने वहां मौजूद महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग के दिशा निर्देश के मुताबिक सभी निर्धारित टीका को समय से अपने स्वास्थ्य उपकेंद्र पर आकर जरूर लगावाये और किसी भी तरह की परेशानी होने पर अस्पताल के डॉक्टर से जरूरी सलाह लें । इस मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक विश्वजीत कुमार सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

## गंडक बराज के पूर्वी नहर के 7 नम्बर फाटक में फंसे हिरण के रेस्क्यू में जुटे वनकर्मी

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा ।गंडक बराज के पूर्वी नहर के 7 नम्बर फाटक में नेपाल से नदी के बाढ़ मे बहकर आए बारह सिंगा हिरण के रेस्क्यू के लिए वनकर्मी जुटे हुए है। वन विभाग ने इसके रेस्क्यू के लिए गंडक विभाग प्रशासन को लिखित आवेदन देकर उपर्युक्त फाटक खोलने का आग्रह किया है। जिस पश्चात 7 नम्बर नहर फाटक को खोल दिया गया ।बतादें की गंडक नदी के जलस्त्रोत एरिया में लगातार 24 घंटे से बारिश हो रही है। नेपाल स्थित पहाड़ों पर हो रही बारिश से हुए तेज बहाव में बहकर चितवन जंगल व वीटीआर जंगल के जानवर नारायणी,तमसा व सोनभद्र नदी के रास्ते उफनती धारा में जंगली जानवर बहते हुए चले आ रहे हैं जो गंडक बराज के फाटक में आकर फंस जा रहे हैं। रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि रेस्क्यू किए जाने वाले जानवरो का मेडिकल जांच कर जंगल मे पुनः छोड़ दिया जाता है। वहीं मृत पाए जाने वाले जानवरों का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कर दिया जाता है।

# आशा फैसिलिटेटरों को मिला एम आशा एप का प्रशिक्षण

### डिजिटलाइजेशन से कार्यों की बढ़ेगी गतिः डीसीएम

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।आशा कार्यकताओं को डिजिटल मोड में लाने के उद्देश्य से राज्य से आई टीम ने चयनित आशा फैसिलिटेटरों को ह्लएम आशा एपह्व का प्रशिक्षण दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनाटांड और सिकटा में हुए इस कार्यक्रम में एनसीडीओ मुर्तजा अंसारी और डीसीएम राजेश कुमार भी उपस्थित थे। एप्प के माध्यम से आशा ऑनलाइन होकर अपना काम कम समय में बेहतर ढंग से कर सकेंगी। डीसीएम राजेश कुमार ने बताया कि आशा फैसिलिटेटरों को एम आशा एप के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इससे सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि आशा कार्यकर्ता अब मोबाइल फोन के जरिए एम-आशा एप के माध्यम से अलग अलग कार्यों, बीमारीयों पर खोज समेत अन्य कार्यों को सीधे पोर्टल पर खुद ही अपलोड कर सकेंगी। अब एम आशा एप से आशा गांव में होने वाली वाली जन्म, मृत्यु, प्रसव, फाइलेरिया, मलेरिया, एईएस, बुखार, डायरिया समेत सभी प्रकार की बीमारी समेत अन्य गतिविधियों को इस डिजिटल एप से जोड़ने का काम करेंगी। गांव के सर्वे के बाद आशा डेटा अपलोग करेंगी। आशा कार्यकर्ता डिजिटल और स्मार्ट बनेंगी। उनको किसी रजिस्टर पर लिखने-पढने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

## आशा के कार्यों की आसानी से हो सकेगी निगरानी

प्रात : किरण, संवाददाता

एनसीडीओ मुर्तजा अंसारी ने बताया कि आशा फैसिलिटेटरों को ह्लएम आशा एपह्व का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। वे मोबाइल में एम आशा एप डाउनलोड करें और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एप पर डालें। इससे सबसे बड़ा फायदा यह होगा की फैसिलिटेटर द्वारा आशा की, बीसीएम द्वारा फैसिलिटेटर की, डीसीएम द्वारा बीसीएम की एवं राज्य द्वारा जिला स्तर पर आसानी से मॉनिटरिंग की जा सकेगी। जिले के सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली गर्भवती महिलाओं, जन्म मृत्यु, प्रसव, फाइलेरिया, मलेरिया, एईएस, बुखार, डायरिया सहित कई अन्य प्रकार की बीमारियों के अलावा अन्य गतिविधियों को इस डिजिटल एप पर अपलोड किया जा सकेगा। इस मौके पर राज्य से आए प्रशिक्षक, एनसीडीओ मुर्तजा अंसारी, डीसीएम राजेश कुमार, पीएसआई संस्था से राकेश कुमार सिंह, प्रखंडों की चयनित आशा फैसिलिटेटर व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## राहुल गांधी के लोकसभा में दिए गए हिन्दू विरोधी बयान को लेकर भाजयुमो ने किया पुतला दहन

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम )। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने लोकसभा में दिए गए हिंदू विरोधी बयानों को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बेतिया नगर के सोवा बाबू चौक पर पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया ।विरोध प्रदर्शन में शामिल भाजपा जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक कहा है लेकिन उनको मालूम नहीं कि हिंदू समाज इतना सहिष्णु है कि यह देश हिंदुओं का था लेकिन सदा से यहां अनेक धर्म का स्वागत किया है ।हमारे देश की संस्कृति सभी धर्म का सम्मान करना सिखाती है और उन्होंने हिंदुओं को हिंसक बताया है,जो दुर्भाग्यपूर्ण है ।गांधी परिवार की ओछी मानसिकता का बयान पहली बार नही आया है,इस तरह का बयान इनके परिवार के सदस्यों द्वारा बार-बार दिया जाता रहा है ।उनका यह बयान देश और हिंदुत्व विरोधी हैं। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा कि राहुल गांधी लगातार हिंदू समाज का ही नहीं बल्कि देवी-देवताओं का भी अपमान कर रहे हैं। अब वह देश की संसद में खुलेआम हिंदू समाज को हिंसक बता रहे हैं। यह कहीं ना कहीं हिंदू समाज का अपमान है। राहुल गांधी के इस बयान का देश की जनता ही नहीं बल्कि हर समाज के लोगों ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। इसीलिए वह पागल होकर के हिंदू समाज का अपमान कर रहे हैं ।मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता जी, जी,भाजयुमो जिला मंत्री संजय यादव,रविकिशन श्रीवास्तव, आकाश श्रीवास्तव,कार्तिक मिश्रा,राजीव मिश्रा,,अक्षय लाल,नागेंद्र राव,रविकिशन श्रीवास्तव,गोविंद साह,सत्येन्द्र कुमार,सुमित शुक्ला,पन्नालाल, सुरेश महतो,राजा शाह सहित सैकड़ो युवा उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत के नये कार्यपालक पदाधिकारी ने किया योगदान

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा। नगर पंचायत एकमा बाजार के कार्यपालक पदाधिकारी रमन राज ने अपना कार्यभार संभाला मौके पर मुख्य पार्षद श्वेता रानी सहित अन्य सभी वार्ड पार्षदों कार्यालय कर्मियों ने उनको माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया । इस दौरान रमन राज ने मुख्य पार्षद को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं अपने कर्तव्य को ईमानदारी पूर्वक सही से निर्वहन करुंगा नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने के साथ ही हर क्षेत्र में विकास की गति बढ़ाने की प्राथमिकता दी जाएगी उन्होंने नगर पंचायत की जनता एवं प्रतिनिधियों से विकास कार्य में सहयोग करने के लिए अपील किया । इसके पश्चात सभी वार्ड पार्षदों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर कर्मी वीर बहादुर सिंह विशाल सिंह रमेश सिंह धर्मेंद्र शर्मा ओम सिंह कमल किशोर सहाय आदि उपस्थित थे ।

## अतिक्रमण के कारण एन एच 331 पर जल जमाव

प्रात : किरण, संवाददाता

बनियापुर। प्रखण्ड के एनएच 331 पर सहाजितपुर बाजार से पँचमहला जानेवाली सड़क पर अतिक्रमण करके घर बना लेने के कारण पक्की सड़क पर जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है ।जिसके चलते इस पक्की सड़क से चलने वाले सैकड़ों लोगों को दिक्कत हो रहा है ।स्थानीय लोगों ने बताया कि इस रास्ते मे लोगों द्वारा सरकारी सड़क पर भी पकड़ कर अपना मकान निर्माण कर लिया गया है ।जिसके चलते नाला का भी निर्माण नही हो पा रहा है ।मालूम हो कि इसी रास्ते से आम लोगो सहित सैकड़ों बच्चे भी स्कूल जाते है ।जहाँ रोड पर पानी लगने से सभी लोगो को बच कर जाना पड़ता है ।अगल बगल के करीब दर्जनों गांव के लोग इसी रास्ते से सहाजितपुर एवम एनएच 331 पर गाड़ी पकड़ने के लिए जाते है ।स्थानीय लोग चन्दन कुमार,रवि कुमार,राकेश ओझा,टुन्ना ओझा,मुन्ना कुमार सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि इस जलजमाव से आमलोगों को आने जाने बहुत परेशानी हो रही है

## संक्षिप्त खबरें

### कोइलवर की नई कार्यपालक पदाधिकारी ने कार्यभार किया ग्रहण



आरा।जिले के कोइलवर नगर पंचायत में नई ईओ प्रतीक्षा कुमारी ने कार्यभार ग्रहण किया। मौके पर मुख्य पार्षद सरताज आलम नई ईओ को बुके देकर स्वागत किया। ईओ प्रतीक्षा कुमारी ने बताया कि नगर का विकास और पेंडिंग कार्य को गति दिया जाएगा। जिससे नगर में समुचित विकास हो। पदभार ग्रहण के बाद नगरवासियो से अपील किया कि नगर को स्वच्छ और साफ सुथरा रखें। मौके पर नगर पंचायत कोईलवर के स्वच्छता पदाधिकारी अर्पिता कुमारी ,पवन कुमार समेत कई कर्मी मौजूद रहें।

### मुख्य सड़क पर पेड़ गिरा घंटो बाधित रही आवागवन

बगहा ।वीटीआर परिग्रहण क्षेत्र में लगातार रुक रुक के पिछले 24 घंटे से बारिश हो रही है ।जिससे गर्मी से तो लोगों को राहत मिली है लेकिन कई पेड़ जड़ों से उखड़ कर जमीदोज हो रहे है ।बस ड्राइवर जवाहिर ने बताया कि बुधवार की सुबह 5 बजे हरदियाचांटी के समीप विशालकाय पेड़ बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क पर गिर गया ।जिससे करीब 5 घंटे यातायात आवागवन बाधित रही। वन विभाग कर्मियों ने भारी मशक्कत कर पेड़ को काटकर रास्ते से हटा दिया गया है ।जिससे आवागवन फिर सुचारू बहाल हो गई है।

### विदाई सह समान समारोह का हुआ आयोजन

परसा ।नगर पंचायत परसा बाजार के निववर्तमान ईओ मो ओसामा इब्न मंसूर का विदाई समारोह ओर नये ईओ का नगर इओ रजनीश कुमार का सामान समारोह का आयोजन किया गया ।मौके पर मुख्य पार्षद ऐसा खातून,उपमुख्य पार्षद पूजा कुमारी,स्वच्छता पदाधिकारी नीतू शर्मा,मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मो करमुल्लाह,जेई गौतम कुमार, सिटी मैनेजर नोरोतम कुमार सम्राज्य,दीपक कुमार,राजू कुमार,आमोद कुमार शर्मा,सुनील कुमार,मुरारी सिह,अजीमुल्लाह अंसारी,सत्येंद्र कुमार,अरविंदर गिरी,सूरज कुमार,नागेंद्र राम अमीर राय, पवन कुमार ,सनोज कुमार, सोनू सिंह ,मुकेश कुमार आदि ने फूलमाला,अंग बस्त्र,बुके देकर सम्मानित किया गया।

### दो पक्षों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में 11 पर प्राथमिकी दर्ज

तरैया। थाना क्षेत्र के चंचलिया गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है ।जिसको लेकर दोनों पक्षों ने 11 नामजद सहित 8 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। गंभीर रूप से घायल रविंद्र कुमार भगत के फर्दब्यान पर 10 लोगों को प्राथमिकी दर्ज की गई है ।जिसमे नवीन भगत,नितेश भगत, प्रमोद भगत,सुबोध भगत, गुड्डू कुमार भगत उर्फ प्रिंस कुमार, सुनील कुमार पुष्पक,जितेंद्र भगत,भोला भगत,विनोद भगत एवं अरविंद भगत को आरोपित किया गया है ।वही दूसरे पक्ष से भोला भगत ने एक नामजद सहित आठ अज्ञात लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है ।दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट, गाली गलौज करने के आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है ।पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले कि जांच कर रही है।

### पैसा मांगने के विवाद को लेकर हुई मारपीट में सात पर प्राथमिकी दर्ज

तरैया। थाना क्षेत्र के छपिया बिन टोली में पैसे मांगने के विवाद को लेकर हुई मारपीट में पीड़ित भागमानो देवी ने सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है ।जिसमें फुलासो देवी,अभिषेक कुमार,बद्री राउत, दीपक राउत,सोनू कुमार,पूनम देवी,मुट्ठुल देवी को आरोपित किया है ।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मैं कर्ज के रूप में उक्त लोगो को पच्चीस सौ रुपए दी थी ।रुपए मांगने पर उक्त लोग मारपीट कर घायल कर दिए ।मारपीट के क्रम में मेरा मंगलसूत्र छीन लिए ।पूर्व में भी मेरे साथ मारपीट किए थे ।पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले कि जांच कर रही है।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की ठोकर से बाइक सवार पति पत्नी घायल

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के हनुमानगंज गांव के पास एसएच 90 मुख्य मार्ग पर बुधवार को शाम तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की ठोकर से बाइक सवार पति पत्नी और उनकी छोटी बच्ची घायल हो गयी ।सभी घायलो को इलाज के लिए मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया ।जहां से बेहतर उपचार के लिए उन्हे छपरा रेफर कर दिया गया। घटना के बाद गुस्साए लोगो द्वारा स्कॉर्पियो गाड़ी को घेर लिया और वाहन छोड़कर फरार हो रहे चालक को खदेरकर पकड़ लिया ।घायलो मे इसुआपुर थाना क्षेत्र के सढवारा लौवा गांव निवासी फुलेशर राम का पुत्र शिवलाल राम उनकी पत्नी पुष्पा देवी और छोटी ब्च्ची शामिल है।

# उपेंद्र कुशवाहा ने इंद्रपुरी के मिठोपुर में युवती की हुई हत्या के बाद परिजनों से की मुलाकात



प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा तथा काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा बुधवार को इंद्रपुरी थानाक्षेत्र के मीठोपुर गाँव की रहने वाली नीतू कुमारी की हत्या के बाद उसके पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी। तथा और हाल में इस कांड का उद्धभेदन तत्काल करने हेतु वरीय अधिकारियों से बात की जाएगी।

उपेंद्र कुशवाहा अपने समर्थकों के साथ इंद्रपुरी थानाक्षेत्र के मिठोपुर गांव पहुंचकर नीतू के पिता कमलेश कुशवाहा से मिलकर सांत्वना देते हुए कहा कि 19 वर्षीया नीतू के जघन्य हत्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मृतक नीतू के घर से जाने के बाद लापता नीतू का शव अगरेर थानाक्षेत्र के मोकर गाँव के समीप नहर से जब डेडबॉडी बरामद हुआ था।

उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि जब इस घटना की सूचना मिली तो उनके द्वारा रोहतास एसपी विनीत कुमार बात की गई। एसपी ने उन्हें भरपूर आश्वासन दिया कि हर हाल में मामले की जाँच कर घटना में शामिल अपराधियों को पता कर सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना समाज के लिए काफी निंदनीय है । साथ ही पुलिस प्रशासन इस तरह की घटना पर पैनी नजर रखें ताकि भविष्य में इस तरह की घटना नहीं घटे। वहीं नीतू हत्याकांड की जांच उचित तरीके से कर इसमें शामिल हत्यारों को दंडित करने हेतु स्पीडी ट्रायल के तहत सजा दिलाई जाए। जिसके लिए वरीय अधिकारियों से भी बात की जाएगी। बताते चले की इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के मीठापुर की रहने वाली 19 वर्षीय नीतू कुमारी 27 जून 2024 को अपने घर से निकली थी जिसके बाद दो दिनों तक वापस घर नहीं लौटे जिस पर परिजनों द्वारा 29 जून को इंद्रपुरी थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई। लेकिन उसी दिन रोहतास जिले के अगरेर थानाक्षेत्र के मोकर नहर के से नीतू का शव बरामद किया गया था। इसके बाद पुलिस द्वारा परिजनों को ले जाकर डेडबॉडी की शिनाख्त की गई। वहीं मृतक नीतू के पिता कमलेश कुशवाहा ने पुलिस और सरकार से अपनी बेटी के लिए न्याय की गुहार लगाई है और कहा कि मेरी बेटी की हत्या करने वाले अपराधियों को जल्द से जल्द पुलिस गिरफ्तार कर उन्हें फांसी की सजा देने की माँग की है। मौके पर डेहरी के पूर्व विधायक ई. सत्यनारायण सिंह यादव, रिंकू सोनी,अजय यादव, बबल कश्यप,डॉ.रामाशंकर पासवान सहित कई एनडीए के नेता मौजूद थे।

## पिता ने पुत्र की पीट-पीट कर की हत्या, डेडबॉडी को पुलिस ने किया बारामद, बाप बेटे में हुई थी मारपीट

रोहतास (बिहार)। रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के कुम्हऊ गांव में आपसी विवाद में पिता पुत्र में मारपीट हो गई। इस मारपीट में पुत्र की मौत हो गई। वही पुत्र की हत्या के बाद पिता जयराम पासवान फरार है। जबकि मृतक रवि पासवान के शव को पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल लाया है।

वारदात के बारे में बताया जाता है कि युवक रवि पासवान दिल्ली तथा अन्य बड़े शहरों में मजदूरी का काम करता है। वह समय-समय पर अपने कमाई का पैसा घर भेजता रहा है। 3 दिन पहले पुत्र रवि पासवान अपने घर आया तथा भेजे गए पैसे का पिता से हिसाब किताब करने लगा। जिसको लेकर पिता पुत्र में विवाद हो गया। इसी विवाद में पिता जयराम पासवान ने अपने पुत्र पर लाठी डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे पुत्र रवि पासवान की मौके पर ही मौत हो गई। इस वारदात के बाद पिता फरार हो गया। आरोपी जयराम पासवान की पत्नी ने अपने पति पर अपने ही पुत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए शिवसागर थाना में केस दर्ज कर दिया है। इस वारदात के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। उधर पिता पुत्र के रिश्ते को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है।

## जनजागरूकता से ही बिहार में परिवर्तन सम्भव : विनय कुमार सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। बिहार की स्थिति आज पूरी तरह बदहाल है। आजादी के 75 सालों बाद भी बिहार मजदूरों का ही कारखाना है। आज भी बिहार को दूसरे प्रदेश में दूसरे नजरिया से देखा जाता है। इसके लिए बल्कि कोई राजनीतिक दल या नेता नही बल्कि बिहार की जनता ही जिम्मेवार है। बिहार की स्थिति को अगर बदलना है तो जनजागरूकता से ही परिवर्तन लाया जा सकता है। उक्त बातें महापरिवर्तन आंदोलन बिहार के संयोजक बिहार एसटीएफ के पूर्व डीआजी, तेलांगना के पूर्व जेल महानिदेशक आइपीएस विनय कुमार सिंह ने स्थानीय आरा परिषदन के सभागार में महापरिवर्तन बिहार से जुड़े सदस्यों को संवोधित करते हुए कही।

इन्होंने आंदोलन के बारे में बताया कि महापरिवर्तन बिहार भोजपुर जिला के प्रत्येक गांव, पंचायत, प्रखंड एवं जिला में कर्तव्यनिष्ठ एवं संघर्षिल साथियों की टीम बनाकर लोगो के बीच जनजागरूकता फैलाएगी और लोगो के सोच में परिवर्तन लाने के लिए कार्य करेगी। इन्होंने बताया कि महापरिवर्तन से जुड़े साथियों की टीम गाँव स्तर पर ही छोटे छोटे झगड़े सुलझाने, शिक्षा के स्तर सुधारने, स्वच्छता अभियान चलाने एवं भ्रस्टाचार उन्मूलन के लिए संघर्ष करेंगे । वही हर स्तर के चुनाव में टीम के साथी गाँव के लोगो से विमर्श कर स्वच्छ एवं ईमानदार उम्मीदवार के चयन कर मत देने के लिए जागरूक करेंगे।

वही महापरिवर्तन आंदोलन के जिला प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने बताया कि जल्द ही रणनीति बनाकर गाँव गाँव दौरा कर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर उपस्थित प्रमुख लोगो मे शिवपुकार सिंह,आकाश राय,जयमंगल सिंह,संजीव कुमार,आदर्श पाठक, विवेक कुमार,आशीष कुमार, हर्षदेव पांडेय,सम्राट सक्सेना,मिथलेष यादव, राजेन्द्र सिंह, हरेंद्र मिश्रा सहित कई प्रखंडों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# मुआवजा भुगतान के लिए आयोजित कैम्प का किसान करेंगे बहिष्कार

प्रात : किरण संवाददाता

बक्सर। चौसा में प्रशासन द्वारा कथित मुआवजा भुगतान के लिए आयोजित कैम्प का सभी किसान बहिष्कार करेंगे । यह महज किसानों की एकता को तोड़ने हेतु तथाकथित कैंप प्रशासन का सुनियोजित और सुविचारित साजिश है। आज चौसा के न्यायीपुर में लाल साहेब उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में किसानों ने सर्व सम्मति से यह फैसला लिया। बैठक में प्रस्ताव पारित कर यह निर्णय लिया गया कि जब तक जेल में बंद किसानों की वेशर्त रिहाई नहीं हो जाती तथा उस पर लादे गए तमाम झूठे मुकदमे को सरकार वापस नहीं ले लेती है, तब तक किसान सरकार और प्रशासन से कोई वार्ता नही करेगी। बैठक में चौसा थर्मल पावर प्रभावित लगभग 22 गांव के ढाई सौ से अधिक किसान प्रतिनिधि शामिल हुए। किसान प्रतिनिधि को संबोधित करते हुए किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि किसानों की



एकता तोड़ने के लिए सम्राट चौधरी ने यूपी के फर्जी किसानों, निर्माण से जुड़े पेट्टी कांट्रेक्टरों तथा कतिपय सत्ता के दलालों के आवेदन के पर मुआवजा भुगतान के लिए 4-5 जुलाई 2024 को कैंप लगाने की घोषणा का विरोध किया। साथ ही किसानों ने इसका बहिष्कार का भी निर्णय लिया। संसद से सड़क तक लड़ाई जारी रहेगा। स्थानीय सांसद सुधाकर सिंह को बिना सूचना का कैंप लगाना असंवैधानिक और प्रशासनिक दुरुपयोग की प्रकाष्ठा है। स्थानीय सांसद सुधाकर सिंह ने भी ऊर्जा मंत्री,रेल मंत्री और पथ एवं परिवहन मंत्री को लिखित आवेदन देकर रेल कॉरिडोर,वॉटर पाइपलाइन और एन एच 319ए के वर्तमान रुट का विरोध किया है। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता दिनेश सिंह,अशोक प्रसाद सिंहऔर सतेन्द्र सिंह ने भी दिल्ली में पथ परिवहन के संयुक्त सचिव से मिलकर प्रस्तावित एन एच के रुट को बदलकर कर्मनाशा नदी की ओर से ले जाने का अनुरोध किया।

इस पर विचार करने का उन्होंने आश्वासन दिया। किसान नेता दिनेश जी ने कहा कि 10 जुलाई को दिल्ली में संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में चौसा किसान आंदोलन को फिर से शुरू करने की रणनीति पर विचार विमर्श कर ठोस कार्रवाई की योजनाबद्ध रणनीति बनेगी ।जिसमे सम्पूर्ण बिहार और पूर्वी यूपी के किसान भी भाग लेंगे। श्री दिनेश जी ने कहा कि चौसा के गांवों में 20 मार्च को किसानों के घर में घुसकर बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों पर निर्भरता पूर्वक लाठी चलाने वाले अधिकारी और पुलिस कर्मी शीघ्र ही नामजद अभियुक्त बनेंगे। इसके लिए सरकार से एनओसी मांगा गया है और उस पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रशासन को आज न कल आरोपों के घेरे में आना होगा और उनकी असली जगह जेल है। जहां उन्हें जाना होगा, यह तय है। बैठक मे किसान नेता जय मंगल पांडे,बच्चा पांडे,सिया राम यादव,विजय ना राय,अमरनाथ यादव, साधु सिंह,शिवजी सिंह,अवधेश सिंह,रविंद्र दुबे,शैलेश राय, नन्द किशोर शर्मा,धर्मराज सिंह,रामाकांत राय,लाल साहेब सिंह,शिवदयाल सिंह,अनिल तिवारी,सुजीत राय,शिवजी तिवारी,विश्वा मित्र सिंह आदि ने अपना विचार व्यक्त किए ।सभी वक्ताओ ने कहा कि चौसा कांड के दोषी अधिकारियो पर कार्रवाई एवं गिरफ्तार किसान नेताओ की वेशर्त रिहाई के वगैर भुगतान कैम्प के बहिष्कार का पूर्ण समर्थन किया ।सरकार की किसान विरोधी नीति एवं चौसा कांड पर बिहार सरकार एवं भारत सरकार की चुप्पी से किसान काफी आक्रोशित है।

## वाल्मीकिनगर सदर अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी और मरीज सुरक्षित नहीं

बगहा। नसीम खान क्या बगहा के वाल्मीकिनगर स्थित सरकारी अस्पताल सीएससी का बेहतर रखरखाव नहीं होने की वजह से हाल बुरा हो चला है। जहां अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी समेत मरीजों के परिजन मूल समस्या से जूझ रहे हैं वहीं रात्रि पहर में अस्पताल के टूटे चारदिवारी के रास्ते वीटीआर के जंगली हिंसक जानवर परिसर में स्वतंत्र रूप विचरण कर रहे हैं ।जिससे स्वास्थ्यकर्मी समेत अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। बतादें की अस्पताल परिसर के चारो तरफ बाउंड्री वाल का घेरा है मगर जिस तरफ जंगल का एरिया है उस तरफ का लगभग 50 फिट दीवार कई माह पूर्व गिर गया था,जो



आज भी उसी स्थिति में है। ।जिधर से जंगली जानवरों का आना जाना लगा रहता है। बतातें चलें की अभी आम का सीजन चल रहा है जिसे खाने की ललक से जंगली भालुओं का झुंड वाल्मीकिनगर के जलसंसाधन विभाग के कॉलोनियों में घूमते रहते हैं,हाल के दिनों में भालू को टूटे चारदीवारी के रास्ते घुसकर अस्पताल परिसर में घूमते हुए देखा गया ।इस घटना को अस्पताल आए मरीज के किसी परिजन ने कैमरे में कैद कर लिया और शोसल मीडिया में वायरल कर दिया।

## ट्रक पर लदे 5832 लीटर विदेशी शराब के साथ 01 शराब तस्कर को किया गया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण पुलिस द्वारा ज़िले में अवैध शराब का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है` इसी क्रम में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सिवान, एकमा एवं कोपा के रास्ते होते हुए एक शराब लदा ट्रक उमधा चौक होते हुए पटना की ओर जाने वाला है` उक्त सूचना पर मुफ्फसिल थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उमधा चौक पर सघन वाहन चेकिंग के क्रम में ट्रक को रोक कर तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में पाया गया कि ट्रक में भूसा भरा बोरा के नीचे विदेशी शराब छुपाया हुआ है। विदेशी शराब को ट्रक के साथ जप्त कर 01 शराब तस्कर को गिरफ्तार



किया गया` इस सम्बन्ध में मुफ्फसिल थाना काण्ड संख्या 398/24, दिनांक- 02.07.2024, धारा- 274/275/3(5) बी०एन०एस० एवं 30(Ô)/32(i)(ii)/36/41 बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधि0 दर्ज कर काण्ड में संलिप्त अन्य शराब कारोबारियों हेतु गिरफ्तार अभियुक्त से छापामारी की जा रही है` पुलिस अधीक्षक सारण, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर एवं जिला आसूचना ईकाई के द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ कर अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है।

## श्रीविष्णु महायज्ञ में शामिल होने से जीव के मनोरथ की पूर्ति हो जाती है : देवराहाशिवनाथ

अंतरराष्ट्रीय महायोगी ब्रम्हलीन श्रीदेवराहा बाबाजी महाराज की 33 वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर त्रिकालदर्शी परमसिद्ध संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज के सान्निध्य में आगामी 02 जुलाई से लेकर 8 जुलाई तक बिहिया चौरास्ता स्थित दोघरा में होनेवाले श्रीविष्णु महायज्ञ के दूसरे दिन काशी के प्रसिद्ध आचार्य पंडित डाक्टर भूपेन्द्र पांडेय



और उनके सहयोगियों के द्वारा यजमानों को मंडप प्रवेश,पंचांग पूजन,और वेदी पूजन किया गया। वहीं इसके बाद श्रद्धालुओं ने संतश्री देवराहा शिवनाथ दासजी महाराज की पूजा -अर्चना की। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज ने कहा कि हमारे गुरुजी श्रीदेवराहा बाबा जल में ही रहा करते थे और उनके सिर के जटा से हमेशा बारहों मास जल की बूंदें टपका करता था,जिस कारण श्रद्धालु उन्हें जलेश्वर बाबा के नाम से भी पुकारते थे। वैसे महायोगी के प्रयाणदिवस के अवसर पर हमलोग श्रीविष्णु महायज्ञ का आयोजन किये हैं ।यह परमसौभाग्य की बात है। आगे संतश्री ने कहा कि कल श्रीविष्णु महायज्ञ का अरणि मंथन होगा और इसके बाद यज्ञमंडप की परिक्रमा शुरू हो जाएगी। आगे संतश्री ने कहा कि श्रीविष्णु महायज्ञ में शामिल होने से जीव दैहिक दैविक और भौतिक ताप से मुक्त हो जाता है और जीव के सारे मनोरथ की पूर्ति हो जाती है ।

### आरटीपीएस काउंटर के सामने जलजमाव से आवेदकों की बढ़ी परेशानी



आरा। जिले के कोईलवर में मंगलवार की सुबह से रुक रुक कर हो रही पहली बारिश में ही कई इलाके जलमग्न हो गए। बरसात की वजह से प्रखंड कार्यालय परिसर के आरटीपीएस कार्यालय और आधार केंद्र भी जलमग्न हो गया। बुधवार को प्रखंड कार्यालय पर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आये लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रखंड परिसर में आरटीपीएस काउंटर और आधार सेंटर पर एक से डेढ़ फुट पानी जमा था। लोक सेवाओं से जुड़े आरटीपीएस और आधार सेंटर पर प्रतिदिन जुटने वाले आवेदको को उसी जलजमाव में होकर आना जाना पड़ा।

## ग्लोबल वार्मिंग से बचने हेतु हम सभी को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए : राजकुमार सिंह

आज पूर्व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री और सांसद राजकुमार सिंह के आरा आगमन पर एक पेड़ मां के नाम के तहत श्री चंद्र प्रभु जैन मंदिर जेल रोड के प्रांगण में पूर्व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री राजकुमार सिंह के कर कमलो से आम का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि देश भर में यह अभियान चलाया जा रहा है। हम सब के जीवन के लिए काफी आवश्यक है आज ग्लोबल वार्मिंग से पूरा दुनिया ट्रस्ट है ऐसे में हम सब का दायित्व है कि हमें अपनी धरती को बचाने हेतु एक-एक पौधा लगाना होगा कार्यक्रम का नेतृत्व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विभु जैन ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन भोजपुरी के लाल आलोक रंजन किया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया आगे हमको युवा मोर्चा पूरे जिला में करेंगे संदेश विधानसभा में ग्राम बजरूहामौजा ,कोहड़ा,उदवंतनगर शक्ति केंद्र पर जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह द्वारा, तरारी विधानसभा के पिरो मंडल में जिला उपाध्यक्ष रवि केशरी द्वारा मुक्ति धाम ,गजराजगंज मंडल अध्यक्ष वैभव सिंह के द्वारा वृक्षारोपण कार्य किया गया , बड़ाहरहा मंडल के अध्यक्ष नीरज सिंह के द्वारा अभी रामपुर स्कूल में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इस अवसर पर आदित्य विजय जैन अजय गुप्ता वार्ड पार्षद रेखा जैन डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सरोज सिंह , एक पेड़ मां के नाम जिला सह संयोजक पर्यावरण प्रेमी आनंद कुमार ,अभिषेक मिश्रा , रितेश राज , अश्मित राज , कमलेश जैन आकाश जैन , रोशन जैन सहित अन्य लोगों उपस्थित थे। जिसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अरिहंत विजय जैन ने दी।

# सेवा भावना से अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करें : मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार सरकार द्वारा नवनियुक्त सर्वेक्षण कर्मियों के नियोजन पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री बिहार श्री नीतीश कुमार द्वारा राजधानी पटना में किया गया और वर्चुअल माध्यम में से बिहार के सभी जिलों में कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। पूर्वी चंपारण जिला में जिला के प्रभारी मंत्री द्वारा जिला के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियोजन पत्र का वितरण किया गया ।

पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में नियोजन पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला के अंतर्गत कुल 356 अभ्यर्थियों के नियोजन पत्र का वितरण हुआ। इसमें विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के21, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के 42, विशेष सर्वेक्षण अमीन के 248 तथा विशेष सर्वेक्षण लिपिक के 45 अभ्यर्थी शामिल हैं।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिक्षा मंत्री बिहार सरकार सह प्रभारी मंत्री पूर्वी चंपारण सुनील कुमार, विधायक श्रीमती शालिनी मिश्र एवं विधायक पवन जयसवाल के द्वारा



नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री के द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि सभी अभ्यर्थी अपनी क्षमता और ऊर्जा का बेहतर इस्तेमाल कर पूरी निष्ठा के साथ सर्वेक्षण के कार्यो को संपादित करेंगे एवं दिए गए अवधि में सभी कार्यों को पूरी निष्ठा एवं निष्पक्षता के साथ पूर्ण करेंगे। मंत्री ने कहा कि बिहार में भूमि विवाद के मामले काफी बढ़ गए थे इसको लेकर भूमि का सर्वेक्षण करना जरूरी हो गया था। इसी क्रम में आज बड़े पैमाने पर नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में आज 9888 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया जा रहा है। बिहार सरकार की मंशा है कि आने वाले समय में युवाओं को नौकरी और रोजगार के बेहतर अवसर मिले ।कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि सभी नव चयनित अभ्यर्थियों का 11 जुलाई से प्रशिक्षण प्रारंभ होगा। इस पर माननीय मंत्री ने कहा कि सभी अभ्यर्थी अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और कार्यो की सटीक जानकारी रखेंगे ताकि क्षेत्र में सर्वे के दौरान कहीं कोई कठिनाई या परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि आप पर बड़ी जवाबदेही दी जा रही है। सही तरीके से सर्वे का कार्य करेंगे तो भविष्य में भूमि विवाद जैसी कोई समस्या नहीं रहेगी और इससे बिहार में शांति एवं अमन चैन कायम होगा। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शालिनी मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार सरकार, नीतीश कुमार दृढ़ संकल्पित हैं कि पूरे बिहार में जमीनी विवाद नही रहे, इसके लिए आज पूरे बिहार में इतने बड़े पैमाने पर सर्वेक्षण कर्मियों की नियुक्ति की जा रही है। विधायक ढाका, पवन जयसवाल ने सभी नवनियुक्त अभ्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उनके और बिहार के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा, नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी सौरभ सुमन यादव, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा ,अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम श्रेष्ठ, जिला राजस्व शाखा प्रभारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक आदित्य मानस ने किया ।

## मिशन लाइफ इको क्लब समर कैंप में छात्र छात्राओं ने पोस्टर पेंटिंग प्रदर्शित किया

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। बिहार शिक्षा परियोजना के द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में 1 जुलाई से 8 जुलाई तक लगे इस समर कैंप में विद्यालय में गठित यूथ एवम इको क्लब के छात्र छात्रा सहित अन्य छात्र , शिक्षक इस समर कैंप में जीवन में पर्यावरण का महत्व , बदलाव , सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर रहे है। कैंप के तीसरे दिन बुधवार को अभी उच्च एवम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक एवम छात्र छात्राओं ने चेतना सत्र में पर्यावरण संरक्षण का शपथ लेते हुए समर कैंप में शामिल हुए



जिसमे ई कचरा कम करने , स्कूल में ई कचरा संग्रहण बिंदु स्थापित करने , ई कचरा प्रभाव दिखाने के लिए शैक्षिक बूथ स्थापित करने , कचरा संग्रहण अभियान आयोजित करने के गुर शिक्षको से सीखा । राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक , अवध उच्च विद्यालय चैनपुर , उच्च विद्यालय हरपुरजान सहित अन्य विद्यालय में मना । उच्च विद्यालय मशरक में इको क्लब नोडल शिक्षक संजय कुमार सिंह ने ई कचरा को बेकार समझ फेंकने से पूर्व वैसे इलेक्ट्रोनिक उपकरणों का सही तरीके से निपटारा या फिर उसके इस्तेमाल कर पुनः उपयोग में लाने लायक बनाने की जानकारी दी । समर कैंप के पहले दिन छात्रों ने स्वस्थ जीवन शैली के लिए कचरा प्रबंधन , पेड़ पौधों से परिचय, मिट्टी परीक्षण , कृषि को समझा। फिर पर्यावरणीय खेल कूद में हिस्सा लिए। दूसरे दिन शारीरिक एवम मानसिक विकास के लिए आहार प्रबंधन जाना जिसके तहत स्कूलों में पोषण वाटिका का विकास , घर में कम जगह , गमला इत्यादि में जैविक विधि से सब्जी की खेती करने एवम मौसमी फल , साग सब्जी सहित पौष्टिक अनाज एवम उनके उत्पादन के तरीके सीखे।

## प्रभारी मंत्री ने कुल-321 नव नियोजित संविदा कर्मियों के बीच नियोजन पत्र का किया वितरण

बेतिया। बिहार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार पटना द्वारा राज्य के सभी जिलों में नियोजन पत्र वितरण समारोह के माध्यम से नव नियोजित संविदा अभ्यर्थियों के बीच नियोजन पत्र का वितरण चार प्रमुख पदों के लिए किया गया। जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, बेतिया में निर्धारित कार्यक्रम अंतर्गत नियोजन पत्र का वितरण किया गया जहां नव नियोजित अभ्यर्थी अहले सुबह से ही उपस्थित थे। नियुक्ति पत्र पाकर सभी अभ्यर्थी काफी प्रसन्न मुद्रा में नजर आ रहे थे। बिहार प्रदेश की राजधानी पटना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में



उनके संबोधन उपरांत नव नियोजित संविदा कर्मियों के बीच मुख्य सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा के कर-कमलों से नियोजन पत्र का वितरण प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के माननीय मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल भी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम के तर्ज पर जिलास्तर पर जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री जनक राम, माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार सरकार-सह-प्रभारी मंत्री, पश्चिम चम्पारण के कर-कमलों के द्वारा नव नियोजित संविदा कर्मियों के बीच नियोजन पत्र वितरण प्रारंभ की गयी।

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत नव नियोजित संविदा कर्मियों के बीच विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के 14, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के 26, विशेष सर्वेक्षण लिपिक के 30 एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन के 251 पदों के लिए नियोजन पत्र का वितरण की गयी ।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय समाहरणालय सभागार में उपस्थित नियोजित संविदा कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन आप सबो के लिए हर्ष एवं खुशी का दिन है। बड़ी सौभाग्य की बात है कि आप सबो के बीच जिला के प्रभारी मंत्री अपना बहुमूल्य समय निकाल कर पधारे हैं। उन्होंने कहा कि आपलोग अपना कार्य बखूबी ईमानदारी पूर्वक सेवा भाव से करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी से आशा की जाती है कि भविष्य में सभी प्रदत्त कार्य ससमय सम्पन्न करते हुए अपनी सेवा प्रदान करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सेवांत लाभ के भुगतान को लेकर कुलपति ने दिए सख्त निर्देश

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हित में कार्य करते हुए लंबित उपादान एवं अर्जित अवकाश नगदीकरण निष्पादन के संबंध में कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। मंगलवार को कुलपति कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक में प्रो चौधरी ने 1.03.2020 से लेकर 29.02.2024 के बीच सेवानिवृत्त, मृत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का लंबित उपादान व अर्जित अवकाश नगदीकरण का भुगतान नियम के अनुसार, क्रमबद्ध एवं वेतन सत्यापन कोषांग के परिपत्र के आधार पर त्वरित गति से करने के सख़्त निर्देश दिए। इस बैठक में विश्वविद्यालय के वित्तीय परामर्शी डॉ.दिलीप कुमार, कुलसचिव डॉ. अजय कुमार पंडित, पेंशन अधिकारी डॉ. अताऊर रहमान, वित्त पदाधिकारी श्री राजन सिन्हा उपस्थित थे।

### फाइनेंस कंपनी के कर्मी से हथियार दिखाकर लुटा रुपये

शेरघाटी। फाइनेंस कंपनी के कर्मी से अपराधियो ने लूटा रुपये घटना शेरघाटी थाना क्षेत्र के मंझार गांव के पास से पल्सर सवार बदमाशों ने हथियार के बल पर फाइनेंस कंपनी के लोन ऑफीसर से एक लाख रुपए लूट कर फरार हो गए। घटना को लेकर शहर के लिपगंज चट्टी मुहल्ला में संचालित फाइनेंस कंपनी के मैनेजर औरंगाबाद जिला के देव थाना क्षेत्र के केशौर गांव के रहने वाले रिशु कुमार ने मंगलवार की रात थाने में रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस से की गई शिकायत में उन्होंने कहा है कि अपने साथी गुलशन कुमार के साथ पैसा रिकवरी के लिए क्षेत्र में निकला था। इसी दौरान झारखंड के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुरिया मायापुर जयपुर एवं आमीन गांव से एक लाख एक हजार सात सौ चालीस रुपए कलेक्शन कर शेरघाटी अपने ब्रांच की ओर आ रहा था तभी मंजर खुर्द गांव के पास सड़क पर पीछे से काले रंग के पल्सर बाइक पर सवार तीन लोग आए और धक्का देकर मुझे गिरा दिया। गिरते ही उसमें से एक व्यक्ति ने रिवाल्वर निकाल कर सटा दिया, और मेरा पैसा एवं कागजात से भरा बैग लेकर वहां से हंटरगंज की ओर भाग निकला। उसने पुलिस को बताया कि बदमाशों ने मुझे जान से मारने की भी कोशिश की।

### चार दिनो की कड़ी मेहनत दो पार्षद की रंग लाई

गया। गया नगर निगम क्षेत्र के वार्ड सं 12 एवं 15 के की मोहल्ले में बीते चार दिनो से बिजली विभाग के गलती के कारण ठप पड़ी थी चार दिनों से भारी वर्षा को न देखते हुए वार्ड पार्षद 12 डिम्पल कुमार और वार्ड 15 के पार्षद दीपक चंद्रवंशी लोगों पिने का जल मुहैया कराई जाए चार दिन से सुबह से रात तक लगकर आज सफलता हासिल किए, लेकिन बिजली विभाग बुडको के आदेश पर कोई ध्यान नहीं देने के कारण पानी चालु के समय मोटर चालु हो जाता है जिससे आम जनता को पानी नही मिल रहा है।दोनो पार्षद की कड़ी मेहनत और जुनुन को मोहल्ले वासी सलाम करते हैं।

### प्रोफेसर नरेंद्र कुमार राणा बने सीयूएसबी के नए कुलसचिव

गया।प्रोफेसर नरेंद्र कुमार राणा ने दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी के नए कुलसचिव के रूप में पदभार ग्रहण कर लियो जन संपर्क पदाधिकारी पीआरओ ने बताया कि प्रोफेसर नरेंद्र कुमार राणा ने एक औपचारिक कार्यक्रम में निवर्तमान कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह से पदभार ग्रहण किया है प्रोफेसर राणा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय बीएचयू वाराणसी के भूगोल विभाग, विज्ञान संस्थान में प्रोफेसर प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं।पद ग्रहण करने के पश्चात विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने नए कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा का समस्त विश्वविद्यालय परिवार की तरफ से स्वागत करते हुए बधाई दी है एक प्रोफेसर के तौर पर प्रो. राणा के कुशल अकादमिक रिकॉर्ड के मद्देनजर कुलपति ने आशा जताई कि यह अनुभव विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए काफी उपयोगी साबित होगा।

# जिला अधिकारी ने नवनियोजित संविदा कर्मियों को नियोजन पत्र वितरण किया

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। समाहरणालय सभाकक्ष मे भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, पटना के निदेशानुसार बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यालय, अरवल के लिए नवनियोजित संविदा कर्मियों (अमीन) को जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में नियोजन पत्र का वितरण किया गया।

इस दौरान कुल 58 नये विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को नियोजन पत्र प्रदान किया गया। नियोजन पत्र वितरण समारोह के दौरान सभी उक्त नये कर्मियों को जल्द से जल्द अपना योगदान संबंधित कार्यालय में समर्पित करने को निदेशित किया गया ताकि उन्हें यथाशीघ्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मलित किया जा सके। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सभी नवनियोजित कर्मियों को बंदोबस्त विभाग से जुड़े कार्यो के बारे में संक्षिप्त रूप से बताया गया।

उनके द्वारा कर्मियों को सच्ची निष्ठा एवं लगन के साथ कार्य करने को लेकर निदेशित किया गया। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि नवनियोजित कर्मियों में लगभग दो तिहाई संख्या महिलाओं की है, यह संख्या महिला सशक्तिकरण को इंगित करती है। अतः महिला कर्मियों को भी सरकार के द्वारा किये जा रहे महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को समझते हुए अपने कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण रूप से करने हेतु निदेशित किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता के साथ अन्य उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित ट्रक ने कार की टक्कर में घायल हुए लोगों की सल्लू खान ने की मदद

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सिमर बिगहा के समीप मंगलवार की अहले सुबह एक अनियंत्रित ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। इस हादसे में कार पर सवार एक ही परिवार के सात लोग घायल हो गए। जिसमे दो बच्चे भी शामिल हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और एंबुलेंस को कॉल कर पुलिस के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। घटना की सूचना पर सदर अस्पताल पहुंचे कांग्रेस नेता मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने मरीजों के इलाज में मदद किया। खुद अपने से स्ट्रेचर पर लेटा ओपीडी में ले गए और मरीजों का उपचार में मदद किया। इस दौरान सल्लू खान ने चिकित्सक के द्वारा लिखी दवा को सदर में उपलब्ध नहीं थी उसे बाहर से दवा दुकान खुलवाकर अपने पैसे से मंगवाई और इलाज करवाया। साथ ही साथ पानी एवं बिस्कुट की भी व्यवस्था कर सभी घायलों की स्थिति को सामान्य किया। उनकी सामग्रियों को सुपुर्द कर उन्हे उनके गंतव्य स्थान तक भेजने में मदद की। घायल लोगों के परिजनों ने उनकी तरफ करते हुए कहा कि इनके बदौलत ही उनके बैग में रखे गए 7 से 8 लाख के जेवर सुरक्षित बच गए। सबों ने सल्लू खान के द्वारा प्राप्त सहयोग की सराहना की।

## पूर्व सांसद रमेश प्रसाद सिंह की105 वीं जयंती मनाई गई



औरंगाबाद । रमेश प्रसाद सिंह मेमोरियल ट्रस्ट औरंगाबाद के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी वरीय अधिवक्ता एवं पूर्व सांसद स्व रमेश बाबू की 105 वीं जयंती ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री कन्हैया लाल जैन की अध्यक्षता में मनायी गयी, मुख्य समारोह रमेश चौक स्थित रमेश बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू की गई, तत्पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन कर वक्ताओं द्वारा स्व रमेश बाबू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष कन्हैया लाल जैन ने कहा कि रमेश प्रसाद सिंह प्रख्यात अधिवक्ताओं में से एक थे उन्होंने न केवल वकालत पेशा में, बल्कि समाजसेवा और राष्ट्रसेवा में एक मिशाल कायम किया था, हमें गर्व है कि रमेश बाबू ने औरंगाबाद का मान सम्मान बढ़ाया है, ट्रस्ट के सचिव प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि औरंगाबाद जिले के बारूण क्षेत्र को सर्वप्रथम राजनीतिक नक्शा पर लाने में रमेश बाबू की अहम भूमिका रही, वे लोकसभा चुनाव में औरंगाबाद क्षेत्र से 1961 में निर्वाचित हुए थे, जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने कहा कि वे समाजसेवी के साथ साथ प्रख्यात अधिवक्ता थे,वे अनुग्रह नारायण मेमोरियल महाविद्यालय एवं किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष रहे,बार में उनके सम्मान में पुस्तकालय का नाम रमेश प्रसाद सिंह बार पुस्तकालय है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक को कहे ना... स्लोगन के साथ स्काउट गाइड ने लिया संकल्प

प्रात: किरण संवाददाता

महुआ। महुआ प्रखंड क्षेत्र के बिशुनपुर हीराराम और पहाड़पुर पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय गोरिगामा और उच्च माध्यमिक विद्यालय बिशनपुर हीराराम उर्फ पहाड़पुर के प्रांगण में भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस के मौके पर कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला का आयोजन राजकीय मध्य विद्यालय गोरिगामा की स्काउट मास्टर राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के सैकड़ो स्काउट गाइड को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले कुप्रभाव एवं नुकसान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सबों को जागरूक किया गया इस मौके पर भारत स्काउट गाइड के सदस्यों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए शपथ ली। इस मौके पर स्काउट मास्टर राजेश कुमार मिश्रा ने इस कार्यशाला में शामिल सभी स्काउट गाइड को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने के साथ-साथ अन्य विभिन्न वैकल्पिक उपायों के बारे में भी बताया और कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक आज सिर्फ भारत देश के लिए नहीं बल्कि पूरे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विकराल समस्या का रूप धारण कर चुकी है। इस सिंगल यूज प्लास्टिक के लगातार उपयोग किए जाने से मानव के साथ-साथ पर्यावरण को भी काफी नुकसान पहुंच रहा है। अतः हम सभी का कर्तव्य बनता है कि मानव होने के नाते इन सभी के कुप्रभाव एवं दुष्परिणाम को देखते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक को कहे ना और कागज के थैले को कहे हां के साथ सभी स्काउट गाइड ने सिंगल यूज प्लास्टिक की बहिष्कार का निर्णय लिया ।इस मौके पर स्काउट गाइड की टीम लीडर अनामिका कुमारी, मनीषा कुमारी, मुस्कान कुमारी, काजल कुमारी, ब्यूटी कुमारी आदि के साथ-साथ विधालय के प्रधानाध्यापक और दर्जनों स्काउट गाइड इस कार्यशाला में शामिल थे।

## प्रकृति और मां दोनों का ही हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है : पप्पू सिंह

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा।एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आज दरभंगा स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष जीवछ सहनी के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत कार्यकताओं द्वारा पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जीवछ सहनी ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए एक महत्वपूर्ण अभियान है। इस अभियान से पर्यावरण की रक्षा होगी, पूरे भारत में वृक्षारोपण होगा। उस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि प्रकृति और मां दोनों का ही हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए आज दरभंगा बीजेपी कार्यालय में अबकी बार एक पेड़ मां के नाम से विशेष मुहिम शुरू की गई है। ताकि, जिस तरीके से हम अपनी मां की देखभाल करते हैं ठीक उसी तरह प्रकृति की भी देखभाल करें। उन्होंने बताया कि एनडीए सरकार की ओर से बिहार में पर्यावरण को लेकर जल जीवन हरियाली कार्यक्रम का आयोजन पहले से किया जा रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा एक प्रेरणा के नाम का आवाह्न किए जाने के बाद देशभर में युवाओं ने खास कर जिस तरह से इस अभियान को लेकर उत्साह दिखाया है वह काबिले तारीफ है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में अधिवक्ताओं की भूमिका अहम : जिला जज

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अशोक राज के प्रकोष्ठ में जिला जज द्वारा जिला विधि संघ एवं अधिवक्ता संघ के सभी पदधारी अधिवक्ताओं एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित करते हुए कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए आप सभी का सहयोग आवश्यक है जिससे कि राष्ट्रीय लोक अदालत सफलता के साथ-साथ अपने ही कीर्तिमान को स्थापित करते हुए लक्ष्य हासिल करें। इस बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री सुकुल राम उपस्थित रहें।

जिला जज के प्रकोष्ठ में आयोजित बैठक में जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय सचिव, जगनारायण सिंह तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह एवं सचिव, सिधेश्वर विद्यार्थी सहित कार्यकारिणी के अन्य पदधारी अधिवक्ता उपस्थित रहें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए कार्यकारिणी के सभी पदधारी अधिवक्ताओं के साथ बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि स्वयं अधिवक्ता के साथ-साथ उनके साथ काम करने वाले अधिवक्ताओं का इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सक्रीय भागीदारी से अपेक्षा से अधिक परिणाम मिलने की संभावना प्रबल है जिसके लिए सभी का पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए सहयोग मांगा गया। जिला जज द्वारा जिला विधि संघ एवं अधिवक्ता संघ के द्वारा पूर्व में किये गये सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर जिला जज द्वारा कहा गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का यही उद्देष्य है कि न्याय सभी के पास सुलभ हो जिसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार काफी तत्पर रहता है और इसमें सभी विद्वान अधिवक्ताओं का सहयोग मिलता है और राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन तथा इसकी सफलता सामुहिक प्रयास का प्रतिफल होता है और यह क्रम आगे भी जारी रहें इसके लिए सभी का सहयोग इसके निरंतरता के लिए आवश्यक है। जिला जज द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में किस प्रकार का वादों का निष्तारण संभव है इस सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। वादों के निस्तारण के क्रम में आने वाले चुनौतियों एवं समस्याओं का आपसी तालमेल एवं सहयोग से उसे दूर करते हुए निष्पादन कराने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस बैठक में दोनों अधिवक्ता संघ के पदधारियों द्वारा यह विष्वास दिलाया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु दोनों संघ यथा सभव अपने स्तर से प्रयास करते हुए पुराने राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्तारण हुए वादों से अधिक वाद का निस्तारण कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा।

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा चयनित लोगों दिया गया नियुक्ति पत्र

गया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अन्तर्गत विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण लिपिक एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन के पदों पर चयनित कुल 9,888 अभ्यर्थियों को नियोजन पत्र आज मुख्यमंत्री बिहार द्वारा प्रदान किया गया है। इसी उपलक्ष्य में सभी जिलों में प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र वितरण किया गया है।गया जिला में आज मंत्री उद्योग विभाग सह पर्यटन विभाग सह गया जिला के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा द्वारा बोधगया स्थित महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के नवनियुक्त विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण लिपिक एवं अमीन के कुल 666 चयनित अभ्यर्थियों को नियोजन पत्र अपने हाथों से दिया है। इस अवसर पर गया जिला के प्रभारी मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोग ग्रामीण क्षेत्र से ही आते हैं। जमीनी विवाद को दूर करने के लिए जो भी प्रयास है उसे किए जा रहे हैं।

## आद्र नक्षत्र के मौके पर आम महोत्सव का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के सर्वोदय नगर मुहल्ले में अवस्थित सिंहा कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर रसायन विभाग डॉ सी एस पांडेय के आवास पर आद्र नक्षत्र के अवसर पर आम महोत्सव का आयोजन किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में आयोजित आम महोत्सव में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ कुमार वीरेंद्र ने आम महोत्सव के संदर्भ में कहा कि आम एक साहित्यिक फल है जिसे आधुनिक काल के साहित्यकारों ने अपने काव्यों में इसे स्थान देकर काव्य सर्जना को मूर्त रूप प्रदान किया है। आम महोत्सव के आयोजक डॉ सी एस पांडेय ने सर्वप्रथम आगत अतिथियों का स्वागत किया एवं उन्हें आम और जामुन फल का स्वादानुभव कराया। समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि आम का वृक्ष स्वपोषी होता है। साहित्यकारों ने आम के सांस्कृतिक आकर्षण को अपने साहित्य में पिरोकर इसे प्रेम और इच्छा का प्रतीक बताया। महामंत्री धनंजय जयपुरी ने कहा कि बाल्मीकि रामायण में भगवान श्री राम ने माता सीता को आम लाने का वादा किया था जो स्नेह का प्रतीक भी है।भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रामानुज पांडेय ने पुष्प गुच्छ देकर डॉ सीएस पांडेय का स्वागत किया। मौके पर केडी पांडेय,राम सुरेश सिंह,शिव भक्त पुरुषोत्तम पाठक,प्रोफेसर रामविलास प्रसाद, प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह लवकुश प्रसाद सिंह,अशोक कुमार सिंह,उदय प्रताप सिंह,डॉ रामाधार सिंह,मुरलीधर पांडेय राम भजन सिंह,अलखदेव सिंह, सिंह जी,मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य उपस्थित थे।

## एकल अभियान की अंचल स्तरीय बैठक सम्पन्न



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद में एकल अभियान कार्यक्रम के निमित औरंगाबाद अंचल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एकल विद्यालय अंचल के सभी संचों की समीक्षा की गयी। बैठक की अध्यक्षता अंचल अध्यक्ष डॉ रामाधार सिंह ने किया। सत्येन्द्र राम अंचल अभियान प्रमुख,श्री रवींद्र कुमार रवि अंचल प्राथमिक प्रशिक्षण प्रमुख, श्री विजय कुमार पासवान अंचल कार्यालय प्रमुख,श्री शिव कुमार खेलकूद प्रशिक्षक ,माया देवी अंचल कथाकार 11 संच के संच प्रशिक्षक अरुण सिंह , नंदकिशोर सिंह , सुभाषचंद्र बोस , बिंदु कुमारी , जनेश्वर राम , पूनम कुमारी , संजय सिंह , सत्येंद्र राम , सुरेंद्र पासवान , सोनी कुमारी , शत्रुध्न कुमार,3 संच के कथाकार सूर्यदेव पासवान, इंदु देवी,मोहन कुमार उपस्थित हुए। सभी कार्यकताओं को अध्यक्ष डॉ रामाधार सिंह ने संबोधन के क्रम में कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रत्येक संच से 1000 का बच्चो का करने के लिए लक्ष्य दिया गया।सभी कार्यकताओं से संच में चल रहे पंचमुखी शिक्षा कार्य की जानकारी भी ली गई।

## महा परिवर्तन आंदोलन के नायक पूर्व डीजीपी विनय कुमार सिंह का पृथ्वीराज ट्रस्ट ने किया अभिनंदन

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रांगण में तेलंगाना राज्य के पूर्व डीजीपी विनय कुमार सिंह का अभिनंदन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह के अध्यक्षता में आयोजित अभिनंदन समारोह का संचालन डॉ संजीव रंजन ने किया।

ट्रस्ट के उपाध्यक्ष प्रोफेसर ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह,संयोजक जगदीश सिंह, कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह,बरीय सदस्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह,रामप्रवेश सिंह, ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह,राम भजन सिंह,शैलेंद्र सिंह, चंद्र प्रकाश विकास,गोरखनाथ सिंह, मनोज कुमार सिंह,प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की एवं अंग वस्त्र, पुष्प हार,मोमेंटो देकर विनय कुमार सिंह जी का अभिनंदन किया गया।संबोधन के क्रम में विनय कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में पिछड़ेपन एवं भ्रष्टाचार की समस्या को जड़ से मिटाने के लिए महा परिवर्तन आंदोलन अभियान की शुरूआत किए हैं यह मेरी गैर राजनीतिक यात्रा है एवं बिहार के 12 जिलों में महा परिवर्तन आंदोलन के माध्यम से बिहार गौरवशाली अतीत को लौटाना चाहते हैं। बिहार में जातिवाद के सवाल पर उन्होंने कहा कि बिहार में जातिवाद के नाम पर स्वार्थवाद का बोलबाला है। जातिवाद होता तो संबंधित जातियों के धनी राजनेता अपने जात के लोगों का विकास कर लेते हैं लेकिन ऐसा हुआ नहीं। औरंगाबाद की जनता से उन्होंने अपील किया कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए महा परिवर्तन आंदोलन से जुड़े तभी विकसित बिहार की परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान किया जा सकता है। उनके अभियान का असर अब धरातल पर भी दिखने लगा है। जनता को अब समझ में आने लगा है कि बिहार और बिहारी का विकास किसी राजनैतिक पार्टी से संभव नहीं है। विनय कुमार सिंह जी के अनुसार गांव के झगड़ा को गांव में ही निपटाया जाए उसके झगड़े को कोर्ट में नहीं घसीटा जाए तभी विकास संभव है। मौके पर डा सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ शिवपूजन सिंह,धनंजय जयपुरी,विनय मामूली बुद्धि,नागेंद्र प्रसाद केसरी,संजीव नारायण सिंह,संजय कुमार सिंह, नन्हकू सिंह लवकुश प्रसाद सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## सभी पुराने दस्तावेजों को अच्छी तरह से स्कैन कर डिजिटल मोड में रखें : जिलाधिकारी



गया। जिला पदाधिकारी गया द्वारा आज बोधगया अंचल कार्यालय का औसत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अंचल अधिकारी बोधगया से विभिन्न प्रकार के किया जा रहे हैं कार्यो की जानकारी ली बताया गया है कि बोधगया में कुल 14 हल्का है तथा 9 राजस्व कर्मचारी पदस्थापित है। जिला पदाधिकारी ने अपर सम्हर्ता राजस्व को निर्देश दिया कि बोधगया सहित अन्य अंचलों में जिला स्तर से ही रेंडमाइजेशन करवा कर ही राजस्व कर्मचारियों को हल्का का बटवारा करें। अंचल अधिकारी के माध्यम से हल्का बंटवारा में अनियमितता आने की शिकायतें प्राप्त होती रहती है।बोधगया अंचल कार्यालय में एक सेवानिवृत कर्मी प्रदीप कुमार जो लगभग 2015-16 में बोधगया आंचल से ही रिटायर्ड हो चुके हैं उसके बाद भी संविदा पर बोधगया आंचल में ही एक्सटेंशन दिया जा रहा था परंतु जिला पदाधिकारी ने विभिन्न स्रोतों से बोधगया आंचल में कार्यो का सही ढंग से संपादन नहीं करने संबंधित शिकायत एवं एक ही अंचल में 5 साल से अधिक समय तक जमे रहना ठीक नहीं देखते हुए संविदा एक्सटेंशन पर रोक लगाते हुए सेवा समाप्त करने का निर्देश दिया है।जिला पदाधिकारी ने ऑनलाइन म्यूटेशन से संबंधित जानकारी लेने पर बताया गया कि बोधगया आंचल में 739 आवेदन म्यूटेशन से संबंधित लंबित है। जिला पदाधिकारी ने 15 दोनों का समय देते हुए निर्देश दिया है कि जितने भी आवेदन लंबित है उसे नियमानुसार जांच करते हुए पेंडेंसी को समाप्त करें। जिला पदाधिकारी ने अपर सम्हर्ता राजस्व को निर्देश दिया है कि डिजिटल रूम जहां सारे रिकॉर्ड रखे गए हैं उसे निरीक्षण करें एवं रखी अभिलेखों को रैंडमली जांच करें।

## कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली को अंतरराष्ट्रीय आवर्ड मिला

गया।कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली ने 2010 में इस संस्था गरीब हित कार्य शुरू किया था जो पुरे भारत वर्ष में फेल रही है और कुछ राज्यों में काम भी कर रही है।इस कार्य को देखते हुए सचिव विकास माली को अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड मिला है। जो बिहार झारखण्ड में गरीब असहाय और जरूरतमंद कन्याओं के भाई और पिता बनकर उनका पाणिग्रहण संस्कार कराने वाले बिहार झारखण्ड के लाल विकास माली को अपने इस पुनीत कार्य के लिए अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया गया है। माली को एक अग्रणी अखबार द्वारा अजरबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित एक समारोह में इस पुनीत कार्य के लिए शैलेन्द्र जेटली और विपिन खटवानी द्वारा मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया है। इस मोके पर सचिव ने कहा कि हमारी संस्था गरिब, असहाय,अनाथ लोगो के लिए बनी है।आज तक हजारों गरीब असहाय लड़कीयों की शादी मेने खुद कराई है, इसके अलावा भ्रूणहत्या,बाल विवाह,दहेज प्रथा से संबंधित कई जागरुकता कार्यक्रम चलाता आ रहा हूं जो बिहार झारखंड के अलावा अन्य प्रदेशों में भी चल रहा है, जैसे मुम्बई महानगर में भी हमारी संस्था गरिब असहाय के लिए काम कर रही है।इस अवसर पर संस्था के सम्मानित सदस्य आकाश दीप भारती, झारखण्ड के ट्री



मैन कौशल किशोर जायसवाल, पूनम जायसवाल, शंकर ज्योति नेत्रालय के समीक्षा और गौतम कुमार, आचार्य इंस्टिट्यूट के सरबिंदु पाल, आप वेंचर लिमिटेड के अंजलि सिंह और प्रशांत कुमार , अरराइज एस के संतोष कुमार सिंह, बाजार कोलकाता के शांतनु डोरी, चम्पारण कोल्ड स्टोरेज के रंजीता गुप्ता और राकेश कुमार गुप्ता, वियाली इंफ्राटेक के अजिताभ कुमार, दिल्ली पब्लिक स्कूल के बलजीत सिंह सलूजा, डिडवानिया जेवेल्लर्स के विकास चुरीवाल समेत कई गण्यमान लोग उपस्थित थे।

आगे बिहार झारखंड के लोगों को बताया कि अगामी दिसंबर माह में गढ़वा में अयोजित जिले में 251 कन्या के होने वाली सामूहिक विवाह में लोग शामिल होकर होने वाले फिजुल के खर्च को बचाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लोग अपने पुत्री या पुत्र का बाल विवाह न कराए। बाल विवाह करने के कारण ही आज गांव से लेकर शहर तक की महिलाएं पड़ताड़ना का दश झेल रही है। अगर बाल विवाह ना हो तो महिला प्रताड़ना से हमारी बहन बेटी बचेगी। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि कन्या विवाह और विकास सोसायटी समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़कर काम कर रहा है। अगर किसी भी गरीब असहाय की पुत्री के अभिभावक जो अपने पुत्री का विवाह करने में असमर्थ हैं। वह कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था के कार्यालय में पहुंचकर संपर्क कर सकते हैं। सोसाइटी उनकी पुत्री का विवाह में होने वाले खर्च को उठाकर उनका विवाह कराएगा। इसके साथ ही साथ विवाह के बाद मिलने वाले घरेलू उपकरण के उपयोगी सामग्री को भी विदाई स्वरूप देगा। लोगों को सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संस्था के सचिव का यह कार्यक्रम लोगों के हित के लिए है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### रोड के समीप किराना दुकान को लेकर दो भाइयों में हुई मारपीट



भागलपुर। जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के मिजार्पुर ब्लॉक रोड के समीप नाश्ता दुकान बंद करने को लेकर दो भाइयों में जमकर मारपीट हो गई। इस मारपीट की घटना में ब्लॉक रोड निवासी स्वर्गीय भूदेव चौधरी के 40 वर्षीय पुत्र बिजूल चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। उक्त घायल किसी तरह अपना जान बचाकर वहां से भाग कर थाना पहुंचा जहां से पुलिस ने उक्त घायल को इलाज के लिए सुल्तानगंज के रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसकी प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मायागंज रेफर कर दिया घटना के बाबत घायल ने बताया कि नाश्ता दुकान को बंद करने को लेकर मेरे ही भाई किशोर चौधरी और उसकी पत्नी दोनो मिलकर मुझे बुरी तरह मारकर जख्मी कर दिया। इस मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ने निधन पर शोक सभा का किया आयोजन

लालगंज। पूर्व मुखिया सह राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व लालगंज प्रखंड अध्यक्ष सररिया पंचायत के वर्तमान मुखिया एवं प्रखंड मुखिया संघ के उपाध्यक्ष उर्मिला राय के पति राकेश कुमार उर्फ लखिन्द्र प्रसाद यादव के आकस्मिक निधन पर लालगंज तिनपुल्वा चौक स्थित पेट्रोल पम्प पर सरपंच संघ द्वारा श्रद्धांजलि सभा का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष अनिल राय ने की। कार्यक्रम में राजद जिला उपाध्यक्ष, वीरेंद्र प्रसाद यादव, शिवनाथ चौधरी, कुंदन कुमार यादव, सुरेन्द्र कु यादव, नगीना राय, अभिनाश राय, रामदास राय, बिपिन सिंह, नितेश कुमार, दीपक कुमार, प्रेम कुमार श्रीवास्तव, शिवनाथ चौधरी समेत कई लोग शामिल हुए। जिसमें उपस्थित लोगो ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और दो मिनट का मौन रखकर मृतक के आत्मा के शांति की कामना की।

### अज्ञात वाहन के धक्के से बाइकसवार महिला की मौत

पानापुर(सारण) पानापुर डूमरसन मार्ग पर रसौली टाड़े टोला के समीप बुधवार की दोपहर अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक पर सवार एक महिला की मौत हो गयी। मृत महिला गोपालगंज जिले के सरेया साधु चौक निवासी रमाकांत प्रसाद चौरसिया की 45 वषीर्या पत्नी अनिता देवी बतायी जाती जो महम्मदपुर गांव स्थित अपने मायके से लौट रही थी। घटना के संबंध में बताया जाता है मृतका बुधवार की दोपहर करीब एक बजे अपने भाई जयप्रकाश भगत के साथ बाइक से ट्रेन पकड़ने के लिए राजापट्टी जा रही थी। इसी दौरान रसौली टाड़े टोला के समीप पीछे से जा रहे वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुँचे एवं घायल भाई बहन को इलाज के लिए सीएचसी पानापुर लाये जहां चिकित्सकों ने अनिता देवी को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस सीएचसी पहुँची एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजवाया।

### नई क्रिमिनल कानून के खिलाफ प्रतिवाद मार्च

हाजीपुर। नये क्रिमिनल कानून के खिलाफ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी वैशाली ने हाजीपुर के अक्षय वट राय स्टेडियम के कला मंच से एक प्रतिवाद मार्च निकालकर राजेंद्र चौक से विभिन्न सड़कों से होते हुए गांधी चौक पर पहुंचकर एक सभा में बदल गया। मार्च और सभा का नेतृत्व पार्टी के जिला कमेटी सदस्य एवं खेतिहर मजदूर यूनियन के जिला सचिव दीनबंधु प्रसाद, पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र पटेल, समर्थन में आये वैशाली जिला किसान महासभा के नेता राजदेव राय उर्फ राजू राय ने किया। वही पर एडवा जिला सचिव शीला देवी, सुषमा कुमारी, जनवादी नौजवान सभा के (जिला- सचिव) सुरंजन कुमार, छात्र नेता अमन यादव के अलाबे रितेश पासवान, विकास पासवान, आदि पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उक्त अफसर सभा को संबोधित करते हुए दीनबंधु प्रसाद ने कहा कि तीसरी बार सत्ता में पहुंचे मोदी के नेतृत्व में एनडीए, बीजेपी आर एस एस की सरकार आई पी सी, सी आर पीसी की धाराओं को समाप्त कर तुगलकी और मनुवादी संविधान का दूसरा रुप भारतीय न्याय संहिता 2023 जैसे तीन कानून को देशभर में थोपना शुरू कर दिया है। उनके प्रशासन और अंधभक्त नेताओं ने नये क्रिमिनल कोड और धाराओं को सही करने के लिए अभियान चला दी है। ऐसे में उक्त काले कानूनों के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष तेज कर देना होगा। यह बिदित हो की धारा 302 के जगह 103,392 के जगह 309,378 के जगह 303(1),307 के जगह 109,420 के जगह 318,506 के जगह 351,354 के जगह 376 के जगह 64, 304बी के जगह 80 जैसे तमाम धाराओं में परिवर्तन कर दिया है।

# एम्स पटना ने पुरस्कार वितरण समारोह के साथ विश्व पर्यावरण दिवस समारोह का किया समापन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना । एम्स पटना ने एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ अपने एक महीने तक चलने वाले विश्व पर्यावरण दिवस 2024 समारोह का सफलतापूर्वक समापन किया। इस कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक डॉ जी के पाल, प्रशासन के उप निदेशक, नीलोत्पल बल और चिकित्सा अधीक्षक डॉ त्रिभुवन कुमार, प्रोफेसर मुक्ता अग्रवाल, नर्सिंग अधीक्षक राम्या उपस्थित थे।

विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता, ह्वबेस्ट आउट ऑफ वेस्टह्व प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और एक निबंध प्रतियोगिता शामिल थी। इन आयोजनों का उद्देश्य पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उनसे निपटने के लिए सक्रिय उपायों को प्रोत्साहित करना था।

**वाद-विवाद प्रतियोगिताः** प्रथम पुरस्कारः डॉ. अपर्णा रामजन और डॉ. मैरी श्रेया रेड्डी, दूसरा पुरस्कारः सुशोवन पॉल और गंधर्बी मंडल, तृतीय पुरस्कारः रोशनी परवीन एवं प्रिया कुमारी

**अपशिष्ट से सर्वोत्तम प्रतियोगिताः** प्रथम पुरस्कारः भर्ती कक्ष, दूसरा पुरस्कारः सेंट्रल फामेर्सी, तीसरा पुरस्कारः आहार विज्ञान विभाग, चतुर्थ पुरस्कारः स्वच्छता विभाग, पांचवां पुरस्कारः नर्सिंग विभाग

**रंगोली प्रतियोगिताः** प्रथम पुरस्कारः साहिना खातून, रूपसा समे और रीमा बर्मन, द्वितीय पुरस्कारः प्रभाती गुप्ता, दीपशिखा खैर और प्रगति सिंह, तृतीय पुरस्कारः ओम वीणा और पूजा चौहान

**निबंध प्रतियोगिताः** प्रथम पुरस्कारः शुभांगी, द्वितीय पुरस्कारः ओंकार सिंह, तृतीय पुरस्कारः मनीष कुमार बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता स्थिरता के लिए अपने अभिनव दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध हुई। भाग लेने वाली सभी टीमों को उनकी रचनात्मकता और इस उद्देश्य में योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यकारी निदेशक ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम, भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण, और सूखा लचीलापन को दोहराया और सभी को अपने दैनिक जीवन में टिकाऊ प्रथाओं को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह और समर्पण को पहचानने के लिए भागीदारी के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। आयोजन को सफल बनाने वाले आयोजन समिति, प्रतिभागियों और समर्थकों के प्रयासों को स्वीकार करते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## कल्याण टोला पंचायत के बाढ़ विस्थापित 55 परिवारों को करनी पड़ रही है मैराथन दौड़

प्रात : किरण संवाददाता




बरियारपुर( मुंगेर)। थाना क्षेत्र के कल्याण टोला पंचायत के बाढ़ के कारण विस्थापित 55 परिवारों को अपने आशियाना के लिए प्रत्येक दिन अंचल कार्यालय का करना पर रहा है मैराथन दौड़ा। इन 55 विस्थापित परिवारों का आशियाना तो गंगा नदी के गर्भ में समाने के पश्चात 55 विस्थापित परिवार अपना आशियाना रेलवे के पटरीयों पर बनाकर बीस वर्षो तक गुजर वसर किया। रेलवे ने इन 55 विस्थापित परिवार का झुग्गी झोपड़ी बाय जबरन हटा दिया। इन 55 विस्थापितों के द्वारा धरना प्रदर्शन करने के बाद बिहार सरकार ने इन 55 विस्थापित परिवार को चिन्हीत करने की कवायद में तेजी आया। इन्हें चिन्हीत करने के बाद बिहार सरकार ने सरकारी जमीन को चयन किया ।चयन कर इन लोगो को रेलवे के भुखंड से अतिक्रमण हटाने के नाम पर रेलवे सुरक्षा बल व बिहार पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कवायद प्रारम्भ किया गया। जब की बिस्थापित परिवारों के बीच 2-1/4 भाग भूखंड प्रत्येक परिवारों के बीच वितरण कर उन्हें आशियाना निर्माण के लिऐ प्रत्येक परिवारों को इंदिरा आवास योजना के तहत राशी मुहैया कर सभी सुविधा बिहार सरकार को करनी थी। नही हो सकी इधर केन्द्र सरकार के द्वारा इंदिरा आवास योजना के नाम में परिवर्तन कर दिया गया है। जिसका नाम प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के रुप में रखा गया है। इधर बाढ बिस्थापित परिवारों का कोइ सुधी लेनेवाला नेता नहीं बन पाया। 55 विस्थापितों में से शेखर मंडल, मुन्नी देवी, सरोजनी देवी, सुनिता कुमारी, रेखा देवी, चंन्दा देवी, कजली देवी, सुखिया देवी, मुन्नी देवी पति राजो हसदा उर्मिला बेसरा, सरिता देवी ने बतायी की हम लोग कार्यालय के चक्कर लगाते लगाते कई जोड़ी चप्पल खिस गई । परन्तु कार्यालय के पदाधिकारी और कर्मचारीयों का हृदय में परिर्वतन नहीं आया। ग्रामीण थक हारकर बैठना ही बेहतर समझने लगा है।

# नगर पंचायत गठन के डेढ़ साल पूरा, पर नहीं हो पाया विकास का कोई कार्य

प्रात : किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर) ।नवगठित नगर पंचायत संग्रामपुर के गठन को लगभग डेढ़ साल होने को है परंतु विकास के कोई भी कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। पूर्व में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में खड़कपुर के कार्यपालक पदाधिकारी सूयार्नंद सिंह को संग्रामपुर नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

कुछ दिनों के बाद सूयार्नंद सिंह को संग्रामपुर के प्रभार से मुक्त करने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्रामपुर को नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में प्रभार दिया गया था। परंतु कुछ ही माह के बाद पुनः सूयार्नंद सिंह को प्रभार सौंपा गया। इसी बीच किसी कारण बस सूयार्नंद सिंह अवकाश पर चला गया और फिर नगर पंचायत संग्रामपुर का कार्यभार प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंप दिया गया। इस दौरान नगर पंचायत के विभागीय कार्य की प्रक्रिया को पूरा करने में 6 महीने तक कोई भी कार्य नहीं हो पाया। फिर लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लग जाने से लगभग 3 महीने फिर नगर पंचायत के विकास हेतु तैयार की गई रूपरेखा ठंडे बस्ते में रख दिया गया। आचार संहिता खत्म होने के बाद विभागीय पदाधिकारी एवं नवनिर्वाचित प्रतिनिधि हरकत में आए और अपने-अपने क्षेत्र के जनहित में होने वाले कार्य का लिस्ट प्रखंड विकास पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत संग्रामपुर अजेश कुमार को सौंपा गया। लेकिन पिछले दो दिन पहले प्रखंड विकास पदाधिकारी के स्थानांतरण बांका जिला के चांदन प्रखंड हो गया ।तो वही नये कार्यपालक की नियुक्ति भी हो गयी है परन्तु अब तक प्रभार नही लिया गया है नए कार्यपालक की नियुक्ति फिर शुरू से नई प्रक्रिया का शुरूआत नगर पंचायत संग्रामपुर के जनता और नवनिर्वाचित प्रतिनिधि में चर्चा का विषय बना हुआ है। नगर पंचायत संग्रामपुर के जनता कृष्णदेव साह, अनिल भारती, मनोज भगत, नरेश दास, पवन पासवान, विपिन बिहारी सिंह आदि ने कहा कि पहले ग्राम पंचायत से नगर पंचायत में तब्दील होने के बाद लगभग एक वर्ष ग्राम पंचायत से होने वाले विकास के कार्य को रोक दिया गया पुनः नगर पंचायत संग्रामपुर के गठन की प्रक्रिया फिर चुनाव के बाद अब डेढ़ साल बीतने को है लेकिन अब तक नगर पंचायत संग्रामपुर में विकास के नाम पर एक भी ईट नहीं लगा हैं। जो चिंता का विषय हैं। वहीं नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद सरोजनी देवी, राजेश केसरी कुमारी दीपिका आदि ने कहा कि जनता हमें नगर पंचायत में विकास के कार्य करने को लेकर चुना है बावजूद इसके हम अपने किए गए वादे पूरा नहीं कर पा रहे हैं अब तक चार बार हम सभी वार्ड पार्षद अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को मिलने वाले मूलभूत सुविधाएं जैसे हर गली पक्की, नाली निर्माण, लोगों को समुचित पेयजल की व्यवस्था आवास योजना जैसे सुविधाओं से जनता कोसों दूर हैं। नगर पंचायत का विकास सिर्फ साफ सफाई तक ही सीमित रह गया है। और पहली बारिश में नगर पंचायत में कही सड़क तलाब में तब्दील हो गया तो कही सड़क कीचड़ मय है ।रानी प्रभावती उच्य विधालय के समीप सड़क पर पानी जमाव से छात्र के साथ -साथ राहगीर को परेशानी होती है तो वही नगर पंचायत संग्रामपुर कार्यालय जाने वाली कीचड़ में हो गया है ।अब नगर पंचायत के नागरिकों को नये कार्यपालक से विकास की उम्मीद है।

## एनडीए की सरकार आरक्षण को धीरे-धीरे समाप्त करना चाहती है: गजेंद्र कुमार हिमांशु

मुंगेर (बिहार)। राजद के राज्य परिषद सद्स्य गजेंद्र कु हिमांशु उर्फ अरविन्द ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि केंद्र में एनडीए की सरकार दलित और पिछड़ों के आरक्षण को धीरे-धीरे समाप्त करना चाहती है। बिहार में नीतीश कुमार एवम् तेजस्वी यादव के गठजोड़ से चली 17 महीने की महागठबंधन सरकार ने अपने खर्चे से जातीय सर्वेक्षण कराकर रिजर्वेशन के दायरे को -" जिसकी जितनी भागीदारी उसकी इतनी हिस्सेदारी" के तहत आरक्षण की नई व्यवस्था लागू की थी। नीतीश कुमार के पलटी मार कर एनडीए के पाले में जाते ही इस पर ग्रहण लगना शुरू हो गया। बिहार की एनडीए सरकार का आरक्षण के मामले में मंशा साफ है तो वह हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने के बजाय सीधे केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर इसे संविधान की 9वीं अनुसूची में डलवाए।

## प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस शुक्ला सभागार में आयोजित किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर ।स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वाधान मे अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस शुक्ला सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के कार्यकर्ता पदाधिकारी गण उपस्थित थे। साथ ही वैशाली जिले के दर्जनों प्लास्टिक वॉरियर्स इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए जिन्हें संस्थान के सचिव सुधीर कुमार शुक्ला ने जुट का बैग देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के सचिव सुधीर कुमार शुक्ला एवं प्लास्टिक वॉरियर्स बिहार के ब्रांड एंबेसडर ऋतुराज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन सारीका शुक्ला ने किया। इस मौके पर सुधीर शुक्ला ने कहा कि अभियान लोगों से बहानेबाजी के पीछे छिपने की बजाय जिम्मेदारी लेने और एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल बंद करने का आह्वान करता है। साथ ही प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक बैगों के उपयोग को कम करने के लिए जागरूकता बढ़ाना है। इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम प्रोजेक्ट टाइड टर्नर प्लास्टिक चैलेंज बिहार के ब्रांड एंबेसडर ऋतुराज ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस एक वार्षिक उत्सव है जो पर्यावरण पर एकल-उपयोग प्लास्टिक बैग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करता है। यह दिन दुनिया भर में व्यक्तियों, समुदायों और व्यवसायों को प्लास्टिक की थैलियों पर निर्भरता कम करने और अधिक टिकाऊ समाधान खोजने के लिए एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है सभी ने सिंगल युज प्लास्टिक को अपने दैनिक जीवन से हटाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर कीर्ति फाउंडेशन के सचिव सारिका कुमारी बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य शोभा कुमारी स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के पदाधिकारी प्रदीप मिश्रा, संजीव कुमार, बिट्टू कुमार, संजय यादव, संध्या कुमारी , संजू कुमारी, बेबी कुमारी, मीनाक्षी सिंह , रूपा सिंह, कन्हाई कुमार झा समेत कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किया।

## नव नियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के लिए नियोजन पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर (बिहार)। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (निदेशालय भू-अभिलेख एवं परिमाप) के तत्वावधान एवं बंदोबस्त कार्यालय मुंगेर द्वारा बुधवार को संग्रहालय सभागार में नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के लिए नियोजन पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह, बंदोबस्त पदाधिकारी सुनील कुमार, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप निदेशक जन-सम्पर्क दिलीप कुमार देव सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर कुल 144 अभ्यर्थियों को विभिन्न पदों के लिए नियोजन पत्र वितरित किया गया। अभ्यर्थियों को नियोजन पत्र वितरित करने के पश्चात प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि यह अत्यंत ही गौरवपूर्ण क्षण है कि राज्य सरकार के प्रयास से आज राज्य भर में कुल 9888 अभ्यर्थियों को नियोजन पत्र का वितरण किया जा रहा है। प्रत्येक जिले में आयोजित इस कार्यक्रम में सैंकड़ों युवा आज नियोजन पत्र प्राप्त कर अपने नई जिंदगी की शुरूआत करेंगे। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामना देते हुए कहा कि राज्य सरकार भूमि सर्वेक्षण के कार्यो को शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए कर्मियों की कमी को दूर करने के उद्देश्य से इतने बड़े पैमाने पर बहाली करायी, जो अत्यंत ही सराहनीय है। राज्य भर में 9888 युवाओं को आज विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो, लिपिक एवं अमीन पद के लिए नियुक्ति पत्र दिया जाना हर्ष की बात है। इसी के अंतर्गत मुंगेर में आज कुल 144 अभ्यर्थियों, जिसमें 4 विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, 11 कानूनगो, आठ लिपिक तथा 121 अमीन को नियुक्ति पत्र दिया गया है।

उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से कहा कि राज्य में आज जमीन विवाद के ज्यादातर मामले देखने को मिल रहे थे, जिसके समाधान के लिए राज्य सरकार काफी चिंतित थी और इसे लेकर 2011 से ही माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कार्य योजना तैयार कर बहाली की प्रक्रिया का कार्य शुरू किया गया था। आज उसी का परिणाम है कि इतने बड़े पैमाने पर इस विभाग में अभ्यर्थियों की बहाली से निश्चित रूप से जमीन विवाद संबंधी मामलों का समाधान होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जुलाई 2025 तक जमीन संबंधी मामलों के निष्पादन, विशेष सर्वेक्षण आदि कार्यों का जो शत प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे आप सभी मिलकर पूर्ण करेंगे। इसके लिए आपको जो भी प्रशिक्षण दिया जाएगा उसका शत प्रतिशत लाभ उठाकर तथा इससे संबंधी पुस्तकों का अध्ययन कर सभी मामलों का निष्पादन करेंगे। किसी भी प्रकार की कोई अनियमितता या लापरवाही आपके नौकरी में व्यवधान उत्पन्न कर सकते हैं।

लंबी सेवा अवधी की आपकी नौकरी में आप आम जन का भरपूर सहयोग करें और जमीन विवाद से संबंधी मामलों के निष्पादन में अपनी भूमिका प्रदान करें। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि आज से आप राज्य सरकार के कर्मी के रूप में जाने जाएंगे। माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विशेष सर्वेक्षण तथा जमीन संबंधी अधिक से अधिक वादों के शत प्रतिशत निष्पादन का जो लक्ष्य रखा गया है, उसे आप सभी मिलकर शत प्रतिशत पूर्ण करेंगे।

## भाव्या एप्प पर डाटा अपलोड करने और अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा का निरीक्षण करने पहुंचे राज्यस्तरीय टीम

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] रविवार को राज्यस्तरीय एमएसटी रोडिक के प्रबंधक राजेश कुमार अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ रेफरल अस्पताल झाझा पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें भाव्या एप्प के बारे में भी जानकारी लिया। रोडिक प्रबंधक अस्पताल प्रबंधक नवनीत कुमार से एप्प का सही रूप से कार्य कर रहा है कि नही इसकी जानकारी ली। इस दौरान उन्होनें अस्पताल से जुड़ी अन्य कई तरह की जानकारी लिया और उसके बाद रोडिक प्रबंधक ने अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरूण कुमार के साथ बैठक कर क्षेत्र में चल रहे स्वास्थ्य से जुड़ी कार्यो की जानकारी ली। वही अस्पताल के डॉक्टरो द्वारा द्वारा भाव्या एप्प पर डाटा लोड करने की जानकारी ली जिसपर डॉ. सत्यजीत प्रियदर्शी का डाटा एप्प पर कम अपलोड किए जाने पर उन्हे कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का दिशा निर्देश दिया गया। रोडिक प्रबंधक ने कहा कि अगर कोई भी डॉक्टर डाटा को एप्प पर अपलोड नही करते है उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई कि जाएगी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि अस्पताल में अभी एप्प के तहत कई तरह के ऑनलाइन कार्य चल रहा है। कुछ चिकित्सक में कमी पाई गई है जिसका भौतिक निरीक्षण राज्यस्तरीय टीम द्वारा किया गया। कुछ दिनों में जो भी कमी है उसे पूरा किया जाएगा। मौके पर जमुई जिला कोडिनेटर रंजीत राय, लक्खीसराय जिला कोडिनेटर चंदन कुमार भी साथ में थे।

### टेंपो पलटने से दो जनों की मौत पांच घायल



सोनो जमुई। ढोंढरी पंचायत अंतर्गत पिपराबांक गांव से एक टेंपों पर सवार होकर कई व्यक्ति जमुई की ओर जा रहे थे तभी अचानक खेर नारायण पुल के समीप पहुंचते ही टेंपों वाहन पलट गया जिस कारण टेंपों पर सवार सोनो प्रखंड के ढोंढरी पंचायत अंतर्गत पिपराबांक गांव निवासी सुखदेव सिंह एवं उनकी चाची की मौत हो गई । जबकी पांच अन्य लोग घायल हो गए । सभी घायलों का इलाज चल रहा है ।जबकी मृत शव का दाह संस्कार पटोरी गांव में किया गया है । घटना की सुचना पाकर मौके पर अपने समर्थकों के साथ पहुंचे चकाई विधानसभा क्षेत्र के पुर्व विधायक प्रत्याशी सह लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव संजय कुमार मंडल ने दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने पीड़ित परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु भगवान से प्रार्थना की ।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाते हुए वसूले गए हजारों रुपए

प्रात : किरण संवाददाता



महुआ ।सरकार के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रूपेण प्रतिबंध लगाए जानें के बाद भी महुआ अनुमंडल मुख्यालय समेत प्रखंड क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग धडल्ले से जारी है। सरकार के द्वारा पकड़े जाने पर जुमार्ने की राशी अदा करने के नियम बनाए जानें के वाबजूद किसी भी दुकानदारों के द्वारा इस नियम का पालन नही किया जा रहा है। सरकार के द्वारा अक्सर प्रचार प्रसार किए जाने के बाद भी इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। इसी कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस के मौके पर नगर परिषद महुआ द्वारा महुआ बाजार के विभिन्न जगहों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाते हुए छापामारी अभियान चलाई गई। इस छापेमारी अभियान के दौरान महुआ नगर परिषद क्षेत्र के दुकानदारों के पास से 12 किलो प्लास्टिक एवं जुमार्ना की राशि के रुप में 35 सौ रुपए जुमार्ने के रूप में वसूल की गई। मिली जानकारी के अनुसार नगर कार्यपालक पदाधिकारी महुआ संजीव कुमार सुमन के आदेश पर नगर अवशिष्ट पदाधिकारी नेहा कुमारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर महुआ के नगर क्षेत्र में छापामारी चलाई गई। जिसमें म्युनिसिपल सिविल इंजीनियर रंजीत राज, नगर कर्मी अभय कुमार ,सफाई पर्यवेक्षक सुनील कुमार ,गुड्डू कुमार सूरज कुमार आदि भी अभियान में शामिल थे। नगर परिषद के पदाधिकारी के द्वारा अचानक किए गए छापेमारी अभियान को देखते हुए फुटपाथी दुकानदारों के साथ साथ स्थाई व्यवसाइयों में भी घंटो अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

### डॉ. सी वी रमण विश्वविद्यालय द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

हाजीपुर। भगवानपुर स्थित डॉ० सी० वी० रमण विश्वविद्यालय द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गयो यह केंपस ड्राइव विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम सत्र में अध्यनरत छात्रों के लिए आयोजित की गई थी इसमें भाग लेने वाली कंपनी हिप्रोटेक इंडिया टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड थी, जिसमें हिप्रोटेक इंडिया टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के तरफ से मानव संसाधन अधिकारी अभिषेक कुमार तथा विश्वविद्यालय की ओर से ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रो० संजीत कुमार मौजूद थें कुल 07 अभ्यर्थी इस आयोजन में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुए।

# निःशुल्क नेट-जेआरएफ एवं पीएचडी की आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक बढ़ी

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। प्रोफेसर बनने का सपना देख रहे अभ्यर्थियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। ऐसे अभ्यर्थी अब निःशुल्क नेट-जेआरएफ एवं पीएचडी की तैयारी कर सकेंगे और उन्हें पाठ्य सामग्रियां खरीदने के लिए तीन हजार रुपए भी मिलेगा। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र में नामांकन ले सकते हैं, जिसमें आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक बढ़ा दी गई है।

असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून तक निर्धारित थी, जिसे विद्यार्थियों के अनुरोध पर 15 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि केन्द्र में कुल 60 छात्र-छात्राओं का दो बैच (प्रशिक्षण अवधि 06 माह) संचालित कराया जाएगा। इसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रत्येक बैच के लिए कुल उपलब्ध सीटों (60) में से 40 प्रतिशत (24) पिछड़ा वर्ग तथा 60 प्रतिशत (36) अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए अनुमान्य होगा। अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं की अनुपलब्धता की स्थिति में पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं की अनुपलब्धता की स्थिति में अति पिछड़ा वर्ग के छात्र- छात्राओं का नामांकन किया जाएगा। दोनों कोटियों में छात्राओं के लिए 33 प्रतिशत छैतीज आरक्षण अनुमान्य है। उन्होंने बताया कि केंद्र में नामांकित विद्यार्थियों को 75 प्रतिशत उपस्थिति पूरी होने पर पाठ्य सामग्रियों की खरीदारी हेतु तीन हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि केंद्र में नामांकन के लिए विद्यार्थियों का चयन संबंधित परीक्षाओं के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप विषय के बहु-विकल्पीय लिखित परीक्षा या काउंसिलिंग के माध्यम से चयन किया जाएगा। विद्यार्थियों की आयु सीमा एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता संबंधित कोर्स के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम अर्हता के अनुरूप होनी चाहिए ।छात्र-छात्रा एवं उनके अभिभावक की कुल वार्षिक आय तीन लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### आवश्यकता

1. बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में प्राथमिक -सह- मध्य संस्कृत विद्यालय, महादेव स्थान, संजात, बेगूसराय में 04 सहायक शिक्षक एवं 01 आदेशपाल की आवश्यकता है। 01 सहायक शिक्षक, योग्यता-उपशास्त्री, कोटि- UR, 03 सहायक शिक्षक, योग्यता- मध्यमा/मैट्रिक, कोटि- UR, EBC & SC एवं 01 आदेशपाल, योग्यता-मध्यमा /मैट्रिक, कोटि-UR का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।
2. उम्र सीमा : आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए 18 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वही होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगा।
3. आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगें अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।
4. आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।
5. अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
6. सहायक शिक्षक एवं आदेशपाल पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।
7. नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया विहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की सेवा शर्त्त नियमावली-2015 के अनुरूप होगी।

सचिव
प्राथमिक-सह- मध्य संस्कृत विद्यालय, महादेव स्थान, संजात, बेगूसराय।

### आवश्यकता

1. बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में प्राथमिक सह-मध्य संस्कृत विद्यालय, सिकरहुला, कोरिया, बेगूसराय में 01 आदेशपाल की आवश्यकता है। 01 आदेशपाल, योग्यता-मध्यमा /मैट्रिक, कोटि-UR का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।
2. उम्र सीमाः आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों को न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए 18 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वही होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगा।
3. प्रधानाध्यापक पद हेतु पाँच वर्षों का अध्यापन अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
4. आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगें अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।
5. आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।
6. अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
7. प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक एवं आदेशपाल पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।
8. नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की सेवा शर्त नियमावली-2015 के अनुरूप होगी।

सचिव
प्राथमिक सह मध्य संस्कृत विद्यालय, सिकरहुला, कोरिया, बेगूसराय।



## 'टीम की आलोचना जायज है'

### रिजवान ने टी-20 वर्ल्ड कप से जल्दी बाहर होने के बाद टीम में खामियां स्वीकार की

**इस्मालाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम को टी20 विश्व कप अभियान में अपने निराशाजनक प्रदर्शन के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने अपनी खामियों को स्वीकार किया और कहा कि उनके निराशाजनक प्रदर्शन के लिए उनकी टीम की आलोचना उचित है। पाकिस्तान टी20 विश्व कप के पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाया। शुरुआती मैच में सह-मेजबान अमेरिका ने उसे हरा दिया, जबकि दूसरे मैच में बल्लेबाजी क्रम के ढहने के कारण उसे भारत से हार का सामना करना पड़ा। रिजवान ने कहा, टीम की आलोचना जायज है और हम इसके हकदार हैं, क्योंकि हमने उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया। जो खिलाड़ी आलोचना का सामना नहीं कर सकते, वे सफल नहीं हो पाएंगे। अपने पहले दो मैच हारने के बाद पाकिस्तान ने कनाडा और आयरलैंड के खिलाफ अपने बाकी मैच जीते। हालांकि अन्य ग्रुप मैचों के नतीजे उनके पक्ष में नहीं रहे, जिससे वे सुपर 8 के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। इसके बजाय, यूएसए और भारत ग्रुप से आगे बढ़ गए।

उन्होंने कहा, हम टी-20 विश्व कप में अपने प्रदर्शन से निराश हैं। हमारी हार के पीछे कई कारण हैं। जब कोई टीम हारती है, तो कोई यह नहीं कह सकता कि उसकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी अच्छी चल रही है। भारत से पाकिस्तान की मामूली हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने टीम में महत्वपूर्ण बदलावों की मांग की थी। उन्होंने कहा था, मैच जीतने के लिए उन्हें मामूली बदलाव की जरूरत है।

नकवी की बड़ी सर्जरी वाली टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, ऑपरेशन एक सामान्य बात है। जब कोई व्यक्ति बीमार होता है, तो ऑपरेशन जरूरी होता है। पीसीबी अध्यक्ष एक मेहनती व्यक्ति हैं। टीम में कौन रहेगा और कौन नहीं, इसका फैसला अध्यक्ष का अधिकार है।

## अधिक समय तक सोते रहे तास्किन

### भारत के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप मैच से बाहर होने की वजह आई सामने



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने उप-कप्तान तास्किन अहमद को टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ महत्वपूर्ण सुपर आठ मुकाबले से कथित तौर पर इसलिए हटा दिया गया क्योंकि वह अधिक समय तक सोते रहे और टीम की बस मे सवार होने के लिए नहीं पहुंचे थे। इस दावे का हालांकि इस तेज गेंदबाज ने खंडन करते हुए कहा कि टीम संयोजन के कारण वह बाहर हुए। 22 जून को एंटीगा के नॉर्थ साउंड में हुए मैच में बांग्लादेश को 50 रन से हार का सामना करना पड़ा था। टीम ने इस मैच में एक बदलाव करते हुए तास्किन की जगह जाकिर अली को खिलाया था।

ढाका स्थित समाचार पत्र के मुताबिक, 'मैं थोड़ा देर से पहुंचा था लेकिन मैं टॉस से पहले मैदान पर पहुंच गया था। उन्होंने कहा, 'मैं टॉस से लगभग 30 से 40 मिनट पहले मैदान पर पहुंचा। मैं टीम बस में सवार होने के लिए नहीं पहुंच पाया। बस सुबह आठ बजकर 35 मिनट पर होटल से चली गई। तास्किन ने कहा, 'मैं मैदान के लिए आठ बजकर 43 मिनट पर रवाना हुआ। मैं लगभग बस के साथ ही मैदान पहुंचा। ऐसा नहीं है कि उन्होंने मुझे इसलिए नहीं चुना क्योंकि मैं देर से पहुंचा था। मैं वैसे भी खेलने वाला नहीं था।

इंडिया जिमबाब्वे सीरीज

# हरारे में मिलेगी सपाट पिच ! हर मैच में भारतीय स्टार्स कूटेंगे रन



**नईदिल्ली(एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 के बाद टीम इंडिया जिमबाब्वे के दौरे पर है। मंगलवार को कोच वीवीएस लक्ष्मण की अध्यक्षता में टीम जिमबाब्वे के लिए रवाना हो गई। कप्तान शुभमन गिल न्यूयॉर्क से सीधा जिमबाब्वे पहुंचेंगे। जिमबाब्वे से 5 टी20 मैचों की सीरीज होनी है जिसका पहला मुकाबला 6 जुलाई को होना है। सभी मैच हरारे के मैदान पर होने हैं जहां कि खूब रन बनते हैं। बता दें कि हरारे स्पोर्ट्स क्लब में 44 टी20 इंटरनेशनल मैच हो चुके हैं। यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 25 मैच जीते, जबकि पीछा करने वाली टीम ने 19 मैच जीते हैं। हरारे में एक टीम का उच्चतम स्कोर 229 है। सबसे कम टीम स्कोर 90 है। आयोजन स्थल पर औसत स्कोर 165 है। ऐसे में टीम इंडिया के युवा प्लेयर यहां बड़े स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे।

### हरारे में भारत बनाम जिमबाब्वे

जून 2010 - भारत 6 विकेट से जीता
जून 2010 -भारत 7 विकेट से जीता
जुलाई 2015 - भारत 54 रन से जीता
जुलाई 2015 -जिमबाब्वे 10 रन से जीता
जून 2016 - जिमबाब्वे 2 रन से जीता
जून 2016 - भारत 10 विकेट से जीता
जून 2016 - भारत 3 रन से जीता

भारतीय टीम हरारे में 5 मुकाबले जीतने में सफल रही है। दोनों टीमों ने आखिरी बार 8 साल पहले हरारे के मैदन पर एक साथ खेला था। तब केदार यादव ने 58 रन की पारी खेलकर भारत को 138 रन तक पहुंचाया था। जवाब में जिमबाब्वे की टीम ने तीन रन से मुकाबला गंवाया था। भारत के लिए बरिंदर सरां और धवल कुलकर्णी ने 2-2 विकेट ली थीं।

### भारत बनाम जिम्बाब्वे शेड्यूल

पहला टी20 मैच - 6 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे
दूसरा टी20 मैच - 7 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे
तीसरा टी20 मैच - 10 जुलाई, हरारे, शाम 9:30 बजे
चौथा टी20 मैच -13 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे
5वां टी20 मैच - 14 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे

2024 में जिम्बाब्वे का भारत दौरा डीडी स्पोर्ट्स द्वारा भारत में लाइव और विशेष रूप से प्रसारित किया जाएगा। मोबाइल पर फैनकोड एप पर।

### जिम्बाब्वे टीम

सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जॉनाथन कैंपबेल, तेंडाई चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट कैया, क्लाइव मदांडे, वेस्ली मधेवेरे, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्रैंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजारबानी, डायोन मायर्स, अंतुम नकवी, रिचर्ड नगारवा, मिल्टन शुम्बा।

### भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार , तुषार देशपांडे।

## अगले साल एक मार्च को लाहौर में हो सकता है भारत-पाक मुकाबला

### बीसीसीआई से अब तक नहीं मिली मंज़ूरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले साल एक मार्च को लाहौर में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी टीम का अहम मैच तय किया है, लेकिन बीसीसीआई ने अभी तक अस्थायी कार्यक्रम पर अपनी सहमति नहीं दी है।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च तक खेला जाएगा, जिसमें 10 मार्च रिजर्व डे होगा। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद(आईसीसी) ने विंडो तलाशना शुरू कर दिया है। इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले साल एक मार्च को लाहौर में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी टीम का अहम मैच तय किया है। हालांकि, बीसीसीआई ने अभी तक अस्थाई कार्यक्रम पर अपनी सहमति नहीं दी है। आईसीसी बोर्ड के एक वरिष्ठ सदस्य ने बुधवार को पीटीआई को यह जानकारी दी।

### बीसीसीआई ने अब तक नहीं दी मंजूरी

1996 के बाद पहली बार पाकिस्तान किसी बड़े आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, हालांकि उसने 2008 में पूरे एशिया कप की मेजबानी की थी और पिछले साल भी इसी टूर्नामेंट के कुछ मैच अपनी सरजमीं पर कराए थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि करनी है कि वह राष्ट्रीय टीम को आईसीसी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं।

# टी20 विश्व चैंपियन भारतीय क्रिकेट टीम बारबडोस से स्वदेश रवाना

**ब्रिजटाउन (बारबडोस) (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम श्रेणी चार के तूफान के कारण तीन दिन यहां फंसे रहने के बाद अंततः बुधवार को ग्रांटली एडम्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से विशेष विमान के जरिए दिल्ली के लिए रवाना हो गई। एयर इंडिया के विशेष विमान एआईसी24डब्ल्यूसी (एयर इंडिया चैंपियंस 24 विश्व कप) ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग चार बजकर 50 मिनट पर उड़ान भरी और गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह लगभग छह बजकर 20 मिनट पर दिल्ली पहुंचेगा।



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने विमान के उड़ान भरने से पहले ट्रॉफी के साथ तस्वीर 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'घर आ रहा है'। विमान में भारतीय टीम, उसका सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और कुछ भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारी तथा भारतीय मीडिया के कुछ सदस्य सवार हैं। इस विशेष उड़ान का इंतजाम बीसीसीआई ने किया है।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने शनिवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर सात रन की रोमांचक जीत हासिल कर खिताब जीता। दो जुलाई को अमेरिका के न्यू जर्सी से उड़ान भरने वाला बोइंग 777 विमान स्थानीय समयानुसार रात लगभग दो बजे बारबडोस पहुंचा और यहां के हवाई अड्डा कर्मचारियों ने कहा कि उन्होंने ग्रांटली एडम्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे इससे बड़े विमान को उतरते हुए नहीं देखा। हवाई अड्डे पर मंगलवार से परिचालन फिर से शुरू हो गया।

इससे पहले भारतीय टीम को दो जुलाई को स्थानीय समयानुसार शाम छह बजे रवाना होना था और बुधवार को शाम सात बजकर 45 मिनट (भारतीय समयानुसार) पर पहुंचना था लेकिन विमान के यहां देर से पहुंचने के कारण रवानगी में विलंब हुआ। यहां पहुंचने के कुछ ही घंटों के भीतर खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित करेंगे। आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल के सूखे को खत्म करने वाली विजयी टीम के सम्मान में मुंबई में एक रोड शो आयोजित करने की भी योजना है। तूफान बेरिल अब जमैका की ओर बढ़ रहा है।

## अर्जेन्टीना की ओलंपिक फुटबॉल टीम का ऐलान, मेस्सी को नहीं मिली जगह

**ब्यूनस आयर्स (एजेंसी)।** लियोनेल मेस्सी इस महीने के अंत में पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक में अर्जेन्टीना की फुटबॉल टीम का हिस्सा



नहीं होंगे। कोच जेवियर माशेरानो ने मंगलवार को घोषित टीम में विश्व कप विजेता टीम के चार सदस्यों को जगह दी जिसमें स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी शामिल हैं।

इस साल चोटों से जूझ रहे 37 वर्षीय मेस्सी अभी कोपा अमेरिका में अर्जेन्टीना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का लक्ष्य 2021 में जीते गए महाद्वीपीय खिताब का बचाव करना है। अर्जेन्टीना ने 2021 में कोपा अमेरिका जीतने के बाद 2022 में विश्व कप भी जीता था। मेस्सी ने अपने एकमात्र ओलंपिक अभियान में 2008 में बीजिंग में टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की थी।

ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर-23 टीम के लिए होता है लेकिन प्रत्येक टीम में तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खिलाने की अनुमति दी जाती है। वर्ष 2004 और 2008 में खिलाड़ी के तौर पर ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले माशेरानो कोपा अमेरिका खत्म होने के बाद गोलकीपर गेरोनिमो रूली, ओटामेंडी और अल्वारेज को टीम में शामिल करेंगे। हाल ही में रिवर प्लेट से मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए मिडफील्डर क्लॉडियो एचेवेरी भी टीम में शामिल होंगे। अर्जेंटीना 24 जुलाई को मोरक्को के खिलाफ ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच से पूर्व फ्रांस में दो मैत्री मैच खेलेगा। अर्जेंटीना और मोरक्को के अलावा इराक और यूक्रेन को ग्रुप बी में जगह मिली है।

# पेरिस डाइमंड लीग मेरे प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी: नीरज चोपड़ा

**सारब्रकेन (जर्मनी) (एजेंसी)।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को स्पष्ट किया कि रविवार को होने वाली पेरिस डाइमंड लीग इस साल कभी उनके प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी। यह बयान उस मीडिया रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें कहा गया था कि चोपड़ा ने जांघ में मामूली चोट के कारण इस प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया है जो पिछले कुछ महीनों से उन्हें परेशान कर रही थी।



इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 'एक्स' पर कहा कि जब उन्होंने अपना नाम प्रतियोगिता के लिए भेजा ही नहीं तो नाम वापस लेने का सवाल ही नहीं उठता। तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा ने लिखा, 'सभी को नमस्ते। बस स्पष्ट करने के लिए- पेरिस डाइमंड लीग इस सत्र में मेरे प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी इसलिए मैंने इससे 'नाम वापस' नहीं लिया है। मैं ओलंपिक खेलों के लिए तैयार होने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। उन्होंने कहा, 'चीजों को समझने और समर्थन के लिए धन्यवाद, और प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं।

पिछले सप्ताह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने उन्हें राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेने से छूट दे दी थी जो सभी भारतीय एथलीटों के लिए अनिवार्य प्रतियोगिता थी। एएफआई ने कहा था कि घरेलू प्रतियोगिता और सात जुलाई को डाइमंड लीग के बीच कम समय होने के कारण उन्हें यह छूट दी गई।

एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा था, 'हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रत्येक एथलीट भारत में अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में भाग लेगा। लेकिन पेरिस डाइमंड लीग अंतर राज्यीय चैंपियनशिप से टकरा रही है और हमें लगता है कि ओलंपिक खेलों से पहले पेरिस डाइमंड लीग उसके (चोपड़ा) लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी इसलिए वह एकमात्र व्यक्ति है जिसे फेडरेशन कप में भाग लेने की विशेष अनुमति दी गई है।

चोपड़ा ने हालांकि पिछले महीने संकेत दिया था कि उनका कार्यक्रम उनके शरीर की स्थिति के अनुसार तय होगा। चोपड़ा ने कहा था, 'हमारे बीच चर्चा हुई कि मैं अंतर राज्यीय चैंपियनशिप (27 से 30 जून) में खेलूंगा और यह हरियाणा के पंचकुला में होगी लेकिन पेरिस ओलंपिक और इसके बीच काफी कम समय है।

उन्होंने कहा, 'मैं दोहा में खेल रहा था तो भारत के करीब है। इसके अलावा राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप और ओलंपिक के बीच पेरिस डाइमंड लीग (सात जुलाई) है। इसलिए हमने यहां (फेडरेशन कप) हिस्सा लेने का फैसला किया। चोपड़ा ने कहा, 'आगे के प्रतियोगिता कैलेंडर पर फैसला हालात और शरीर की स्थिति के अनुसार किया जाएगा। अन्यथा, मैं यहां से पेरिस (तुर्कु में प्रतिस्पर्धा के बाद) जाऊंगा।

विमलडन

# गत चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा उलटफेर का शिकार हुई, इस गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से मिली हार

**लंदन, एजेंसी।** महिला सिंगल्स वर्ग में पिछले साल की विजेता 25 वर्षीय वोंद्रोसोवा को वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम में गैर वरीयता प्राप्त जेसिका बोउजास मानेरिओ से एक घंटा सात मिनट तक चले मुकाबले में लगातार सेटों में 4-6, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। गत चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा का खिताब का बचाव का अभियान विंबलडन के पहले ही दौर में हार के साथ समाप्त हो गया। महिला सिंगल्स वर्ग में पिछले साल की विजेता 25 वर्षीय वोंद्रोसोवा को वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम में गैर वरीयता प्राप्त जेसिका बोउजास मानेरिओ से एक घंटा सात मिनट तक चले मुकाबले में लगातार सेटों में 4-6, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। महिलाओं के वर्ग में टूर्नामेंट में यह पहला बड़ा उलटफेर है।

जेसिका पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के मुख्य दौर में पहुंची थीं और उन्होंने गत चैंपियन खिलाड़ी को उलटफेर का शिकार बनाकर अपना प्रभाव छोड़ा। 1994 में स्टेफी ग्राफ के पहले दौर में बाहर होने के बाद यह पहली बार है जब विंबलडन की गत चैंपियन टीम का सफर शुरुआती दौर में ही समाप्त हुआ है। वोंद्रोसोवा पहले



ही राउंड में संघर्ष करती दिखीं और उन्होंने 28 बेजां भूलें की। हारने के बाद वोंद्रोसोवा काफी निराश दिखीं और मैच के बाद जेसिका से हाथ मिलाने के दौरान उनके चेहरे पर इस हार का दुख साफ झलक रहा था। दूसरी तरफ जेसिका अपनी इस उपलब्धि का जश्न मनाने से खुद को नहीं रोक सकीं और टेनिस कोर्ट पर ही उछल पड़ीं। वोंद्रोसोवा ने मैच में सात डबल फॉल्ट किए, वहीं जेसिका ने गत चैंपियन खिलाड़ी की पांच बार सर्विस तोड़ी और मुकाबले को एकतरफा बना दिया।

जेसिका ने मैच के बाद कहा, मैं बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह मेरे जीवन और करियर के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक है। मैं बस एक बेहतरीन महिला सिंगल्स खिलाड़ी के खिलाफ खेलने के दौरान उस पल का आनंद लेने के बारे में सोच रही थी। उन्होंने पिछले साल यहां खिताब जीता था। मैं सोच रही थी कि मुझ पर कोई दबाव नहीं है और मैं आनंद लेना चाहती हूं। मैं अपने प्रदर्शन से आश्चर्यचकित थी और शुरुआत में थोड़ी नर्वस भी थी, पहले गेम के बाद यहां का माहौल काफी अच्छा लगा और लग रहा था कि मैं घर में खेल रही हूं।

# रोनाल्डो ने अपने रिटायरमेंट को लेकर किया बड़ा ऐलान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बात अगर फुटबॉल की हो, और रोनाल्डो का नाम न आए ऐसा हो नहीं सकता। फुटबॉल के मैदान में अपना जादू बिखेरने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो किसी न किसी खबर से घिरे ही रहते हैं। लेकिन इस बार उनकी चर्चा होने की वजह उनका फुटबाल से संन्यास है। जी हां, पुर्तगाल के फुटबॉल जांबाज क्रिस्टियानो रोनाल्डो यूरो कप से सन्यास ले रहे हैं और उन्होंने इस बात का ऐलान कर दिया है। रोनालडो ने कहा है कि इस बार वो अपना आखिरी यूरो कप खेल रहे हैं और फिर इसके बाद वो यूरोपियन चैंपियनशिप में नहीं खेलेंगे। आपको बता दें कि 2024 का यूरो कप जर्मनी में खेला जाने वाला है। जिसमें रोनाल्डो की टीम (पुर्तगाल) ने स्लोवेनिया को हरा दिया है। ऐसे में अब टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी है और अब उनका मुकाबला फ्रांस की टीम के साथ होने वाला है।

## संक्षिप्त समाचार

### नारायणपुर आईईडी ब्लास्ट की जांच अब करेगी एसआईए

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में आईईडी ब्लास्ट केस की जांच अब प्रदेश के नवगठित स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) करेगी। एजेंसी 14 जून को हुए आईईडी ब्लास्ट की जांच करेगी। बतादें कि इस ब्लास्ट से आईटीबीपी के दो जवान घायल हुए थे। केस मिलने के बाद स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी द्वारा जल्द टीम गठित कर घटनास्थल पहुंचकर जांच करेगी। इस दौरान हादसे में घायल और हादसे के दिन मौके पर मौजूद जवानों से पूछताछ की जाएगी। नारायणपुर ब्लास्ट मामले में एनआईए अब तक जांच शुरू नहीं की है। मामले में गंभीरता से जांच के लिए एसआईए के अधिकारियों ने मामले में संज्ञान लेते हुए जांच करने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दी। इससे आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सके और साक्ष्य जुटाया जा सके। एडीजी विवेकानंद सिन्हा ने इस जांच की पुष्टि की है। अब इस मामले में एसआईए की टीम विस्तृत रिपोर्ट सौंपेगी। दरअसल, कुतुल और मोहंदी के बीच जंगलों में 14 जून को आईटीबीपी के जवान एरिया डोमिनेशन में निकले थे। इस दौरान नक्सलियों द्वारा प्लांट की गई आईईडी के चपेट में आने से आईटीबीपी के दो जवान एसी धर्मेंद्र और कांस्टेबल नारद कुमार घायल हो गए थे।

### टोंक में बेखौफ बजरी माफिया ने हेड कांस्टेबल की ली जान

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के टोंक में गश्त के दौरान एक अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर को पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो ट्रैक्टर चालक ने पुलिस वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में हेड कांस्टेबल खुशीराम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। टोंक डीएसपी राजेश विद्यार्थी ने कहा कि मंगलवार की शाम टोंक थाना कोतवाली क्षेत्र में देवली रोड स्थित सिंधी श्मशान क्षेत्र में कोतवाली थाना पुलिस की 112 नंबर की गश्ती जीप शहर के डिपो रोड पर गश्त कर रही थी। इस दौरान वहां से गुजर रहे बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को गश्ती दल ने रोकने का प्रयास किया। ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने रुकने की जगह पहले वाहन को टक्कर मार दी, उसके बाद उसने हेड कांस्टेबल खुशीराम बैरवा को भी कुचल दिया। इस हादसे में हेड कांस्टेबल गंभीर रुप से घायल हो गया था जिसे सआदत अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया, लेकिन अत्यधिक रक्त बहने से जयपुर में हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। टोंक जिले में बजरी माफिया हो या फिर पत्थर माफिया जिला मुख्यालय से लेकर पूरे जिले में इनका खौफ है। तेज रफ्तार दौड़ते ट्रैक्टर और डंपर अब तक न जाने कितनों को काल का ग्रास बना चुके हैं, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती. यही कारण है कि घटनाएं और हमले बढ़ रहे हैं। कुछ दिन पूर्व बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक मोपेड सवार महिला को टक्कर मार दी थी। बनास नदी क्षेत्र के आस-पास व हाइवे के आस-पास के गांवों में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से हादसे होते रहे हैं।

### खाटूश्याम मंदिर से दर्शन कर लौट रहे 3 भक्तजनों की गई जान

**जयपुर , एजेंसी।** राजधान में एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। हाईवे पर हुए सड़क हादसे में तीन भक्तजनों की मौत हो गई जबकि, 10 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को रेस्क्यू कर नजदीकि अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वार्ता की रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान के दौसा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से टेम्पो में सवार तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में 10 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मैजिक टेंपो में सवार सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश, यूपी के के हापुड़ और मुरादाबाद के निवासी थे। सड़क हादसे के वक्त सभी श्रद्धालु खाटूश्याम मंदिर के दर्शन कर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान मंगलवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर्राज धरण मंदिर के समीप आगे चल रहे केंटर ने अचानक ब्रेक लगा दिया। ऐसे में केंटर को बचाने के प्रयास में टेम्पो चालक ने उनका वाहन धीरे कर लिया, लेकिन तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने मैजिक टेंपो को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। सड़क हादसे के बाद, आगे और पीछे चल रहे दोनों गाड़ियां फरार हो गए। वहीं टेंपो में सवार महिला बच्चों सहित 15 लोग टेंपो में फंस गए। हादसे की सूचना पर सदर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

# एनसीआर के 2 शहरों को बड़ी राहत, गुरुग्राम-फरीदाबाद में अब पार्किंग के साथ बना सकेंगे 4 मंजिला भवन

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
एनसीआर में आने वाले फरीदाबाद और गुरुग्राम शहर के लोग फिर से स्टिल्ट पार्किंग सहित चार मंजिला (स्टिल्ट+4) भवन बना सकेंगे। हरियाणा सरकार ने एक साल बाद इस नीति पर लगाई रोक को कुछ शर्तों के साथ हटा दिया है। पुरानी कॉलोनियों में भी यह नीति लागू होगी।

हरियाणा के नगर एवं आयोजना और शहरी संपदा मंत्री जे.पी. दलाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मंगलवार को यह घोषणा की। सरकार के इस निर्णय से आम जनता को काफी फायदा होगा। जेपी दलाल ने कहा कि ऐसी कॉलोनियों और सेक्टरों में, जहां लेआउट प्लान प्रति प्लॉट तीन आवासीय इकाइयों के साथ मंजूर है, लेकिन केवल ऐसे आवासीय भूखंडों, जिनके पास 10 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़क है, उनमें भी कुछ शर्तों के साथ स्टिल्ट+4 मंजिल के निर्माण की अनुमति होगी।

उन्होंने बताया कि ऐसी कॉलोनियों में, जहां व्यक्ति अब एस+4 का निर्माण करना चाहता है, तो उस स्थिति में मालिक को पहले पड़ोसियों से सहमति प्राप्त करनी होगी। यदि पड़ोसी सहमति प्रदान नहीं करते हैं तो वह व्यक्ति साथ लगते मकान से सभी मंजिलों के लिए 1.8 मीटर की जगह (साइड सेटबैक) छोड़कर एस+4 का निर्माण कर सकता है। हालांकि सरकार ने यह प्रावधान किया है कि यदि पड़ोसी एस+4 के निर्माण के लिए अपनी सहमति नहीं देता है, तो वह स्वयं भी भविष्य में एस+4 का निर्माण करने के लिए अपात्र



होगा। 250 वर्ग मीटर क्षेत्र से कम के प्लॉटों पर नहीं दी जाएगी बेसमेंट की अनुमति ~ जेपी दलाल ने कहा कि किसी भी स्थिति में 10 मीटर चौड़ाई और 250 वर्ग मीटर क्षेत्र से कम के प्लॉटों पर बेसमेंट के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि प्लॉट पर पहले से 3 मंजिल व बेसमेंट बनाने की अनुमति है तथा अब स्टिल्ट+4 निर्माण की अनुमति ली गई है, तो बेसमेंट के निर्माण और कॉमन दीवार पर भार का डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि, ऐसे मामलों में आसपास के प्लॉट मालिकों की आपसी सहमति से बेसमेंट के निर्माण और कॉमन दीवार पर भार डालने की अनुमति होगी। इसके अलावा, यदि बिल्डिंग प्लान के अनुमोदन और निर्माण के लिए आवासीय प्लॉटों की पूरी पंक्ति को एक बार में बनाया जाता है, तो कॉमन दीवार के निर्माण की अनुमति दी जाएगी। पोर्टल किया जाएगा विकसित ~ सरकार ने उपरोक्त नीति का फायदा उठाने के लिए एक पोर्टल बनाने का भी फैसला किया है। जहां लोग अनुमति लेने के अलावा इससे संबंधित सूचना भी हासिल कर सकेंगे। मंत्री ने बताया कि स्टिल्ट क्षेत्र के कवर करने की पद्धति को समाप्त करने के लिए, भविष्य में बिल्डिंग प्लान को मंजूरी देते समय या कब्ज़ा प्रमाण पत्र प्रदान करते समय, शर्त लगाई जाएगी कि यदि स्टिल्ट क्षेत्र में पूर्णत या आंशिक रूप से कवर हुआ है तो बिल्डिंग प्लान की मंजूरी या कब्जा प्रमाण पत्र का अनुमोदन वापस लिया माना जाएगा। इसके अलावा लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए हर विभाग में एक ग्रीवेंस कमेटी का भी गठन किया जाएगा।

दरअसल, लोगों के विरोध के चलते हरियाणा सरकार ने पिछले साल 23 फरवरी को स्टिल्ट पार्किंग के साथ चार मंजिला भवन बनाने की अपनी नीति पर रोक लगा दी थी। साथ ही उपरोक्त नीति के तहत जो नक्शा पास कर दिए थे और जो आवेदन आये थे, उनको भी अगले आदेश तक के लिए रोक दिया गया था। सरकार के इस फैसले का काफी लोगों ने स्वागत किया तो कुछ लोगों ने विरोध भी किया। बहरहाल, सरकार ने अब इस मामले की समीक्षा के लिए कमेटी बना दी थी। पार्किंग के साथ चौथी मंजिल की अनुमति देने की एवज में 1178.95 करोड़ रुपये की राशि एकत्रित हुई है। इसमें नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के पास 689.8 करोड़, एचएसवीपी के पास 466.3 करोड़, एचएसआईआईडीसी के पास 2.62 करोड़ रुपये, शहरी निकाय विभाग के पास 20.23 करोड़ रुपये शामिल हैं।

# गाजियाबाद में पड़ोसी ने घर में घुसकर विधवा महिला से हैवानियत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी थानाक्षेत्र में सोमवार शाम से घर में छिपे पड़ोसी युवक ने देर रात एक विधवा महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। दुष्कर्म के बाद अत्यधिक रक्तस्राव (हेवी ब्लीडिंग) होने से पीड़िता की हालत बिगड़ने से वह बेहोश हो गई। पड़ोसियों ने एंबुलेंस की मदद से महिला को अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में केस दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। ट्रोनिका सिटी थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी में पीड़ित विधवा महिला अपने तीन बच्चों के साथ रहती है। महिला के मुताबिक, पड़ोस में रहने वाला अरुण उसे काफी समय से परेशान कर रहा था। सोमवार रात वह बिजली कटने पर घर के बाहर खड़ी होकर पड़ोसी महिलाओं से बात करने लगी, इसी दौरान अरुण अंधेरे का फायदा उठाकर उसके घर में आकर छिप गया। इसके बाद बिजली आने पर महिला और बच्चे खाना खाकर सो गए। महिला का आरोप है कि देर रात अरुण ने उसे दबोच लिया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

आरोपी ने महिला के साथ इस कदर हैवानियत दिखाई कि महिला के प्राइवेट पार्ट से अत्यधिक खून बहने से वह बेहोश हो गई। घटना को अंजाम देकर आरोपी उसे धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पड़ोसियों ने डायल-112 पर सूचना देकर पुलिस को बुलाया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य का कहना है कि महिला की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई नहीं की ~ आरोपी अरुण महिला को काफी समय से परेशान कर रहा था। इतना ही नहीं, अरुण पहले भी एक युवती से दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुका है और फिलहाल जमानत पर बाहर है। आरोपी की हरकतों से तंग आकर महिला सोमवार सुबह ट्रोनिका सिटी थाने में शिकायत लेकर पहुंची थी। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बजाय उसे यह कहकर टरका दिया कि आरोपी दोबारा घर आए तो पुलिस को फोन कर देना। महिला का कहना है कि सोमवार देर रात दुष्कर्म की घटना के बाद डायल-112 पर फोन करने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस कर्मियों ने आरोपी की तलाश करने के बजाय महिला से कहा कि उसे आरोपी को ईंट से मारना चाहिए था। यह कहकर पुलिसकर्मी वहां से चले गए। अधिक ब्लीडिंग से महिला के बेहोश होने के कारण पड़ोसियों ने दोबारा डायल-112 पर फोन किया तो पुलिस कर्मियों ने महिला को अस्पताल भिजवाया। महिला का कहना है कि उसके पड़ोस में रहने वाला अरुण कई महीने से उसके पीछे पड़ा था। वह उस पर फोन पर बात करने का दबाव डालता था। आरोपी से परेशान होकर उसने उसका नंबर तक ब्लॉक कर दिया था।

# संविधान के हत्यारों का नाश हो, राजस्थान विधानसभा में लगे नारे; हंगामा

**जयपुर , एजेंसी।**
राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत आज हंगामे से हुई। सदन की कार्रवाई शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की।सदन में माइक बंद करने की गूंज भी सुनाई दी। विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने माइक बंद करने का आरोप लगाया।विपक्ष की नारेबाजी- संविधान के हत्यारों का नाश हो, हंगामे के बीच कार्यवाही स्थगित कर दी गई। बजट सत्र बुधवार सुबह 11 बजे हंगामे के साथ शुरू हुआ और करीब 45 मिनट बाद सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इस दौरान विपक्षी दल के नेताओं ने सदन में जमकर नारेबाजी की और स्पीकर से प्लास्टिक मुक्त राजस्थान की जगह संविधान बचाने की शपथ दिलाने की मांग की।

16वीं विधानसभा के इस दूसरे सत्र में राज्यपाल का अभिभाषण न होने पर भी विपक्ष ने सवाल उठाए और इसे संविधान को चैलेंज करना करार दिया था। इस पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने जवाब देते हुए कहा कि दूसरे सत्र में राज्यपाल का अभिभाषण जरूरी नहीं है। यह जवाब सुनकर विपक्षी दलों ने फिर हंगामा शुरू कर दिया।

उल्लेखनीय है कि बीजेपी विधायक दल की बैठक में विधानसभा सत्र के दौरान केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और राज्य सरकार द्वारा आचार संहिता के बावजूद कम समय में किए गए जनहित के बड़े फैसलों और कार्यों का सदन में पुरजोर तरीके से उल्लेख करने पर सहमति बनी है। कांग्रेस गहलोत सरकार मे लिए गए फैसलों को रिव्यू करने वाले मसले पर सरकार को घेर सकती है। इस सत्र में कई विधेयक भी पारित होने की उम्मीद है, जिसमें राज्य में तृतीय श्रेणी शिक्षकों की भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने वाला विधेयक भी शामिल है।

विपक्ष ने इस साल का पहला सत्र होने पर राज्यपाल के अभिभाषण की मांग की। लेकिन सत्ता पक्ष ने दूसरा सत्र का हवाला देते हुए अभिभाषण करवाने से इनकार कर दिया। विपक्ष ने अनुच्छेद 176(1) के तहत राज्य पाल का अभिभाषण की मांग रखी। जिसमें लिखा है- प्रथम सत्र के आरम्भ में तथा प्रत्येक कलैण्डर वर्ष के प्रथम सत्र के आरम्भ में राज्यपाल महोदय विधानसभा को संबोधित करेंगे। राजस्थान विधानसभा के सदस्य रहे कोटा के सांसद ओम बिड़ला के लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर बनने पर विधानसभा में उन्हें बधाई दी गई। अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के मौके पर प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई गई। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्लास्टिक बैग जहां बन रहे हैं। वहां रोक लगा दी जाए तो उपयोग अपने आप बंद हो जाएगा।

# दिल्ली में हीटस्ट्रोक की वजह से हुई 28 मोर की मौत?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के पालम एयर बेस पर पिछले महीने 28 मोर की मौत होने से हड़कंप मच गया। हरकत में आए वन एवं वन्यजीव विभाग ने उनकी जांच की। जिसमें चार किसी भी तरह के वायरस संक्रमित नहीं मिले। माना जा रहा है कि हीटस्ट्रोक के कारण उनकी मौत हुई। विभाग का कहना है कि 28 जून को भारी बारिश की वजह से तापमान में कमी आने के बाद एयरबेस पर किसी मोर की मौत की सूचना नहीं मिली है।

एक वरिष्ठ वन अधिकारी ने कहा, हमने पिछले हफ्ते चार मृत मोर के शव दिल्ली चिड़ियाघर भेजे थे और चार मोर के नमूने बरेली में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) भेजे थे। रिपोर्ट आ गई है और वहां किए गए वायरोलॉजी टेस्ट में कोई वायरल बीमारी नहीं मिली है। हमें 28 जून के बाद एयरबेस पर किसी भी मोर की मौत की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि टीमें साइट की निगरानी करना जारी रखेंगी।

वन अधिकारी ने बताया कि हीटस्ट्रोक मौत का एकमात्र कारण नहीं है, पोस्टमार्टम में निमोनिया और हेपेटोसिस (लिवर का एक विकार) भी मिला है, जो दो मोर की मौत का कारण है। अधिकारी ने कहा, हमारा मानना ??है कि ज्यादातर मौतें हीटस्ट्रोक की वजह से हुई, क्योंकि दिल्ली में बारिश के बाद मौतें रुक गई हैं। हमने वहां भी एहतियाती कदम उठाए हैं। वन एवं वन्यजीव विभाग ने 25



जून को पालम एयरफोर्स स्टेशन का निरीक्षण किया तब वहां तीन मृत मोर मिले थे। विभाग ने रिपोर्ट जारी कर बताया कि 4 से 25 जून के बीच वहां 27 मोर की मौत हुई। एक दिन बाद एक और मोर मृत मिला। घटना की रिपोर्ट में बताया गया है कि 4 जून, 6 जून, 11 जून और 12 जून को एक-एक मौत की सूचना मिली थी। 13-15 जून के बीच दो-दो मौतें हुईं। 17 जून को एक, 18 जून को दो, 19 जून को चार और 20 जून को एक मौत की सूचना मिली। वहीं 22 जून को दो और 24 जून को चार मौतें हुईं। दिल्ली में मिड मई से लेकर अब तक तीन बार भीषण गर्मी का दौर रहा, जो जून के आखिर तक जारी रहा। लगातार चार दिनों तक चलने वाली गर्म हवाओं की पहली लहर 17 से 20 मई के बीच थी। दूसरी लहर 25 मई से 5 जून तक रही जिसमें 29 मई को अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तीसरी लहर 9 जून को शुरू हुई और 20 जून तक रही, जिसमें प्री-मॉनसून बारिश शुरू होने के साथ ही तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आई। 28 जून को दिल्ली में मॉनसून के दस्तक देने की घोषणा हुई।

# उइगरों ने चीन के नरसंहार को समाप्त करने के लिए की कार्रवाई की मांग

### व्हाइट हाउस से विदेश विभाग तक निकालेंगे रैली

**वाशिंगटन , एजेंसी।** पूर्वी तुर्किस्तान निर्वासित सरकार (ईटीजीई) ने पूर्वी तुर्किस्तान राष्ट्रीय आंदोलन और पूर्वी तुर्किस्तान राष्ट्रीय कोष के सहयोग से शुक्रवार को व्हाइट हाउस से वाशिंगटन डीसी स्थित विदेश विभाग तक मार्च निकालने की घोषणा की है।

मार्च का उद्देश्य 2009 के उरुमची नरसंहार की याद दिलाना और पूर्वी तुर्किस्तान (वर्तमान में चीन का झिंजियांग प्रांत) में चीन द्वारा चल रहे उपनिवेशीकरण अभियान, उइगर नरसंहार और कब्जे के खिलाफ सार्थक कार्रवाई का आह्वान करना है।

यह मार्च व्हाइट हाउस, 1600 पेन्सिल्वेनिया एवेन्यू एनडब्ल्यू, वाशिंगटन, डीसी से शुरू होगा और स्टेट डिपार्टमेंट, 2201 सी सेंट एनडब्ल्यू, वाशिंगटन, डीसी तक जाएगा। एक्स पर पोस्ट किया, मार्च का उद्देश्य पूर्वी तुर्किस्तान में उइगर आबादी और अन्य जातीय समूहों द्वारा सामना किए जा रहे उपनिवेशीकरण, नरसंहार और कब्जे के मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करना है।




उनकी मांगों का मुख्य बिंदु विदेश विभाग में पूर्वी तुर्किस्तान/उइगर मुद्दों के लिए एक विशेष समन्वयक की नियुक्ति है। यह आयोजन अमेरिकी सरकार से यह आह्वान है कि वह चीन द्वारा अधिकृत पूर्वी तुर्किस्तान में जारी नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों को रोकने और दंडित करने के लिए अपने नैतिक और कानूनी दायित्वों को बनाए रखे। आयोजक पूर्वी तुर्किस्तान को तिब्बत की तरह ही एक अधिकृत क्षेत्र के रूप में आधिकारिक मान्यता देने की वकालत कर रहे हैं। वे इस बात पर जोर दे रहे हैं कि पूर्वी तुर्किस्तान में चीन के कथित नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों को संबोधित करने में अमेरिका को अपनी नैतिक और कानूनी जिम्मेदारियों को पूरा करने की आवश्यकता है। सोमवार को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) की 103वीं वर्षगांठ पर, पार्टी को शिनजियांग, जिसे पूर्वी तुर्किस्तान के नाम से भी जाना जाता है, में कथित मानवाधिकार उल्लंघन के लिए मानवाधिकार संगठनों और जातीय समूहों से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा। स्वीडिश उइगर समिति ने सोशल मीडिया पर सीसीपी की भयावह विरासत को उजागर किया तथा पूर्वी तुर्किस्तान पर पार्टी के निर्मम आक्रमण, कब्जे और उपनिवेशीकरण की निंदा की।

### मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को जल्द भारत लाने की बंधी उम्मीद, अमेरिकी वकील का दावा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा को भारत लाने की उम्मीद बढ़ गई है। दरअसल अमेरिका के सहायक अटॉर्नी ब्रैम एल्डेन ने अमेरिका के अपीलीय न्यायालय को बताया है कि भारत-अमेरिका की प्रत्यर्पण संधि के प्रावधानों के तहत तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। तहव्वुर राणा पर साल 2008 में हुए मुंबई हमले में शामिल होने का आरोप है। तहव्वुर राणा ने कैलिफोर्निया की एक जिला अदालत में प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील की है। तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने के भारत सरकार के अनुरोध को अमेरिकी सरकार ने मंजूर कर लिया था, लेकिन इसके खिलाफ तहव्वुर राणा ने अमेरिका की जिला अदालत में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर दी, जिससे राणा का भारत प्रत्यर्पण अटक गया था। अब याचिका पर सुनवाई के दौरान अमेरिकी वकील एल्डेन ने कोर्ट को बताया कि राणा को संधि के प्रावधानों के तहत भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। भारत ने मुंबई हमले में उसकी भूमिका के लिए मुकदमा चलाने का संभावित कारण भी साबित किए हैं। वर्तमान में लॉस एंजिल्स की जेल में बंद तहव्वुर राणा पर मुंबई हमलों की साजिश रचने में शामिल होने का आरोप है। हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से तहव्वुर राणा का नाम जुड़ा है। राणा कई बार हेडली से मिला। हेडली ने अपने बयान में इसे स्वीकार भी किया था।

# चाबहार पोर्ट को लगेंगे पंख; ईरान में दौड़ेगी भारत की ट्रेन, मुंह ताकता रह जाएगा पाकिस्तान

**तेहरान , एजेंसी।** ईरान के चाबहार पोर्ट को अब पंख लगने जा रहे हैं। भारत और ईरान मिलकर चाबहार पोर्ट को जोड़ने वाले रेल प्रॉजेक्ट को तेजी से पूरा करने पर योजना बना रहे हैं। चाबहार पोर्ट से जाहेदान तक 700 किमी लंबी रेललाइन बनाई जाएगी। इससे सामानों का आना जाना आसान हो जाएगा। तेहरान~ ईरान के चाबहार पोर्ट को अब पंख लगने जा रहे हैं। भारत और ईरान चाबहार बंदरगाह से जहेदान शहर के बीच नए रेल मार्ग को तेजी से बनाने की योजना बना रहे हैं। इस रेलमार्ग से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ईरानी बंदरगाह चाबहार अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के लिए प्रवेश द्वार बन जाएगा।

इसमें रूस भी शामिल हैं जो अभी पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों से बचने के लिए इस मार्ग से भारत संग व्यापार करने लगा है। इस कॉरिडोर के बनने से अफगानिस्तान का भी अरब महासागर से सीधा संपर्क हो जाएगा और उसकी पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर से निर्भरता खत्म हो जाएगी।यह कॉरिडोर मध्य एशियाई और यूरेशियाई देशों को व्यापार का मुख्य रास्ता मुहैया कराएगा जो कैस्पियन सागर के पूर्वी तरफ स्थित हैं। भारत और ईरान के अधिकारियों ने



कहा कि नए रेल मार्ग को बनाने के लिए काम तेज किया जा रहा है । इससे भारत के लिए सामानों को भेजा जाना शुरू हो गया है। भारत ने चाबहार पोर्ट के विकास में करोड़ों डॉलर का निवेश किया है। भारत ने हाल ही में वहां पर क्रेन भी लगाई हैं ताकि कंटेनर को आसानी से उतारा और चढ़ाया जा सके।

चीन और पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट को टक्कर देने के लिए भारत चाबहार को आगे बढ़ा रहा है। इस मार्ग से भारत का सीधे अफगानिस्तान और रूस तक संपर्क हो गया है। भारत के बाद तालिबान सरकार ने भी ऐलान किया है कि वह चाबहार पोर्ट के पास निवेश करने जा रही है। इस रेलवे लाइन के बनने पर सामानों को तेजी से पहुंचाया जा सकेगा। माना जा रहा है कि यह पोर्ट कई मिलियन टन कार्गो को हैंडल करेगा। साल के पहले दो महीने में ही चाबहार पोर्ट से कई टन सामान का आवागमन हुआ है। इन अधिकारियों ने कहा कि रणनीतिक रूप से बेहद अहम भूराजनीतिक स्थान पर स्थित होने की वजह से चाबहार पोर्ट कॉरिडोर का प्रवेश द्वार बन सकता है। अभी यह ईरानी पोर्ट रोड के जरिए देश के बाकी हिस्सों से जुड़ा हुआ है।

### जयशंकर एससीओ सम्मेलन में शामिल होने के लिए पहुंचे कजाखस्तान

**अस्ताना , एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए मंगलवार को कजाखस्तान पहुंचे। दो दिवसीय बैठक से पहले उन्होंने अस्ताना में कजाखस्तान के अपने समकक्ष मूरत नुरतलु से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने मध्य एशिया के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उन्हें नुरतलु से मिलकर खुशी हुई और दोनों ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा, आज अस्ताना में कजाखस्तान के डीपीएम और विदेश मंत्री मूरत नुरतलू से मिलकर खुशी हुई। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन की व्यवस्थाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। विभिन्न क्षेत्रों में मध्य एशिया के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की। जयशंकर तीन और चार जुलाई को एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129